पायनियर
Established 1865
Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
RNI No. DELHIN/2012/48369 वर्ष-14 अंक-32 नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 दिसंबर 2025 पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये (नगर संस्करण)

### केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन में प्री-इंस्टॉलेशन का आदेश लिया वापस

# नए फोन में नहीं होगा संचार साथी ऐप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए सभी नए मोबाइल फोन में साइबर सुरक्षा ऐप संचार साथी को पहले से अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश को बुधवार को वापस ले लिया। यह कदम उन बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया है जिनमें कहा गया था कि इससे उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघन होने के साथ निगरानी का जोखिम हो सकता है। हालांकि, सरकार का संचार साथी ऐप के बारे में कहना है कि यह केवल चोरी हुए फोन का पता लगाने और ब्लॉक करने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने में मदद करता है।

**ऐप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा**

ऐप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार ने मोबाइल विनिमार्ताओं के लिए ऐप पहले से इंस्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है। यह कदम विपक्षी दलों और निजता का समर्थन करने वालों के विरोध के बाद उठाया गया है। उनका कहना था कि ऐप कॉल सुनने के साथ-साथ संदेश भी पढ़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि एप्पल और सैमसंग जैसे कुछ विनिमार्ताओं ने 28 नवंबर के आदेश पर अपनी आपत्ति जताई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और ऐप इंस्टॉल करने का आदेश इस प्रक्रिया को तेज करने और कम जागरूक नागरिकों तक ऐप को आसानी से पहुंचाने के लिए दिया गया था।

पिछले एक दिन में ही छह लाख नागरिकों ने ऐप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है, जो इसके उपयोग में 10 गुना वृद्धि है। दुनिया में, शायद ही किसी देश ने सभी स्मार्टफोन पर साइबर सुरक्षा ऐप को पहले से लगाने को अनिवार्य किया हो। एकमात्र अपवाद रूस है, जिसने अगस्त में आदेश दिया था कि सरकारी संदेश सेवा...मैक्स सभी फोन और टैबलेट पर अनिवार्य रूप से इंस्टॉल हो। आलोचक इसे एक संभावित निगरानी उपकरण मानते हैं।



### संचार साथी ऐप से जासूसी असंभव : सिंधिया




**नई दिल्ली।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 'संचार साथी' ऐप के माध्यम से न तो जासूसी (स्नूपिंग) संभव है और ना होगी। सिंधिया ने सभी नए मोबाइल उपकरणों में साइबर सुरक्षा के लिहाज से इस ऐप को प्रीलोड करने के सरकार के निर्देश पर उठे विवाद के बीच लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि संचार साथी 'ऐप के आधार पर न स्नूपिंग संभव है, न होगी।' सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की जनता के हाथ में अधिकार देना चाहती है ताकि वे खुद को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि जनता की प्रतिक्रिया पर मिली सफलता के आधार पर यह प्रयोग किया गया है और भविष्य में जनता के ही सुझावों के आधार पर सरकार इसमें परिवर्तन के लिए तैयार है। संचार मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का इस बारे में कोई "हठ" नहीं है।

**जनता की प्रतिक्रिया के आधार पर किया गया प्रयोग**

#### ऐप को बताया सुरक्षित और मददगार

सरकार ने ऐप का बचाव करते हुए कहा, यह सुरक्षित है और पूरी तरह से साइबर सुरक्षा के लिहाज से नागरिकों की मदद के लिए है। मंत्रालय ने कहा कि यह उपाय अब जरूरी नहीं है क्योंकि ऐप को अपने आप ही व्यापक रूप से उपयोगकताओं की स्वीकृति मिल रही है। इससे पहले, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संकेत दिया था कि सरकार 28 नवंबर के आदेश में बदलाव करने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐप के साथ जासूसी न तो संभव है और न ही होगी। उन्होंने लोकसभा में कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के ऐप से जुड़ी जासूसी संबंधी चिंताओं के बारे में पूछे गए पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा, संचार साथी ऐप से न जासूसी संभव है, न ही जासूसी होगी। सिंधिया ने मंगलवार को कहा था कि उपयोगकर्ता ऐप को हटा सकते हैं।

#### फ्रॉड से बचने के लिए किया गया था अनिवार्य

ऐप की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही थी इसलिए इसे अनिवार्य करने का फैसला लिया गया था ताकि कम जागरूक लोगों तक भी सुरक्षा आसानी से पहुंच सके। पिछले 1 दिन में ही 6 लाख लोगों ने इस ऐप डाउनलोड करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जो पहले के मुकाबले 10 गुना ज्यादा है। सरकार की तरफ से कहा गया कि अब तक 1.4 करोड़ यूजर्स इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं और रोज करीब 2000 फ्रॉड की घटनाओं की जानकारी मिल रही है। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता रणदीप सूरजेवाला ने कहा कि ऐप की कई विशेषताओं को लेकर आशंका है कि इससे हर यूजर्स की वास्तविक समय की लोकेशन, सर्च हिस्ट्री, वित्तीय लेनदेन और एसएमएस और व्हाट्सऐप के जरिए होने वाली बातचीत की निगरानी हो सकती है।

### पीएम मोदी ने बीजेपी सांसदों से लिया फीडबैक

# हर हाल में जीतना है बंगाल चुनाव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों से राज्य में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव जीतने की दिशा में काम करने को कहा। पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की, उनके साथ मालदा उत्तर से लोकसभा सदस्य खगेन मुर्मू भी थे, जिन पर अक्टूबर में भीड़ ने हमला किया था। मोदी ने मुर्मू का हालचाल पूछा और राज्य के भाजपा सदस्यों से कहा कि वे राज्य में लोकतंत्र बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार का मुकाबला करें।

**लोकतंत्र बचाने के लिए बंगाल सरकार का करें मुकाबला**

#### भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण और अथक प्रयासों की प्रशंसा की तथा जन संपर्क में उनकी भूमिका और जरूरत के समय राज्य के लोगों के साथ खड़े रहने पर प्रकाश डाला। बिस्टा ने पोस्ट में कहा, उन्होंने हमें नए जोश के साथ सकारात्मक कार्य जारी रखने और राज्य भर में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने की दिशा में और कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। बिहार में भाजपा-जद(यू) गठबंधन की भारी जीत के बाद, भाजपा अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों की तैयारी में जुट गई है।

# बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

**एजेंसी। बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया तथा इस घटना में तीन जवानों की भी मृत्यु हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे पश्चिम बस्तर डिवीजन इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए तथा तीन जवानों की भी मृत्यु हो गई एवं दो जवान घायल हो गये।

**एनकाउंटर के दौरान तीन जवान शहीद, गोला-बारूद बरामद**

बीजापुर/दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे पश्चिम बस्तर डिवीजन इलाके में आज सुबह नौ बजे जिला रिजर्व गार्ड दंतेवाड़ा/बीजापुर, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन को गश्त पर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगातार रुक-रुक कर गोलीबारी चलती रही तथा क्षेत्र में सुरक्षाबलों की निर्णायक एवं आक्रामक कार्रवाई जारी है।



#### अतिरिक्त बलों को किया गया रवाना

इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के तीन जवान प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, आरक्षक दुकारू गोंडे और जवान रमेश सोड़ी की भी मृत्यु हो गयी जबकि डीआरजी के दो अन्य जवान घायल हो गये। उन्होंने कहा कि घायल जवानों को प्राथमिक उपचार प्रदान कर दिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में लगातार खोज अभियान जारी है तथा अतिरिक्त बलों को रवाना किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के साथ इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 275 नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें से 246 बीजापुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में मारे गए। वहीं 27 नक्सली रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत गरियाबंद जिले में मारे गए। राज्य के दुर्ग क्षेत्र के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो नक्सली मारे गए ।

## योगी सरकार की घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू करते हुए राज्य के हर मंडल में निरुद्ध केंद्र बनाने के आदेश जारी कर दिये हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 शहरी शासी निकायों को अपने अधिकार क्षेत्र में रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की विस्तृत सूची बनाने के निर्देश दिये हैं। यह सूची आगे की जांच के लिए संबंधित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस आयुक्त को सौंपी जाएगी। कार्ययोजना के तहत पहले चरण में पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस आयुक्त को सत्यापन प्रक्रिया के दौरान चिह्नित किये गये लोगों को रखने के लिए खास निरुद्ध केंद्र बनाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य के हर मंडल में निरुद्ध केंद्र बनाने के निर्देश दिये। इसके बाद प्रशासनिक तंत्र ने त्वरित कार्रवाई शुरू की है।



**राज्य के हर मंडल में निरुद्ध केंद्र बनाने का आदेश**

### एमसीडी उपचुनाव : सभी 12 वार्डों के नतीजे घोषित

# 7 भाजपा, 3 आप और एक सीट कांग्रेस ने जीती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार हुए चुनावी मुकाबले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी और एमसीडी उपचुनाव की 12 में से केवल सात सीटें ही जीत पाई, जबकि पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी (आप) ने तीन वार्ड पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने संगम विहार ए वार्ड भाजपा (भाजपा) से छीन लिया। जिन 12 वार्डों में 30 नवंबर को उपचुनाव हुए थे, उनमें से किसी पर भी पहले कांग्रेस का कब्जा नहीं था।

**एक सीट निर्दलीय ने जीती, भाजपा को 2 सीटों का नुकसान**

स्थानीय नेता शोएब इकबाल के समर्थन वाली ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने चांदनी महल में जीत दर्ज कर अपना खाता खोला और आप उम्मीदवार को पराजित किया। राजधानी में फरवरी में सत्ता में आने के बाद भाजपा के लिए यह पहला बड़ा चुनावी मुकाबला था, इसलिए एमसीडी को भाजपा की अग्निपरीक्षा माना गया था। भाजपा के पास पहले 12 में से नौ वार्ड थे, लेकिन इनमें से तीन -मुंडका, नारायणा और दक्षिणपुरी- उसके हाथ से निकलकर आप के खाते में चले गए।



#### रेखा गुप्ता ने जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 30 नवंबर को हुए उपचुनावों में एमसीडी के 12 वार्ड में से सात पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्ड में हुए उपचुनाव के परिणाम बुधवार सुबह घोषित किए गए, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) ने तीन, कांग्रेस ने एक और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने एक सीट जीतीं। गुप्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा की जीत पार्टी कार्यकताओं की अथक मेहनत, समर्पण और संगठन की सामूहिक ताकत का मजबूत प्रमाण है।

### रूस और भारत के रक्षा मंत्रियों के बीच महत्वपूर्ण वार्ता आज

# एस-400 मिसाइल समेत रक्षा सौदे पर मुहर संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के बीच बृहस्पतिवार को होने वाली वार्ता में एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद, सुखोई 30 लड़ाकू विमानों के उन्नयन और रूस से अन्य महत्वपूर्ण सैन्य साजो सामान खरीदने में भारत की रुचि एजेंडे में रहेगी। शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने बताया कि समग्र ध्यान दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और विस्तारित करने पर होगा, जिसमें रूस से भारत को सैन्य साजो सामान की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**एस-500 मिसाइल प्रणाली खरीदने पर भी हो सकता है विचार**

बेलौसोव रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। राजनाथ सिंह और आंद्रे बेलोसोव के बीच यह वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन के बीच शिखर बैठक से एक दिन पहले होगी। बेलौसोव के साथ बैठक में, भारतीय पक्ष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सैन्य साजो सामान की आपूर्ति पर ज़ोर दिए जाने की संभावना है। सशस्त्र बलों की यह लंबे समय से शिकायत रही है कि रूस से महत्वपूर्ण पुर्जों और उपकरणों की आपूर्ति में लंबा समय लगता है, जिससे उस देश से खरीदी गई सैन्य प्रणालियों का रखरखाव प्रभावित होता है। ऐसा माना जा रहा है कि भारत रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणालियों की अतिरिक्त खेप खरीदने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ये हथियार बेहद कारगर साबित हुए थे। रक्षा वार्ता में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

अक्टूबर 2018 में, भारत ने रूस के साथ एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच इकाइयों को खरीदने के लिए पांच अरब अमरीकी डालर के समझौते पर हस्ताक्षर किए, जबकि अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अनुबंध पर आगे बढ़ने से 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के प्रावधानों के तहत अमेरिकी प्रतिबंध लग सकते हैं। तीन स्क्वाड्रन की आपूर्ति पहले ही हो चुकी है। एस-400 प्रणालियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत रूस से एस-500 मिसाइल प्रणाली खरीदने पर भी विचार कर सकता है। रूसी सत्ता प्रतिष्ठान 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि रूस द्वारा भारत को एसयू-57 लड़ाकू विमान की आपूर्ति की संभावना पर चर्चा हो सकती है।



#### भारत और यूरोपीय संघ में सहयोग पर मंथन

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारी हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित करने के तहत समुद्र के नीचे बिछाए गए केबलों की सुरक्षा पर विचार-विमर्श करेंगे। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ के बीच शिखर सम्मेलन का अगला संस्करण 27 जनवरी, 2026 को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाला है। इस शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण समुद्री अवसंरचना की सुरक्षा में संभावित सहयोग पर भी चर्चा होने की संभावना है। भारत, यूरोपीय संघ और हिंद महासागर के देशों के लगभग 70 वरिष्ठ सैन्यकर्मी और अधिकारी शुक्रवार को व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री केबलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण पनडुब्बी बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के तरीकों पर चर्चा करना है।

## बीएचयू में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच भिड़ंत

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में मंगलवार देर रात को विद्यार्थियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प हो गई जिसके बाद पुलिस ने दो नामजद तथा सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने यह जानकारी दी।



**जमकर हुआ पथराव, सैकड़ों अज्ञात पर मुकदमा दर्ज**

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बीएचयू में राजा राम छात्रावास के पास कथित रूप से एक वाहन ने एक छात्रा को टक्कर मार दी थी जिसके बाद विद्यार्थी जब इसकी शिकायत लेकर प्रॉक्टर कार्यालय पहुंचे तो किसी बात को लेकर उनकी वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों से बहस हो गयी। सूत्रों का कहना है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और विद्यार्थियों ने एलडी गेस्ट हाउस के पास पथराव शुरू कर दिया जिससे वहां रखे गमले और कुर्सियां तथा पास में खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

# एयरपोर्ट पर चेक-इन सिस्टम में गड़बड़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर चेक-इन प्रणालियों में समस्या आई, जिसके कारण कुछ उड़ानों में देरी हुयी। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हालांकि, वाराणसी हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए जारी एक संदेश में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज की सेवा बाधित होने की सूचना दी गयी थी, लेकिन टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने इस तरह की किसी भी समस्या से इनकार किया और इसे तथ्यात्मक रूप से गलत करार दिया। वाराणसी हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए जारी संदेश में कहा गया था, माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने वैश्विक स्तर पर सेवा बाधित होने की सूचना दी है। हवाई अड्डों पर आईटी सेवाएं-चेक-इन प्रणालियां प्रभावित हुई हैं। संदेश के अनुसार, विमानन कंपनियों ने मैन्युअल चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया लागू कर दी। इसमें कहा गया है कि कम से कम चार विमानन कंपनी इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा एयर और एअर इंडिया एक्सप्रेस प्रभावित हुई हैं।

**दिक्कत के चलते कई उड़ानों में हुई देरी**

दिल्ली की सफाई व्यवस्था सुधारने को सरकार ने बनाई योजना

# निगम को मिलेंगे 175 करोड़

- आशीष सूद ने क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ सफाई के कार्यों का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली के शहरी विकास और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को वार्ड 118, सागरपुर का दौरा कर क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ सफाई के कार्यों की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम को 175 करोड़ की वित्तीय सहायता दिए जाने की जानकारी दी।

निरीक्षण के साथ ही आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा में चाणक्य प्लेस पार्ट-1 में 25, 30 एवं 40 फीट सड़कों पर आरसीसी नाले के निर्माण कार्य का उद्घाटन, जे एवं के ब्लॉक और राम दत्त एन्क्लेव में सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत भी की। सागरपुर वार्ड 118 के निवासियों ने आशीष सूद को बताया कि यहां के नालों, सड़को और ग्रीन बेल्ट को लोगों ने कूड़े का घर बताया। यहां पर सड़को पर गाय के रहने से दिन-रात दुर्घटना होती रहती हैं और यातायात भी बाधित होता है।



आशीष सूद ने संबंधित जिला अधिकारी को आदेश दिए कि वह नाले की सफाई, जगह के उचित उपयोग और ग्रीन एरिया के सुधार के लिए डीडीए, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी बाढ़ नियंत्रण विभाग के साथ मिलकर एक विस्तृत कार्य योजना बना कर उनके कार्यालय में शीघ्र प्रस्तुत करें। इसके साथ ही उन्होंने एमसीडी के अधिकारियों को गायों की समस्या से मुक्ति दिलाने के भी ठोस उपाय करने के आदेश दिया। शिक्षा मंत्री ने बताया की वार्ड 118 में नाला रोड पर कूड़ा प्रबंधन, साफ सफाई और सड़क पर पशुओं की जो समस्या है उसका क्षेत्रीय विधायक प्रद्युम्न के साथ निरीक्षण कर इसे अगले 15 दिनों में समाधान करने के कड़े निर्देश दे दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आज चाणक्य प्लेस पार्ट-1, पार्ट-2 और सीतापुरी में 25 फुट, 30 फुट और 40 फुट रोड पर पानी निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आरसीसी नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। पंखा रोड से जुड़ने वाला यह नाला लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को खत्म करेगा। आने वाले दिनों में जनकपुरी की हर सड़क पर ऐसे कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अगले 6 माह में यहां की वाटर लॉगिंग की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर देगी। सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार, नगर निगम के साथ मिलकर राजधानी को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि दिल्ली की जनता को हर विधानसभा क्षेत्र में साफ-सुथरी सड़कें और व्यवस्थित गलियां मिल सकें।

शिक्षा मंत्री ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि 27 वर्षों में पिछली सरकारों की गैर-जिम्मेदार नीतियों के कारण दिल्ली में कई समस्याएं थी जिनका समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि सभी को मिलकर इन समस्याओं के समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर आशीष सूद के साथ द्वारका के विधायक प्रधुम्न राजपूत, इंफोर्समेंट टीम मौके और भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# मोटोरिका ने भारत में मरीजों के लिए पहली बार अंग स्थापित कर विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



सहायक प्रौद्योगिकी और मेडिकल साइबरनेटिक्स के क्षेत्र में अग्रणी मेडटेक कंपनी मोटोरिका ने वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे के अवसर पर नई दिल्ली स्थित नॉर्थ रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में दो बच्चों को आर्टिफिशियल हाथ इंस्टॉल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर चिकित्सकों, विशेषज्ञों और उद्योग से जुड़े वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भारत में चाइल्ड आर्टिफिशियल अंगों को बेहतर तकनीक के माध्यम से आसान बनाने की दिशा में हो रहे बदलावों पर विचार-विमर्श किया।

मोटोरिका ने इस कार्यक्रम के दौरान हाल ही में शुरू किए गए डिजिटल प्रॉस्थेटिक्स प्रोग्राम का प्रदर्शन किया गया जिसके तहत पारंपरिक प्लास्टर मोल्ड तकनीक के बजाय फोटोग्रामेट्री का उपयोग किया जाता है, जिसमें साधारण स्मार्टफोन से ली गई छवियों के आधार पर शेष अंग का बेहद सटीक 3D मॉडल तैयार किया जाता है। इस नई तकनीक से डेटा ट्रांसफर सरल होता है, लॉजिस्टिक चुनौतियाँ कम होती हैं और आर्टिफिशियल हाथ निर्माण प्रक्रिया तेज एवं आसान बनती है। इससे दूर-दराज क्षेत्रों के बच्चों तक भी आर्टिफिशियल अंगों की पहुँच सुनिश्चित की जा सकेगी।

## अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग छात्रों को मिलेगा लाभ : ममता

**फरीदाबाद।** जिला कल्याण अधिकारी ममता शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा द्वारा अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग और विमुक्त जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए गए हैं।

## आवारा पशुओं की समस्या पर निगम ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**गुरुग्राम।** शहर में आवारा पशुओं, विशेष रूप से स्ट्रे कैटल, स्ट्रे डॉग्स और बंदरों की बढ़ती गतिविधियों और इससे उत्पन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम गुरुग्राम ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष एनिमल हेल्पलाइन नंबर-9821395178 जारी किया है। इस नंबर पर नागरिक किसी भी प्रकार की पशु-संबंधित समस्या की तत्काल सूचना दे सकते हैं। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (एसबीएम) डा. प्रीतपाल सिंह के अनुसार, शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में आवारा पशुओं की आवाजाही के कारण यातायात बाधित होने, दुर्घटनाओं की आशंका बढने, कूड़ा फैलने और नागरिकों में असुरक्षा की भावना जैसी समस्याएं सामने आती रहती हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निगम ने एक समर्पित नियंत्रण एवं प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित की है।

# 40वां इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स सम्मेलन शुरू

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स के 40वें राष्ट्रीय सम्मेलन एवं संगोष्ठी की शुरूआत हुई। आईओटी एवं सेंसर एम्बेडेड आईओटीः स्मार्ट कनेक्टिविटी को गति प्रदान करनाइ थीम पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आईईआई फरीदाबाद सेंटर द्वारा विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आईईआई के उपाध्यक्ष प्रो. गिरीश श्रीकिसन मुंदड़ा ने की, जबकि मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार रहे। उन्होंने आईईआई को एआई, आईओटी, साइबर सिक्योरिटी, 5जी-6जी, रोबोटिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी उभरती तकनीकों में माइक्रो-क्रेडेंशियल कोर्स विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि स्वयं प्लस पोर्टल पर उपलब्ध ऐसे सभी कोर्स जे.सी. बोस विश्वविद्यालय तुरंत अपनाएगा और कोर्स विकास में फैकल्टी का पूरा सहयोग देगा।

विशिष्ट अतिथि प्रो. अशुतोष कुमार सिंह, निदेशक आईआईआईटी भोपाल ने प्रो. एस.के. मित्रा स्मृति व्याख्यान में शोध गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत आईटी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन उच्च स्तरीय शोध प्रकाशनों में अभी भी पीछे है। उन्होंने शोधार्थियों को वास्तविक समस्याओं पर आधारित समाधान-उन्मुख शोध करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में डॉ. रोजर कुमार और ई. एन. किशोर ने आईओटी के व्यावहारिक उपयोगों पर अपने विचार रखे। समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रो. (डॉ.) तारा सिंह कमल, ई. एल.के.एम. आधी और डॉ. रोजर कुमार को तथा यंग इंजीनियर्स अवार्ड सुश्री स्वाति कुमारी को प्रदान किया गया। दिनभर तकनीकी सत्र, पोस्टर प्रस्तुति और छात्र प्रोजेक्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई। समापन 4 दिसंबर को होगा।

# मेट्रो स्टेशन पर ऑटो, ई-रिक्शा लेन में खड़े करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन पर ऑटो एवं ई-रिक्शा को लेन में लगाने को लेकर बुधवार को यातायात पुलिस ने चालकों के साथ बैठक की। सभी ऑटो चालकों को लेन में ऑटो खड़े करने को लेकर सीख दी गई।

बता दें कि कुछ समय पहले भी यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को व्यवस्थित रूप से लाइन में खड़े होने तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से ले जाने संबंधी निर्देश दिए गए थे। बुधवार को फिर से इसी विषय पर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा फिर से सभी ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि अपने ऑटो के लिए और अपनी ई-रिक्शा के लिए अलग-अलग लाइन लगाएं, ताकि स्टेशन के आसपास पैदल चलने वाले नागरिकों, मेट्रो यात्रियों एवं आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस सभी चालकों से अपील करती है कि वे निर्धारित व्यवस्था का पालन करें और यातायात को सुचारू रखने में प्रशासन का सहयोग दें।

# अरावली में लगे मोबाइल टावरों पर वन विभाग की सख्ती

**फरीदाबाद।** अरावली क्षेत्र को अतिक्रमण और अवैध निर्माणों से मुक्त कराने की दिशा में वन विभाग अब मोबाइल टावर कंपनियों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाने लगा है। बुधवार को वन विभाग ने पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए) का हवाला देते हुए 12 मोबाइल टावर कंपनियों–जिनमें वोडाफोन, एयरटेल और जियो शामिल हैं–को नोटिस जारी करते हुए 10 दिनों के भीतर टावर हटाने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा में टावर नहीं हटाए गए तो इन्हें जबरन हटाया जाएगा। अरावली में अवैध निर्माणों को हटाने की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू की गई थी। मई और जून में वन विभाग ने नगर निगम के सहयोग से 261.06 एकड़ भूमि पर फैले 241 अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया था।

## एमसीडी के नतीजों को आआपा के लिए सकारात्मक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों के उपचुनाव के घोषित नतीजों को अपनी पार्टी के लिए सकारात्मक बताया। उन्होंने आआपा पर भरोसा जताने के लिए जनता का आभार जताया। केजरीवाल ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि एमसीडी उपचुनाव में इस बार आआपा ने अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा और दिल्ली की जनता ने अपने जनादेश से ये साफ कर दिया है कि जनसमर्थन लगातार आआपा की तरफ मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 महीनों में ही जनता का विश्वास एक बार फिर तेजी से आआपा की ओर लौट रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली बहुत जल्द वापस सकारात्मक राजनीति और अच्छे कामों की तरफ लौट रही है।

**Name Change**

I, Rajat Kumar S/o Gulab Singh R/o D-499, Dabua Colony, Faridabad, have changed my name to Rajat Goshisht.

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client Krishna Devi W/o Late Gokal Chand Bansal R/o 1798, Janta Flat, G.T.B. Enclave, Delhi-110093 has severed all relations with her son Dinesh Bansal aged 46 years and daughter-in-law Anju Bansal aged 43 years due to continuous misbehaviour and misconduct of Anju Bansal towards my client. My client has disowned both of them from all her immovable and movable properties, including any rights, interests, claims, titles or benefits therein. The general public is hereby cautioned not to deal with them in respect of any movable or immovable property belonging to my client. My client shall not be responsible for their any past and future acts, deeds, financial & legal liability whatsoever with immediate effect.

Sd/- Rajesh Aggarwal (Enrol No.D/5046/16)

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that Plot No.23, measuring 299.87 Sq. Mtr., situated in Block-B, Pocket-3, at Sector-17, Dwarka, New Delhi, is under lawful and exclusive ownership of Shri Rajan Kumar, son of Shri S. N. Singh, Resident Of B-1/43 F/F F/S Dwarka Mor Metro, Sewak Park, New Delhi-110059. Through this Notice, the general public is hereby informed that if any person, individual, institution, or authority has any claim, objection, lien, mortgage, or encumbrance whatsoever on the above-mentioned property, they must notify the undersigned in writing, along with supporting documents, within 15 (fifteen) days from the date of this publication, at the address and/or mobile number mentioned below.

If no claim is received within the stipulated period, it shall be presumed that no one has any claim/objection over the said property, and the said Shri Rajan Kumar shall be free to sell, gift or otherwise transfer the said property in any manner he likes.

Kapil Gupta (Advocate), R/a-156, Sidhartha Enclave, New Delhi-110014

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को श्री मुकुन्द कुमार सिंह की ओर यह सूचना दी जाती है। कि श्री मुकुन्द कुमार सिंह, ने गली संख्या 2, साकेत ब्लॉक मंडावली, गांव मंडावली फजलपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित बिना छत अधिकार के प्रथम तल पर सामने की तरफ का फ्लैट, खसरा संख्या 1362/686 में से क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, संपत्ति संख्या 12/12 के पर निर्मित संपत्ति को श्रीमती अमिता सिन्हा से खरीद रहे हैं। जो जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, बिक्री अनुबंध और वसीयत दिनांक 16.03.2013 के माध्यम से मालिक बना था, जिसे श्रीमती सीमा देवी ने निष्पादित किया था। और इसे आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, नोएडा द्वारा वित्तपोषित और बंधक रखा जाएगा। इसलिए, बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक करने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 15 दिनों के भीतर, अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। सुप्रीम लीगल एलएलपी बी-93बी, द्वितीय तल, एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301, संपर्क #0120-4269379

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को विपिन कुमार और गीता देवी की ओर यह सूचना दी जाती है। कि वे ग्राम हसनपुर, कॉलोनी आर-ब्लॉक एक्सटेंशन, विकास नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित खसरा संख्या 10/24 में से क्षेत्रफल 40.66 वर्ग गज (12.2' X 30') (यानी 33.99 वर्ग मीटर), संपत्ति संख्या 54 के मालिक हैं, बिक्री विलेख दिनांक 31.10.2025, दस्तावेज संख्या 2025/25/I/30524, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 16300, पेज 171-190, दिनांक 31.10.2025 (SRO-II दिल्ली) अब, विपिन कुमार और गीता देवी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए बंधक रखना चाहते हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक करने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 15 दिनों के भीतर, अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। सुप्रीम लीगल एलएलपी एन-161, भूतल, सावित्री टावर, गौतम नगर, यूसुफ सराय कम्युनिटी सेंटर के पास, दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

**प्रपत्र संख्या INC-26**

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में बदलने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने हेतु विज्ञापन

केंद्र सरकार के समक्ष

उत्तरी क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6) (a) के मामले में

और

आरपीसी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के मामले में, जिसका पंजीकृत कार्यालय 19ए, स्काईलार्क अपार्टमेंट्स साइट-II, गाजीपुर, दिल्ली-110096 में है

याचिकाकर्ता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करके विशेष शर्तों के अनुसार कंपनी के एसोसिएशन के ज्ञापन में परिवर्तन की पुष्टि की मांग करती है। 28/11/2025 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में परिवर्तित कर सकती है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हितों की प्रकृति और विरोध के आधारों को बताते हुए एक हलफनामे के साथ अपनी आपत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र को, आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर एक प्रति के साथ, वितरित कर सकता है या वितरित करवा सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है।

आवेदक की ओर से
आरपीसी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/-
ममता सिंह
निदेशक
दिनांक: 28 नवंबर, 2025
स्थान: दिल्ली
19ए, स्काईलार्क अपार्टमेंट्स साइट-II, गाजीपुर, दिल्ली-110096

**AXIS BANK**

खुदरा परिसंपत्ति केंद्र: एक्सिस बैंक लिमिटेड गीगाप्लेक्स, एनपीसी-1, तीसरी मंजिल एमआईडीसी, ऐरोली नॉलेज पार्क मुगलसन रोड ऐरोली नवी मुंबई-400708 और: एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस हाउस, टॉवर टी-2, दूसरी मंजिल, I-14, सेक्टर-128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (यूपी)-201301, कॉर्पोरेट कार्यालय: 'एक्सिस हाउस', ब्लॉक-बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025, पंजीकृत कार्यालय: त्रिशूल, तीसरी मंजिल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

**सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत कब्जा सूचना**

जबकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नोटिस में उल्लिखित राशियों को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है। उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में असफल रहा है, विशेष रूप से संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित दिनांक को कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/ बंधककर्ता और आम जनता को संबंधित संपत्तियों से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्तियों से कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशियों के लिए एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को मुक्त करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम: 1. मैसर्स संजय मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, इसके निदेशकों के माध्यम से – बी-51, सेक्टर-16, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश, 2. श्री अजय बंसल पुत्र श्री राम अवतार बंसल निवासी ए-17, खेतान पब्लिक स्कूल के पास, सेक्टर-40, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश 3. श्रीमती सपना बंसल पत्नी श्री अजय बंसल निवासी ए-47, खेतान पब्लिक स्कूल के पास, सेक्टर-40, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश अन्य स्थान- श्रीमती सपना बंसल पत्नी श्री अजय बंसल निवासी ए-47, खेतान पब्लिक स्कूल के पास, सेक्टर-40, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश

संपत्ति का विवरण: सभी टुकड़े और पार्सल जोकि दुकान संख्या बी-51, ब्लॉक बी, सेक्टर-16 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका स्वामित्व मैसर्स संजय मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। इसके निदेशक के माध्यम से पंजीकृत लीज डीड संख्या 3885 दिनांक 16-अक्टूबर-2001 और कब्जा पत्र संख्या 3486 दिनांक 16-अक्टूबर-2001 के अनुसार है। सीमाएँ – उत्तर- विलेख के अनुसार, दक्षिण- विलेख के अनुसार, पूर्व- विलेख के अनुसार, पश्चिम – विलेख के अनुसार

| मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | मांग सूचना में राशि |
| --- | --- | --- |
| 12.09.2025 | 01.12.2025 | रु. 1,27,43,128.99 (रु. एक करोड़ सत्ताईस लाख तैंतालीस हजार एक सौ अट्ठाईस और पैसे निन्यानवे मात्र) |

उपर्युक्त उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं)/बंधककर्ता(ओं) को राशि चुकाने के लिए 30 दिनों का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा बंधक संपत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति पर बेचा जाएगा।

तिथि : 04.12.2025,
स्थान : नोएडा

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी,
एक्सिस बैंक लिमिटेड

**Piramal Finance**

पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल)

पंजीकृत कार्यालय पता: यूनिट नं. 601, 6वीं मंजिल पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070

सीआईएन: L65910MH1984PLC032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com

**मांग सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन के तहत पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) (पूर्व में पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) का प्राधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी कर आह्वान किया है निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता") को जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दिया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर पीएफएल को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। नीचे दी गई तारीखों से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय, उक्त मांग नोटिस में बताए गए अतिरिक्त ब्याज के साथ, नीचे दर्शाई गई राशियाँ, यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा पीएफएल को गिरवी रखा गया है।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम / ऋण कोड | मांग सूचना की तिथि और राशि साथ में एन पी ए की तिथि | सुरक्षित सम्पत्ति का पता (अचल सम्पत्ति) |
| --- | --- | --- |
| (दिल्ली शाखा शाखा का एलसी सं. BLSA00003750) राज कुमार (उधारकर्ता) रजनी (सह उधारकर्ता 1) | 14-11-2025/रु. 21,15,567.29/- (रु. इक्कीस लाख पंद्रह हजार पांच सौ सड़सठ और पैसे उनतीस मात्र) एनपीए (03-11-2025) | संपत्ति सं. मकान सं. बी-37ए, क्षेत्रफल 87 वर्ग गज खसरा सं. 16 में से वेलकम सिटी विलेज सादुल्लाबाद परगना और तहसील लोनी खसरा सं. 16 लोनी गाजियाबाद, ग्रीन आइकॉन कॉन्वेंट स्कूल के पास, गाजियाबाद – उत्तर प्रदेश-201102 |
| (दिल्ली शाखा शाखा का एलसी सं. XPLLN00000059F1) राज कुमार (उधारकर्ता) रजनी (सह उधारकर्ता 1) | 14-11-2025/रु. 1,29,512/- (रु. एक लाख उनतीस हजार पांच सौ बारह मात्र) एनपीए (03-11-2025) | संपत्ति सं. मकान सं. बी-37ए, क्षेत्रफल 87 वर्ग गज खसरा सं. 16 में से वेलकम सिटी विलेज सादुल्लाबाद परगना और तहसील लोनी खसरा सं. 16 लोनी गाजियाबाद, ग्रीन आइकॉन कॉन्वेंट स्कूल के पास, गाजियाबाद – उत्तर प्रदेश-201102 |
| (एलसी नं. एचएलएलएस00009162सी दिल्ली – शाहदरा शाखा) धर्मवीर (उधारकर्ता) रानी देवी (सह उधारकर्ता 1) | 14-11-2025/रु. 32,79,568/- (रु. बत्तीस लाख उनासी हजार पांच सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (03-11-2025) | फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट का क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, अर्थात 83.61 वर्ग गज खसरा सं. 365 मिन में से, गाँव- सादुल्लाबाद, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। "इसके बाद उक्त संपत्ति के रूप में संदर्भित किया जाएगा |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी सं. एचएलएलएस000[illegible]) गोविंद दास (उधारकर्ता) शोभा देवी (सह उधारकर्ता 1) | 14-11-2025/रु. 36,70,043/- (रु. छत्तीस लाख सत्तर हजार तैंतालीस मात्र) एनपीए (03-11-2025) | फ्रीहोल्ड आवासीय प्राइवेट सं. एस-02 दूसरी मंजिल पर छत/टैरेस के अधिकार के बिना आरएचएस भाग क्षेत्रफल 75 वर्ग गज यानी 62.7 वर्ग मी. संपत्ति सं. ए-22 (पुराना प्लॉट सं. 40) के हिस्से पर निर्मित खसरा सं. 425 और 426 में से गली सं. 3, गुरु नानक पुरा, लक्ष्मी नगर गांव मंडावली फजलपुर इलाका शाहदरा, नई दिल्ली – 110092 |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एलसी सं. एम0166667) सौरभ गुप्ता (उधारकर्ता) कविता (सह उधारकर्ता 1) हेमराज गुप्ता (सह उधारकर्ता 2) सागर गुप्ता (सह उधारकर्ता 3) अनीश गुप्ता (सह उधारकर्ता 4) | 19-11-2025/रु. 22,44,792/- (रु. बाईस लाख चौवालीस हजार सात सौ बानवे मात्र) एनपीए (03/11/2025) | निर्मित तीसरी मंजिल बिना छत/टैरेस के अधिकार के संपत्ति नगरपालिका सं. 4889/पुराना 4158/नया क्षेत्र 125 वर्ग गज वार्ड सं. XII, आर्यपुरा सब्जी मंडी, दिल्ली 110007 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी सं. बीएलएलएस00058एबीएस) मनीष कुमार (उधारकर्ता) दुर्गेश (सह उधारकर्ता 1) | 19-11-2025/रु. 67,11,350/- (रु. सड़सठ लाख ग्यारह हजार तीन सौ पचास मात्र) एनपीए (03/10/2025) | फ्रीहोल्ड आवासीय निर्मित संपत्ति सं. 49-ए, भूमि क्षेत्रफल 96 वर्ग गज अर्थात 80.3 वर्ग मी., खसरा सं. 17/1 में से, गांव- नंगली सकरावती के एरिया में, आनंद विहार, नंगली सकरावती, नजफगढ़, नई दिल्ली-110043 नाम की कॉलोनी में (इसके बाद इसे "उक्त सम्पत्ति" कहा जाएगा) |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एल.सी. सं. 2490000162) रोबिन कुमार (उधारकर्ता) राहुल कुमार (सह उधारकर्ता 1) | 19-11-2025/रु. 25,32,678/- (रु. पच्चीस लाख बत्तीस हजार छह सौ अठहत्तर मात्र) एनपीए (08/09/2025) | यूनिट सं. 705, कारपेट एरिया 1080 वर्ग फीट, 7वीं फ्लोर, वीनस टावर, द एलिसन कोर्ट, प्लॉट सं. जीएच/1 सेक्टर सी3 ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद – 201010, उत्तर प्रदेश |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एल.सी. सं. 2490000474) मनोज जैन (उधारकर्ता) कैलाश चंद जैन (सह उधारकर्ता 1) | 19-11-2025/रु. 27,12,574/- (रु. सत्ताईस लाख बारह हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (09/02/2023) | फ्लैट सं. एम-1121, 11वीं फ्लोर, बिल्डिंग सं. मर्करी, जिसका एरिया 1500 वर्ग फीट "द एलिसन कोर्ट", प्लॉट सं. जीएच-सी-3/1, सेक्टर सी-3, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद-201102, उत्तर प्रदेश |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एल.सी. सं. 2490000475) मनोज जैन (उधारकर्ता) कैलाश चंद जैन (सह उधारकर्ता 1) | 19-11-202/रु. 25,89,993/- (रु. पच्चीस लाख नवासी हजार नौ सौ तिरानबे मात्र) एनपीए (09/02/2023) | फ्लैट सं. एम-1121, 11वीं मंजिल, बिल्डिंग सं. मर्करी, जिसका एरिया 1500 वर्ग फीट "द एलिसन कोर्ट", प्लॉट सं. जीएच-सी-3/1, सेक्टर सी-3, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद-201102, उत्तर प्रदेश |

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार पीएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो पीएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, लागतों और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर होगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को पीएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक: 04.12.2025,
स्थान: दिल्ली

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल फाइनेंस लिमिटेड

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Mohita Surya W/o Saurav Kumar Garg R/o V-708 Amrapali Silicon City, Sector-76, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, Pin Code-201301, have changed my name to Mohita Garg for all future purposes.

PD(36152)C

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Rajni Yadav
Additional District and Sessions Judge, Rohtak

Bharto Devi Wd/o Raj Singh
Vs.
Partap Singh S/o Amar Singh

CNR No. HRRH01-000537-2023
Next Date:- 12-01-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
Def 2 Lr I Saroj Widow Shri Krishan
Def 2 Lr II Rajeev Kumar Son of Shri Krishan
Def 2 Lr III Pawan Kumar son of Shri Krishan
Def 2 Lr IV Manju Bala D/o Shir Krishan and W/o Jitender
All Residents of Vpo Nilothi Teh Bahadurgarh Distt Jhajjar
Def 4 Rishipal S/o Amar Singh
A 104, Ratan Park Veena Enclave Nangloi Delhi-110041
Def 10 Hoshiari Devi D/o Amar Singh and W/o Rajbir Singh R/o Khera Khurd Delhi- 110082

In above titled case, the defendant (s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 12-01-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Rohtak

Dated, this day of 26-11-2025

Additional District and Sessions Judge Rohtak

SEAL

TOYOTA

**सार्वजनिक सूचना**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड ('टीकेएम'), अपने सभी सम्मानित ग्राहकों और अन्य संबंधित लोगों को सूचित करता है कि मैसर्स क्रिस्टल व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड, जिसका रजिस्टर्ड ऑफिस बी 43, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, नई दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली, इंडिया, 110095 में है और जो "क्रिस्टल टोयोटा नाम से टोयोटा डीलरशिप चला रही है, वह 04 दिसंबर 2025 से नीचे दिए गए पतों से टोयोटा गाड़ियों की बिक्री, मार्केटिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और सर्विस के लिए ऑथराइज्ड डीलर नहीं रहेगी और नीचे बताई गई जगहों पर टोयोटा गाडियों की बिक्री, मार्केटिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और सर्विस के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगी।

सेल्स: पीडी-24, मेट्रो पिलर नंबर 52, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली, 110095.
सर्विस और स्पेयर्स: बी-43, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली 110095.

कृपया ध्यान दें कि ऊपर बताई गई सेल्स फैसिलिटी, जो पीडी-24, मेट्रो पिलर नंबर 52, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली – 110095 पर है, अब से मेसर्स मलिक ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 04 दिसंबर 2025 से 'मलिक टोयोटा' नाम से चलाई जाएगी। बी-43, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली 110095 पर सर्विस और स्पेयर्स फैसिलिटी 04 दिसंबर 2025 से हमेशा के लिए बंद हो जाएगी।

टोयोटा गाड़ियां खरीदने या सर्विस कराने के इच्छुक ग्राहक नीचे दी गई टीकेएम के अधिकृत डीलरों द्वारा दिल्ली एनसीआर में संचालित दूसरी सुविधाओं से भी संपर्क कर सकते हैं।

सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स:

एस्पिरिट टोयोटा: ग्रेटर नोएडा, नोएडा – सेक्टर 8, गैलेक्सी टोयोटा: मोतीनगरय उत्तम टोयोटा: गाजियाबाद, नोएडा – सेक्टर 63.

सेल्स:

एस्पिरिट टोयोटा: मथुरा रोडय गैलेक्सी टोयोटा: छतरपुर, लाजपत नगर, शालीमार बाग, IJM टोयोटा: गुड़गांव – सेक्टर 47, एमजीएफ टोयोटा: गुड़गांव – गोल्फ कोर्स रोड, गुड़गांव – डळड रोड, गुड़गांव – सेक्टर 50, राजा गार्डन, सत्यम टोयोटा: पीतमपुरा, उत्तम टोयोटा: पटपड़गंज.

सर्विस और स्पेयर्स:

एस्पिरिट टोयोटा: मथुरा रोड, गैलेक्सी टोयोटा: आजादपुर, मोतीनगर, ओखला, IJM टोयोटा: गुड़गांव – खांडसा रोड, एमजीएफ टोयोटा: गुड़गांव – सेक्टर 14, गुड़गांव – सेक्टर 18, गुड़गांव – दौलताबाद, पीरागढ़ी, सत्यम टोयोटा: बादली इंडस्ट्रियल एरिया, थर्टी सिक्स टोयोटा: मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया

ऊपर बताए गए डीलरशिप ग्रुप्स द्वारा चलाई जाने वाली सभी सुविधाओं का पता पाने के लिए कृपया www.toyotabharat.com देखें।

टोयोटा इंडिया हेल्पलाइन नंबर: 1800-309-0001, 080 4505 9000

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 दिसंबर 2025



# दिल्ली ब्लास्ट: आरोपी जासिर बिलाल की एनआईए हिरासत 7 दिन और बढ़ी

■ जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में काजीगुंड का निवासी वानी आत्मघाती बम हमलावर उमर का कथित तौर पर करीबी सहयोगी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट के मामले में आरोपी जासिर बिलाल वानी की एनआईए हिरासत बुधवार को सात दिन के लिये बढ़ा दी।

प्रधान सत्र एवं जिला न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने 27 नवंबर को जासिर को सात दिन के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में काजीगुंड का निवासी वानी आत्मघाती बम हमलावर उमर का कथित तौर पर करीबी सहयोगी है। उसे दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए घातक कार विस्फोट से पहले ड्रोन में छेड़छाड़ करके रॉकेट बनाने की कोशिश के लिए तकनीकी मदद मुहैया कराने के आरोप में 17 नवंबर को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया था।

लाल किले के पास हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। एनआईए इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## समिति के गठन संबंधी याचिका पर विचार से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने लाल किले के पास विस्फोट मामले में मुकदमे के सभी चरण के लिए अदालत की निगरानी में समिति गठित करने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि मामले में मुकदमा अभी शुरू नहीं हुआ है और याचिका में उठाया गया मुद्दा केवल आशंका पर आधारित है और यह नहीं माना जा सकता कि मुकदमे में देरी होगी। याचिकाकर्ता डॉ. पंकज पुष्कर ने मामले की दैनिक सुनवाई और जांच एजेंसी को अदालत द्वारा नियुक्त निगरानी समिति के समक्ष मासिक वस्तु स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, यह एक अच्छा लेख है, याचिका नहीं। आपको याचिका और शोध पत्र में अंतर समझना होगा। हम यहां आपके विचारों और सुझावों को सुनने के लिए नहीं बैठे हैं। पीठ ने कहा, हम यहां याचिका पर विचार करने के लिए बैठे हैं, जिसमें आप अपने किसी भी मौलिक अधिकार या संवैधानिक प्रावधान या किसी अन्य कानूनी रूप से लागू अधिकारों के उल्लंघन का जिक्र कर सकते हैं। कुछ दलीलों के बाद, याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति देने का आग्रह किया।

## सात आरोपियों की जमानत पर आज होगा फैसला

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडिया गेट पर विरोध-प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर गुरुवार तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह प्रदर्शन 23 नवंबर को इंडिया गेट के पास दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ किया गया था। जिसमें भगत सिंह छात्र एकता मंच और हिमखंड संगठन से जुड़े छात्र शामिल थे। प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्रों ने विवादित नारे लगाए और पुलिसकर्मियों पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया। जिससे कई जवान घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरिदमन सिंह चीमा की अदालत ने जांच अधिकारी और आरोपियों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। आरोपियों की याचिका पर आज फैसला आ सकता है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कर्तव्य पथ और संसद मार्ग थानों में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में अब तक कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# डीयू के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की मिली धमकी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दो कॉलेजों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले, जिसके बाद कई एजेंसियां सुरक्षा जांच के लिए तुरंत मौके पर पहुंचीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी दिल्ली में स्थित रामजस कॉलेज और दक्षिण दिल्ली में स्थित देशबंधु कॉलेज को ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने बताया, रामजस कॉलेज की प्रिंसिपल ने अधिकारियों को जानकारी दी कि रात 1:59 बजे धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ता (बीडीटी) कैंपस पहुंचे और जांच शुरू की। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी करके परिसर के सभी भवनों और खुले स्थानों की गहन जांच शुरू की। उन्होंने कहा कि अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति रोजाना 50 सिगरेट पीने की तरह: सुप्रिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति का उल्लेख करते हुए लोकसभा में कहा कि दिल्ली में घूमने का मतलब एक दिन में 50 सिगरेट पीने जैसा है। उन्होंने सदन में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की।

सुले ने यह भी कहा कि सरकार को वायु प्रदूषण की स्थिति से निपटने के लिए सांसदों का सहयोग लेना चाहिए। उन्होंने कहा, दिल्ली में घूमने का मतलब एक दिन में 50 सिगरेट पीने जैसा है। सुले का कहना था कि इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जी से आग्रह है कि सांसदों से बात कीजिए और लक्ष्य दीजिए कि क्या किया जा सकता है। विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए शिवसेना (उबाठा) के सांसद अनिल देसाई ने कहा कि लाखों किसान और श्रमिक तंबाकू उत्पादन क्षेत्र से जुड़े हैं और उनकी आजीविका का सवाल है। उन्होंने कहा कि तंबाकू और पान-मसाला के सेवन को कम करने का प्रयास हर स्तर पर होना चाहिए। शिवसेना के रवींद्र वायकर ने कहा कि यह विधेयक युवाओं को धुएं से बचाने की दिशा में एक सर्जिकल स्ट्राइक है। उन्होंने आग्रह किया कि उपकर से मिलने वाले राजस्व का बड़ा हिस्सा कैंसर अस्पताल और नशा मुक्ति केंद्र बनाने पर खर्च किया जाए। भाजपा के सांसद अरुण गोविल ने कहा कि नशे की लत को कम करने की जरूरत है और यह विधेयक इस दिशा में सहायक होगा। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने आरोप लगाया कि जीएसटी के कारण जो दिक्कतें पैदा हुई, उनकी भरपाई के प्रयास के तहत यह विधेयक लाया गया है।

## प्रदूषण के आंकड़ों की गणना में छेड़छाड़ संभव नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बुधवार को वायु गुणवत्ता के आंकड़ों में हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि निगरानी केंद्र स्वचालित हैं तथा गणना एवं निगरानी में कोई मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है। दिल्ली सरकार पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के आसपास पानी का छिड़काव करने तथा प्रदूषण के उच्च स्तर पर होने के दौरान उन्हें बंद करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि अक्टूबर में दिवाली के दौरान पटाखों के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों को बंद कर दिया गया था। सीपीसीबी के अध्यक्ष वीर विक्रम यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, निगरानी और डेटा संग्रह स्वचालित है, स्टेशन हर 15 मिनट में डेटा तैयार करते हैं और हर घंटे एक्यूआई की गणना की जाती है, जिसके बाद औसत एक्यूआई तैयार किया जाता है।

# प्रदूषण के खिलाफ छात्रों और आम नागरिकों का प्रदर्शन

■ दिल्ली में लंबे समय से बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है एक्यूआई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी में स्वच्छ हवा की मांग को लेकर बुधवार को जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और प्रदूषण की समस्या के खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली में लंबे समय से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है।

दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों के साथ-साथ कांग्रेस समर्थित भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के सदस्य भी प्रदूषण के खिलाफ इस प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखीं थीं जिन पर लिखा था, दिल्लीवासी 50 से कम एक्यूआई के हकदार हैं, स्वच्छ हवा एक मौलिक अधिकार है और सभी को सांस लेने का अधिकार है। कई स्थानीय गायकों ने भी भीड़ को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रस्तुति दी।

प्रदर्शनकारियों में शामिल 26 वर्षीय नेहा ने आरोप लगाया कि केंद्र और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार होने के बावजूद अधिकारी प्रदूषण पर अंकुश लगाने में विफल रहे हैं। नेहा ने कहा, पहले तो दोषारोपण का खेल चलता था, लेकिन अब कोई बहाना नहीं चलेगा। एक्यूआई के आंकड़ों में हेरफेर की खबरें आई हैं, फिर भी एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। वास्तविक एक्यूआई क्या है, कौन जानता है? जब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, हम विरोध करते रहेंगे। यह हमारे मौलिक अधिकार का मामला है। दिवाली के बाद से दिल्ली की वायु गुणवत्ता मोटे तौर पर बहुत खराब से लेकर गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बहुत खराब और 401-500 को गंभीर माना जाता है। प्रदूषण संकट ने संसद और उच्चतम न्यायालय दोनों का ध्यान आकर्षित किया है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई को केवल सर्दियों के महीनों में रस्मी सुनवाई के तौर पर नहीं देखा जा सकता है, और इस समस्या के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए महीने में दो बार सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सामान्य विमर्श में एक अहम बदलाव करते हुए कहा, पराली जलाने का मुद्दा अनावश्यक रूप से राजनीतिक मुद्दा या अहम का मुद्दा नहीं बनना चाहिए। संसद में वाईएसआरसीपी के सांसद अयोध्या रामी रेड्डी अल्ला ने दिल्ली के प्रदूषण स्तर को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल बताया तथा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सात में से लगभग एक निवासी को प्रदूषण के कारण असमय मृत्यु का खतरा है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए सार्थक और प्रेरणादायक आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सीमापुरी स्थित अनुकृति विशेष विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस पर निस्वार्थ सेवा संस्थान और अखिल भारतीय विकलांग विधवा सेवा समिति के द्वारा विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए एक अत्यंत भव्य, संवेदनशील और बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता, सामाजिक कौशल और उनके समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहन देने की एक महत्वपूर्ण पहल थी।

संस्था ने इस आयोजन के माध्यम से यह सिद्ध किया कि विशेष जरूरतमंद बच्चे केवल सहानुभूति के पात्र नहीं, बल्कि वे सम्मान, अवसर, प्रोत्साहन और मंच के हकदार हैं, जहाँ वे अपनी क्षमता को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त कर सकें। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक गतिविधियों से हुई, जिसमें बच्चों ने नृत्य, संगीत, कविता और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इन बच्चों की प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति ने यह साबित किया कि किसी भी प्रकार की शारीरिक या मानसिक चुनौती उनके सपनों या क्षमताओं को सीमित नहीं कर सकती। उनकी हर प्रस्तुति एक संदेश थीं ' कि वे भी समाज का एक अभिन्न हिस्सा हैं, जिनके भीतर अपार संभावनाएँ छिपी हैं। कार्यक्रम का दूसरा मुख्य आकर्षण था ड्रॉइंग प्रतियोगिता, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया। कई बच्चों ने प्रकृति, खुशियाँ, परिवार, उत्सव, सपनों और सकारात्मकता पर आधारित चित्र बनाए। उनकी कलाकृतियों में मासूमियत के साथ-साथ गहरी संवेदना और अनुपम कल्पनाशीलता दिखाई दी। इस प्रतियोगिता को देखकर यह स्पष्ट हो गया कि कला इन बच्चों की भावनाओं, विचारों और अनुभवों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उनके चित्रों ने उपस्थित सभी लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि इन बच्चों को यदि सही दिशा, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो वे कला के क्षेत्र में अद्भुत उचाईयां प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निस्वार्थ सेवा संस्थान के ट्रस्टी विपुल और डायरेक्टर शकुंतला देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुनहरीलाल यादव, ठाकुर ध्यानपाल सिंह,चरणपाल,कविता यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में वॉलंटियर्स का योगदान अत्यंत प्रशंसनीय रहा। सोहनलाल, रेखा जी, हेमंत, राशी, शिवम शुक्ला, सुनील कुमार, लता गुप्ता, ममता राजपूत, लक्ष्मी, वंदना, अन्नू और सीमा ने पूरे मन, प्रेम और समर्पण के साथ बच्चों की सहायता की। उन्होंने बच्चों को गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, उनके साथ समय बिताया, उनकी भावनाओं को समझा और उन्हें सुरक्षित महसूस कराया।

## दो वाहन चोर पकड़े, कई गाड़ियां बरामद

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के जीटीबी एंक्लेव पुलिस ने आधी रात की पैट्रोलिंग के दौरान सक्रिय स्नैचिंग और वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा और एसीपी सीमापुरी मुकेश कुमार की निगरानी में चलाए गए क्राइम-प्रिवेंशन ड्राइव के दौरान पुलिस टीम ने दो आरोपियों को पकड़कर कई चोरी की मोटरसाइकिलें और एक स्नैच किया गया मोबाइल फोन बरामद किया। एसीपी सीमापुरी मुकेश कुमार और जीटीबी थाना एसएचओ बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई सतीश,हैड कॉस्टेबल सचिन, हैड कॉस्टेबल रूसील, कॉस्टेबल गजेंद्र की टीम देर रात ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के पास संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान जीटीबी अस्पताल की ओर जा रही एक बाइक को रुकने का इशारा किया गया। चालक भागने की कोशिश में फिसल गया और टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।

# दिल्ली पुलिस ने महिलाओं के गिरोह का किया भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों के लिफ्ट और एस्केलेटर में महिला यात्रियों से चोरी और झपटमारी के कई मामलो में कथित तौर पर शामिल महिलाओं के दो अलग-अलग गिरोहों का भंडाफोड़ किया और लगभाग एक करोड़ रुपये के आभूषण, कलाई घड़ियां तथा नकदी जब्त की।

पुलिस के अनुसार, इस सिलसिले में एक आदतन अपराधी (पूर्व में दर्ज 13 मामले) समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, पहला मामला सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन में सामने आया, जहां गुजरात का एक अंतरराज्यीय गिरोह भीड़ की आवाजाही के दौरान महिला यात्रियों के हैंडबैग को निशाना बनाकर लिफ्ट के अंदर कथित तौर पर चोरी को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने बताया कि पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी बार-बार दिल्ली में अपना ठिकाना बदलते थे या गुजरात लौट जाते थे। पुलिस ने गिरोह के सक्रिय सदस्यों में से एक को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर 70 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य मामले में, आनंद पर्वत के फरीदपुरी कैंप से एस्केलेटर से सामान चोरी करने वाले दिल्ली स्थित एक गिरोह का नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भंडाफोड़ किया गया। इस सिलसिले में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया और 30 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गयी।

पुलिस ने बताया कि उनमें से एक की पहचान लक्ष्मी के रूप में हुई है, जिसका इसी तरह के अपराधों का एक लंबा इतिहास है। उन्होंने कहा, 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से एकत्र किए गए फुटेज का विश्लेषण किया गया और आरोपियों द्वारा अपराध को अंजाम देने के तरीकों, भागने के मार्गों तथा संवेदनशील स्थलों की पहचान करने के लिए तकनीकी एवं मानव खुफिया इनपुट का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने महिला यात्रियों को खासतौर पर लिफ्ट और एस्केलेटर का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी।

# उपहार अग्निकांड : अदालत ने सुशील अंसल के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



■ आपराधिक मामलों को कथित तौर पर छिपाने और पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए झूठी घोषणाएं प्रस्तुत करने का मामला

दिल्ली की एक अदालत ने उपहार अग्निकांड के दोषी सुशील अंसल के खिलाफ आपराधिक मामलों को कथित तौर पर छिपाने और पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए झूठी घोषणाएं प्रस्तुत करने के एक मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया है। अंसल के खिलाफ 2019 में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मामला दर्ज किया था और उस पर झूठी जानकारी देने का आरोप लगाया गया था क्योंकि उसने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड में अपनी दोषसिद्धि की घोषणा नहीं की थी।

पटियाला हाउस अदालत की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रेया अग्रवाल ने 28 नवंबर के आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया अंसल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 177 (लोक सेवक को गलत जानकारी देना), धारा 181 (शपथ पर झूठा बयान देना) और पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 (पासपोर्ट से संबंधित अपराध) के तहत अपराध के लिए मामला आगे बढ़ाने के वास्ते पर्याप्त सामग्री है। उन्होंने मामले को 13 जनवरी 2026 को औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए सूचीबद्ध किया। अदालत ने कहा कि अंसल ने 2013 के तत्काल पासपोर्ट आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथपत्र में जानबूझकर अपने विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों का विवरण तथा दोषसिद्धि के आदेश को छुपाया है। बचाव पक्ष के इस दावे को खारिज करते हुए कि लिखित शिकायत के अभाव में अभियोजन पक्ष को मामला दर्ज करने से रोक दिया गया था, अदालत ने कहा कि यह शर्त पूरी हो गई है क्योंकि मामला दिल्ली उच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुसार शुरू किया गया था। आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति ने कहा कि यह कोई एकमात्र घटना नहीं है बल्कि यह अंसल का तीसरा आपराधिक मामला है। उन्होंने कहा कि अंसल को उपहार अग्निकांड में पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई थी और उसे साक्ष्यों से छेड़छाड़ के मामले में भी दोषी ठहराया गया है, जो कि न्यायालयों और न्याय प्रणाली का अपमान है। उपहार सिनेमा मामला 13 जून 1997 को हिंदी फिल्म बॉर्डर के प्रदर्शन के दौरान थियेटर में लगी आग से संबंधित है, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई थी। उच्चतम न्यायालय ने सितंबर 2015 में अंसल बंधुओं गोपाल और सुशील अंसल को लापरवाही के कारण हुई मौत का दोषी ठहराया था।

## आयुष्मान कार्ड बनाने की रफ्तार बढ़ी

नई दिल्ली। शाहदरा जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की रफ्तार बढ़ाने के लिए प्रशासन ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाया है। अब जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने को मिशन मोड अभियान के तहत शुरू किया गया है। लगातार कम नामांकन संख्या पर चिंता जताते हुए जिला मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह परिहार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से जताई गई कमियों पर विभागों से जवाब मांगा गया। नई गाइडलाइनों के तहत डीएम को पूरे अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

डीएम परिहार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाना बेहद जरूरी जनकल्याणकारी काम है, क्योंकि इससे कमजोर परिवारों को इलाज में बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने सभी विभागों को मिशन मोड में काम करने और हर पात्र व्यक्ति तक योजना को बिना देरी पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है, कि वे पहचान और पते के दस्तावेज लेकर नजदीकी डिस्पेंसरी, आरोग्य मंदिर, मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र और प्रसूति गृह में जाकर तुरंत पंजीकरण कराएं।

# न्यायालय ने दिल्ली दंगा मामले में दलीलें 15 मिनट तक सीमित रखने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपियों की ओर से पेश वकीलों को अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट तक सीमित रखने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि आरोपियों के वकीलों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू को स्पष्टीकरण के लिए 30 मिनट का समय मिलेगा।

पीठ ने मामले की सुनवाई नौ दिसंबर के लिए निर्धारित करते हुए कहा, दोनों पक्षों की तरफ से दलीलें प्रस्तुत की जा चुकी हैं। हमारा मानना है कि एक समय-सारिणी तय किए जाने की आवश्यकता है। मौखिक दलीलें 15 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए और एएसजी द्वारा स्पष्टीकरण 30 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए। अदालत ने मामले में आरोपियों की ओर से पेश हुए वकीलों को अपने स्थायी पते प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। मामले में जमानत का अनुरोध करते हुए कार्यकर्ता शरजील इमाम ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना किसी पूर्ण सुनवाई या किसी भी दोषसिद्धि के बिना, खतरनाक बौद्धिक आतंकवादी करार दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी। इमाम की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा, वह आतंकवादी नहीं हैं, जैसा कि प्रतिवादी (पुलिस) ने उन्हें कहा है। वह राष्ट्र-विरोधी नहीं हैं, जैसा कि सरकार ने कहा है। वह इस देश के नागरिक हैं, जन्म से नागरिक हैं और उन्हें अब तक किसी भी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है। उन्होंने दलील दी कि इमाम को 28 जनवरी, 2020 को गिरफ्तार किया गया था, जो कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा से पहले की बात है। उमर खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि फरवरी 2020 में जब दंगे भड़के थे तब उनका मुवक्किल दिल्ली में नहीं था और उसे इस तरह कैद में नहीं रखा जा सकता। गुलफिशा फातिमा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने अदालत को बताया कि कार्यकर्ता ने छह साल जेल में बिताए हैं और उन्होंने मुकदमे में देरी को आश्चर्यजनक और अभूतपूर्व बताया। खालिद, इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए, दिल्ली पुलिस ने कहा कि फरवरी 2020 के दंगे कोई स्वतःस्फूर्त घटना नहीं थे, बल्कि भारत की संप्रभुता पर एक सुनियोजित, पूर्व नियोजित और सुनियोजित हमला थे।

खालिद, इमाम, फातिमा, मीरान हैदर और शिफा उर रहमान पर आतंकवाद रोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत दंगों के कथित मास्टरमाइंड होने का मामला दर्ज किया गया है। दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### राम बैसला बने हसनपुर मार्केट कमेटी के चेयरमैन

**पलवल।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राम बैसला को हसनपुर मार्केट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। बुधवार को पलवल जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला के नेतृत्व में गुर्जर बहुल क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर पगड़ी बांधकर व मिठाई खिलाकर बैसला का स्वागत किया। गौरव गौतम ने कहा कि नए चेयरमैन राम बैसला हसनपुर क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि गुर्जर समाज की वर्षों पुरानी मांग बैसलात क्षेत्र में गुर्जर धर्मशाला निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके लिए वे मुख्यमंत्री से धनराशि आवंटन पर बातचीत कर रहे हैं। विधानसभा चुनावों से जुड़े अपने और पूर्व मंत्री करण दलाल के मामले पर उन्होंने कहा कि यह कानूनन प्रक्रिया है, जो चलती रहती है और कानून अपना काम करेगा।



### सुधा रुस्तगी कॉलेज ने मनाया राष्ट्रीय पेडोडोंटिक्स दिवस

**फरीदाबाद।** बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रारंभिक दंत देखभाल के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के बाल चिकित्सा एवं निवारक दंत चिकित्सा विभाग ने 3 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय पेडोडोंटिक्स दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. सी. एम. मढिया, सीईओ डॉ. विशाल जुनेजा, विभागाध्यक्ष डॉ. भावना गुप्ता तथा वरिष्ठ संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मॉडल मेकिंग, नेल आर्ट, फायर-फ्री कुकिंग, रील मेकिंग और ड्रेप पेंटिंग जैसी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें यूजी, पीजी, इंटर्न और संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल रोगियों के लिए मौखिक स्वच्छता जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें बच्चों को दांतों की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कई संस्थानों में किए जागरुकता अभियान



**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) गुरुग्राम के पैनल अधिवक्ताओं द्वारा जिले में व्यापक जागरूकता एवं आउटरीच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक संस्थानों एवं संगठनों में कैंप आयोजित किए गए।

इस श्रृंखला में दीपाश्रम चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन, रेड क्रॉस सोसाइटी, अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन, विश्वास एनजीओ, तथा जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविरों के माध्यम से प्रतिभागियों को दिव्यांगजनों के अधिकारों, कानूनों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र के वर्ष 2025 के विषय-सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए, दिव्यांगों को शामिल करने वाले समाजों को बढ़ावा देना के अनुरूप समावेशी समाज के निर्माण का संदेश दिया।

### विश्व दिव्यांग दिवस : वितरित किए उपकरण

**फरीदाबाद।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयुष सिन्हा, उपायुक्त फरीदाबाद के निदेशानुसार और बिजेंद्र सोरोत, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में जिले के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। डॉ. जयपाल, प्रोस्थेटिक रेडक्रॉस दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने बताया कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मोबाइल फोन वितरित किए गए और जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण दिए गए। टाउन पार्क, सेक्टर-12 में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के लिए नुक्कड़ नाटक और फन एंड गेम आयोजित किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह और सशक्तिकरण का माहौल बना। इस अवसर पर बच्चों और दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित कर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की गई। रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने कार्यक्रम की सफलता और दिव्यांगजन के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला।



### खिलाड़ियों के चयन ट्रायल 4 व 5 को

**फरीदाबाद।** भारतीय खेल प्राधिकरण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में संचालित खेलो इंडिया फुटबॉल लघु केंद्र में नए खिलाड़ियों के दाखिले के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। कार्यकारी जिला खेल अधिकारी एवं हॉकी प्रशिक्षिका निरेश यादव ने बताया कि बाल खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंडर-10 और अंडर-14 आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियों के ट्रायल निर्धारित किए गए हैं। लड़कों के लिए ट्रायल 4 दिसंबर को शाम 4 बजे, जबकि लड़कियों के लिए ट्रायल 5 दिसंबर को शाम 4 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर में होंगे। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को खेलो इंडिया स्कीम के तहत लघु केंद्र में नियमित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं देने के लिए स्पोर्ट्स किट भी प्रदान की जाएगी।

# फर्जी एग्रीमेंट कर 96 लोगों से दस करोड रुपए की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



- गुरुग्राम में निजी स्कूल संचालित करता है आरोपी
- अब तक 96 लोगों से कर चुका है 10 करोड़ रुपये की ठगी, गिरफ्तार

फर्जीवाड़ा करके प्लॉट बेचने वाले आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस ने बड़ी उपब्धि हासिल की है। दूसरों की जमीन/प्लॉट को अपना बताकर फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर 96 लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गुरुग्राम पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा-1 ने गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि आरोपी गुरुग्राम में ठगी करके बिहार में जमीन खरीदता था। अब तक वह 96 लोगों से करीब 10 करोड़ की ठगी कर चुका है।

जानकारी के अनुसार 18 सितंबर 2025 को आर्थिक अपराध शाखा-1 गुरुग्राम द्वारा एक शिकायत की जांच की गई। शिकायतकर्ता ने कहा गया था कि उसने खाटूश्याम प्रॉपर्टी नामक फर्म से रयान एन्क्लेव, देव नगर पार्ट-2 भोंडसी क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था। फर्म के मालिक नीतीश कुमार ने स्वयं को प्लॉट का मालिक बताकर उसको प्लॉट का कब्जा दिया। फर्जी एग्रीमेंट टू सेल तैयार कर बिक्री दर्शाई तथा तीन दिन बाद ही धोखे से कब्जा वापस ले लिया। उसको आंशिक राशि लौटाकर इसके साथ लगभग 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। इसी तरीके से नीतीश कुमार ने लगभग 96 लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हुए दूसरों की भूमि को अपना बताकर फर्जी एग्रीमेंट के माध्यम से बेचा। वह कुल मिलाकर लगभग 10 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस थाना भोंडसी, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। आर्थिक अपराध शाखा-1 गुरुग्राम की पुलिस टीम इसकी जांच की गई। शाखा की टीम ने कार्यवाही करते हुए बुधवार को रिठौज गांव जिला गुरुग्राम से फजीर्वाड़ा करके ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नीतीश कुमार (उम्र-27 वर्ष, शिक्षा-एम.फिल) निवासी गांव मोसादनपुर, जिला बेगूसराय (बिहार) वर्तमान निवसी देवनगर, रिठोज, जिला गुरुग्राम के रूप में हुई है।

वर्ष-2021 से गुरुग्राम में खाटूश्याम प्रॉपर्टी फर्म चलाता था

आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह मूल रूप से बिहार का निवासी है। वर्ष-2021 में गुरुग्राम आकर खाटूश्याम प्रॉपर्टी के नाम से प्रॉपर्टी फर्म चला रहा है। इसके अतिरिक्त यह रिठोज गांव में शिव गंगा पब्लिक स्कूल भी संचालित करता है। यह दूसरों की जमीन/प्लॉट को अपना बताकर फर्जी एग्रीमेंट ऑफ सेल तैयार करता था। लोगों से बड़े पैमाने पर रुपये लेता था। ठगी की गई राशि का उपयोग यह बिहार में किसानों से जमीन खरीकर उन्हें जमीन का भुगतान करने में करता था। आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि यह एक ही प्लॉट/जमीन को 4-5 लोगों को बेचकर फजीर्वाड़ा करता था। इस प्रकार से वह अब तक 96 से अधिक लोगों के साथ ठगी कर चुका है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया।

## शादी में जाने के लिए चुराई स्कॉर्पियो, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



- पार्किंग में गाड़ी लगाने के लिए मांगी चाबी, और गाड़ी लेकर फरार हो गए

शादी में पहुंचे दो युवक शादी समारोह स्थल से एक स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने इस चोरी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की गई स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद कर ली। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बुधवार को बताया कि दोनों युवकों ने पुलिस पूछताछ में चोरी की वारदात कबूली और कहा कि उन्होंने अपने एक जानकार की शादी में जाने के लिए वह गाड़ी चुराई थी।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-53 पुलिस थाना में एक व्यक्ति ने दो नवंबर को शिकायत में कहा कि वह एक नवंबर को सेक्टर-52 के निकट एक शादी में गया था वहां से उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी व पर्स को चोरी हो गया। इस पर पुलिस थाना सेक्टर-53 में केस दर्ज करके चोर की तलाश शुरू की गई। अपराध शाखा सेक्टर-43 इंचार्ज निरीक्षक नरेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गाड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पंकज निवासी गांव बंका, जिला हाथरस (उप्र) को गुरुग्राम के वजीराबाद गांव से काबू किया। उसके साथी आरोपी संदीप निवासी गांव खुटीपुरी ब्राह्मण, जिला हाथरस (उप्र) को कटारिया चौक गुरुग्राम से गिरफ्तार किया।

पूछताछ पता चला एक नवंबर 2025 को वे दोनों सेक्टर-52 में एक अंजान शादी में गए थे। वहां पर एक स्कॉर्पियो उन्होंने देखी। आरोपी संदीप ने गाड़ी के मालिक से उनकी गाड़ी को पार्किंग में लगाने के लिए चाबी मांगी। वे दोनों उसकी गाड़ी व गाड़ी में रखा पर्स चोरी करके फरार हो गए। दोनों आरोपी गाड़ी चोरी करने के बाद गाड़ी लेकर आरोपी संदीप के एक जानकारी की शादी में नरवाना चले गए।

## 5 लाख फूलों के पौधों का वितरण

**बल्लभगढ़।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा सेक्टर-22 स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में शीतकालीन फूलों के पौधों का भव्य वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा का पार्क पहुंचने पर स्वागत किया गया।

नगर निगम ने इस अवसर पर लगभग 5 लाख शीतकालीन फूलों के पौधे आमजन को वितरित किए। इन पौधों के खिलने से घरों के आंगन, पार्क, सड़क किनारे व डिवाइडर रंग-बिरंगे फूलों से सजे दिखाई देंगे, जिससे क्षेत्र का वातावरण और भी सुंदर, स्वच्छ और आकर्षक बनेगा। मुख्यातिथि पं. मूलचंद शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर-आंगन से लेकर आसपास के क्षेत्र को सुंदर व स्वच्छ बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

## बीएलओ की मौतों के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**




- मृतकों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और नौकरी देने की मांग

ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले बुधवार को कर्मचारियों ने बीके चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विशेष प्रोत्साहन संशोधन (एसआईआर) के दौरान अत्यधिक दबाव के कारण हुई बीएलओ की मौतों के विरोध में आयोजित किया गया। जिला प्रधान करतार सिंह के नेतृत्व में हुए इस आक्रोश प्रदर्शन में बिजली निगम, नगर निगम, पर्यटन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, सिंचाई आदि विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बीएलओ द्वारा आत्महत्या और अचानक हुई मौतों के लिए चुनाव आयोग की जल्दबाजी और अत्यधिक कार्यदबाव को जिम्मेदार ठहराया। कर्मचारियों ने मांग की कि सभी मृतकों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने बिना पर्याप्त प्रशिक्षण दिए और अव्यवहारिक समय-सीमा तय कर बीएलओ पर अत्यधिक दबाव डाला है। इसी दबाव के चलते दो दर्जन से अधिक बीएलओ आत्महत्या करने को मजबूर हुए तथा कई की मौत हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज से हुई। उन्होंने आयोग से तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को सुधारे जाने की मांग की।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि परीक्षाएं निकट होने के बावजूद शिक्षकों को एसआईआर ड्यूटी दी गई है, जिससे छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि ये मौतें किसी हादसे का परिणाम नहीं, बल्कि अव्यवस्थित और अमानवीय कार्यप्रणाली का नतीजा हैं, जिन्हें रोकने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं।

## टाउन पार्क की घड़ी बंद, सुइयों की मरम्मत की दरकार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



शहर के सबसे बड़े टाउन पार्क सेक्टर-12 में लगी घड़ी की सुईयां अचानक बंद पड़ गई हैं। यह घड़ी पार्क की मुख्य विशेषताओं में से एक है और यह वर्ष 2018 से यहां की पहचान बनी हुई थी। पार्क में लगी यह घड़ी लोगों और आगंतुकों के लिए समय देखने का प्रमुख साधन रही है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, घड़ी की सुईयां पिछले कुछ दिनों से ठीक से काम नहीं कर रही थीं और आज अचानक पूरी तरह बंद हो गईं। टाउन पार्क में घूमने आए लोग इस घटना से हैरान हैं। पार्क में मौजूद अन्य सुविधाओं जैसे 2015 से सबसे ऊंचा तिरंगा, फ्लावर वॉच, ओपन एयर थिएटर, म्यूजिकल फाउंटेन और खेल क्षेत्रों की तुलना में यह घड़ी विशेष महत्व रखती है।

घड़ी की स्थापना कई साल पहले की गई थी और यह पार्क की ऐतिहासिक पहचान का हिस्सा बन चुकी है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि घड़ी की सुईयां क्यों बंद हुई हैं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि जल्द ही इसका निरीक्षण किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा।

पार्क में बंद होने से कई लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह घड़ी पार्क के सौंदर्य और सांस्कृतिक महत्व को भी बढ़ाती है, इसलिए इसे जल्द से जल्द चालू करना प्राथमिकता होगी। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार और हुडा विभाग की ओर से घड़ी की मरम्मत जल्द ही पूरी कर दी जाएगी ताकि यह फिर से काम करना शुरू कर सके। पार्क प्रशासन ने भी आगंतुकों से अनुरोध किया है कि वे धैर्य रखें और मरम्मत कार्य पूरा होने तक सुरक्षा का ध्यान रखें।

## 20 युवकों ने किया हमला, 3 गंभीर घायल, महिलाओं से की बदसलूकी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

- डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया

आदर्श नगर थाना क्षेत्र में सगाई के कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद बाद में मारपीट में बदल गया। इस घटना में तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पीड़ित परिवार ने थाना आदर्श नगर में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना 2 दिसंबर की रात की है।

सुभाष कॉलोनी हरी विहार के रहने वाले महावीर कुमार के घर उनके बेटे शिवम की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। यह कार्यक्रम आदर्श नगर के गुर्जर चौक स्थित बाबा उदय वाटिका में रात लगभग 8 बजे तक सामान्य रूप से चल रहा था और डीजे भी बज रहा था।

महावीर के अनुसार, अचानक करीब 15 से 20 युवक कार्यक्रम में घुस आए। उन्होंने आते ही धमकी दी कि यह समारोह नहीं होने देंगे और डीजे बंद करा दिया। इस दौरान उन्होंने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल भी किया। जब परिवार और रिश्तेदारों ने विरोध किया तो हमलावरों ने पूरी सगाई में हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में रखे खाने को उलट-पलट किया और हलवाईयों के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आए गुलशन, श्यामलाल और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान महिलाओं से भी धक्का-मुक्की हुई और एक महिला के कानों से सोने के कुंडल छीन लिए गए। हमलावरों ने लाठी, डंडे और हॉकी लेकर योजना बनाकर कार्यक्रम में घुसकर हमला किया।

## प्लास्टिक बहिष्कार का किया आह्वान

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने की। उन्होंने छात्रों और स्टाफ से प्लास्टिक के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान करते हुए कहा कि वायु, ध्वनि और जल प्रदूषण गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर रहे हैं, जिसके कारण लोगों की औसत आयु तक कम हो रही है।

मनचंदा ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण दिवस को भोपाल गैस त्रासदी में मारे गए लोगों की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम में वायु प्रदूषण से बचाव के लिए सेब, अनानास और ग्रीन टी जैसे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन पर भी जोर दिया गया।

## कामगारों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज के दायरे में लाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



- ईएसआईसी के निदेशक सुनील यावद ने कहा, लेबर कोड लागू होने से श्रमिक कल्याण को नई दिशा

उप-क्षेत्रीय कार्यालय (ईएसआईसी) गुरुग्राम के कार्यालय प्रमुख एवं निदेशक (प्रभारी) सुनील यादव ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 21 नवंबर 2025 से चारों श्रम संहिताओं (वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता) को लागू किए जाने के साथ देश के श्रमिक वर्ग के सर्वांगीण हित, सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ आधार मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

सुनील यादव बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन संहिताओं को श्रम क्षेत्र में व्यापक सुधार सुनिश्चित करने वाली एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल के रूप में स्वीकार किया गया है। सुनील यादव ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के लागू होने से हरियाणा के लाखों श्रमिकों के लिए ईएसआईसी कवरेज में अभूतपूर्व विस्तार होगा। अब गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों सहित सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज के दायरे में लाया जा रहा है, जो वर्तमान श्रम बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप एक बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी कर्मचारियों के लिए नियोक्ताओं को वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य जांच उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। ईएसआईसी का नेटवर्क पूरे देश में विस्तृत किया गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक लाभान्वित होंगे।

उन्होंने बताया कि 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के लिए ईएसआईसी कवरेज स्वैच्छिक रहेगा, जबकि खतरनाक कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों में एक भी कर्मचारी होने पर कवरेज अनिवार्य होगा। अनुबंध श्रमिकों को मुख्य नियोक्ता द्वारा स्वास्थ्य लाभ और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## कचरा प्रबंधन एजेंसियों के इम्पैनलमेंट के लिए प्रपोजल

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**

- बल्क वेस्ट जनरेटर्स को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में हो रहा काम

नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाते हुए बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी) द्वारा उत्पन्न कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन, प्रोसेसिंग और निस्तारण के लिए सक्षम एजेंसियों के इम्पैनलमेंट के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दिया है। इच्छुक एजेंसियां एमसीजी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध दस्तावेज के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के अनुसार जिन संस्थान, परिसर या प्रतिष्ठान से प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक कचरा उत्पन्न होता है, वे बल्क वेस्ट जनरेटर के दायरे में आते हैं। इनमें सरकारी एवं निजी कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रम, अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, हॉस्टल, होटल, मार्केट, धार्मिक स्थल, खेल परिसर, स्टेडियम, बड़े आवासीय सोसाइटी और गेटेड कम्युनिटी आदि शामिल हैं।

**कचरा प्रबंधन के नियमों में बीडब्ल्यूजी की जिम्मेदारियां :** एसडब्ल्यूएम नियम-2016 के अनुसार प्रत्येक बल्क वेस्ट जनरेटर को कचरे का तीन श्रेणियों में पृथक्करण अर्थात बायोडिग्रेडेबल, नॉन-बायोडिग्रेडेबल और घरेलू खतरनाक कचरा में अलग-अलग करना होगा। इसके अतिरिक्त सेनेटरी वेस्ट को सुरक्षित तरीके से पैक कर उपयुक्त डिब्बे में डालना, निर्माण एवं विध्वंस कचरे का अलग संग्रहण और निर्धारित नियमों के अनुसार निस्तारण, बागवानी/हॉर्टिकल्चर कचरे का अलग से प्रबंधन करना अनिवार्य है। कचरे को सार्वजनिक स्थानों, नालों या जल स्रोतों में फेंकना दंडनीय अपराध है। कचरा उत्पादक को स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित यूजर शुल्क का भुगतान तथा 100 से अधिक व्यक्तियों की किसी सभा/इवेंट से पहले तीन दिन पहले सूचना देना व कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था करनी अनिवार्य है। सभी बड़ी आवासीय सोसायटी, मार्केट एसोसिएशन, होटल/रेस्तरां को परिसर में ही कम्पोस्टिंग या बायो-मीथनेशन जैसे उपायों से गीले कचरे का निस्तारण करना होगा। एमसीजी इसलिए कर रहा है एजेंसियों का इम्पैनलमेंट नगर निगम ने पाया है कि शहर के कई बड़े संस्थानों एवं परिसरों में अपने स्तर पर कचरा प्रबंधन की विशेषज्ञता व आवश्यक अवसंरचना की कमी है। इसके समाधान के लिए एमसीजी प्रमाणित एवं अनुभवी एजेंसियों को इंपैनल कर रहा है।

## ओवर स्पीड वाहनों पर 20 करोड़ से अधिक का लगाया जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**

- 1,01,086 ओवरस्पीड वाहनों ने किए चालान
- 20 करोड़ 21 लाख 72 हजार का किया जुमार्ना

स्थानीय यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड वाहनों पर पिछले 11 महीने में 20 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया है। इस समय अंतराल में पुलिस ने एक लाख एक हजार छिसायी (1,01,086) ओवर स्पीड वाहनों के चालान किये।

एक जनवरी 2025 से 30 नवंबर 2025 तक ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के तहत ओवर स्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है। पुलिस ने मुम्बई एक्सप्रेसवे, द्वारका एक्सप्रेसवे और गोल्फ कोर्स रोड पर ओवर स्पीडिंग करने वालों के कुल 1,01,086 चालान किए। जिनकी कुल जुमार्ना राशि 20 करोड़ 21 लाख 72 हजार रुपये है।

यातायात पुलिस उपायुक्त डॉ. राजेश मोहन के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस का मकसद गुरुग्राम की सडकों को सुरक्षित बनाना तथा अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है। ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों पर नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा समय- समय पर सुबह के समय भी स्पेशल नाके लगाए जाते हैं, ताकि ओवर स्पीडिंग करने वालों पर लगाम लगाई जा सके।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन : 11 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के निर्देश पर 1 दिसंबर से शुरू किए गए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत फरीदाबाद पुलिस ने अवैध नशा, शराब, जुआ/सट्टा व हथियारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पिछले दो दिनों में पुलिस टीमों ने शहर में 85 संभावित ठिकानों पर कांबिंग ऑपरेशन चलाया।

इस दौरान 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4 देसी कट्टे, 2 पिस्टल, 2 कारतूस, 970 ग्राम गांजा और 53 पव्वे देसी शराब बरामद की हैं। यह अभियान हिंसक अपराधियों की संपत्ति कुर्की, अवैध निर्माण की तोड़फोड़, पासपोर्ट रद्द कराने, लुक-आउट नोटिस जारी करने सहित कई मोर्चों पर जारी रहेगा।

## दो छात्र गुटों में भिड़ंत, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

- गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद, मारपीट में बदला

फतेहपुर तगा क्षेत्र में सोमवार को दो छात्र गुटों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि छात्र आपस में लात-घूंसों और मुक्कों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। आसपास मौजूद कुछ लोग उन्हें रोकने की कोशिश करते दिखाई देते हैं, लेकिन छात्र देर तक भिड़ते रहे।

जानकारी के अनुसार, झगड़े की शुरूआत आपसी तकरार और गाली-गलौज से हुई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों समूहों के छात्र सड़क पर ही आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने जब हालात बिगड़ते देखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना डीसीपी जोन के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और छात्रों को अलग करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया।

इस घटना को लेकर फतेहपुर तगा स्थित पीएम श्री स्कूल के प्रिंसिपल सतीश चौधरी का बयान भी सामने आया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि लड़ाई स्कूल के बाहर हुई है। बाहर कोई कुछ भी करे, हम उसमें क्या कर सकते हैं। स्कूल के अंदर किसी प्रकार की घटना नहीं हुई। बच्चे स्कूल के बाहर किससे मिलते हैं या क्या करते हैं, यह हमारे नियंत्रण में नहीं होता।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्कि न्यूज और कल्कि फाउंडेशन के संस्थापक वरुण रस्तौगी सम्भल से 2027 विस चुनाव लड़ेंगे



आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में कल्कि न्यूज व कल्कि फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक, वरुण रस्तौगी ने सम्भल विधानसभा क्षेत्र - 33 से चुनाव में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है, हालांकि, यह अभी स्पष्ट नही है कि वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे या किसी राजनीतिक दल से जुड़कर। वरुण रस्तौगी एक बेदाग, निष्पक्ष और ईमानदार छवि के व्यक्ति हैं जिनका कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और जो पिछले 15 वर्षों से समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इस घोषणा के बाद जनता की राय जानना अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। वरुण रस्तौगी की सम्भल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा को लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएं आ रही है। फिलहाल, उन्हें सभी ओर से बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं, और उनके समर्थक इस संभावना को लेकर उत्साहित हैं कि वे सम्भल चुनाव में अपना नामांकन देंगे। वरुण रस्तौगी का जन्मस्थान सम्भल है, और उनकी इच्छा है कि भगवान श्री कल्कि जी की जन्मस्थली को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए, ताकि दशकों से लंबित कार्यों को पूरा किया जा सके।

### क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में शिवांगी प्रथम

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता हुई। इसमें 50 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शिवांगी प्रथम और ईशा झा द्वितीय स्थान पर रही। विजेताओं को क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत कोषाध्यक्ष तेजस्वी शर्मा ने पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा सम्मानित करते हुए कहा कि संस्थान की मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम ही छात्राओं की यह उपलब्धि है। कार्यक्रम की संयोजिका शिवानी शर्मा ने संचालन किया।

### तिलक लगाकर नए छात्रों का स्वागत

**मुरादनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित काइट स्कूल ऑफ फामेर्सी में छात्रों के लिए बुधवार को फ्रेशर्स पार्टी आयोजित की गई। इस दौरान नवागंतुक छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज गोयल ने नए छात्रों को आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों से मन मोह लिया। शिक्षकों के फैसले के आधार पर मिस्टर और मिस फ्रेशन का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण दीक्षित ने किया। मौके पर निदेशक आदेश पांडे, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. के नागराजन, प्रीति चित्कारा समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



### छात्रों को प्रोफेशनल जिम्मेदारी और कानून की भूमिका बताई

**गाजियाबाद।** मॉडल टाउन स्थित एमएमएच कॉलेज में बुधवार को विधि विभाग ने एडवोकेट्स डे मनाया। इसमें छात्रों को प्रोफेशनल जिम्मेदारी और समाज में कानून की भूमिका के बारे में बताया गया। साथ ही कानूनी पेशे की गहरी समझ विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. अपर्णा मल्होत्रा ने नैतिकता, एकता और निष्ठा की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. नैपाली ने अदालत में वकीलों की जिम्मेदारियों को समझाया और प्रोफेशनल कंडक्ट, कोर्ट की अवमानना तथा भारतीय कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर चर्चा की। डॉ. उमेश कुमार ने क्लाइंट और समाज के प्रति वकीलों की जिम्मेदारियों पर बात की। इस मौके पर प्रो. सीमा शर्मा, प्रो. रीमा अग्रवाल, डॉ. पूनम चौधरी, प्रीति रावत और कशिश चौधरी ने भी अपने विचार रखे।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यादव सिंह कोर्ट में पेश



**गाजियाबाद।** ईडी की अदालत में बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोएडा प्राधिकरण के पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह पेश हुए। ईडी ने यादव सिंह के चार्टर्ड अकाउंटेंट मोहनलाल राठी को सरकारी गवाह बना रखा है। मामले में अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख लगाई है। नोएडा टेंडर घोटाले के खुलासे के बाद सीबीआई ने यादव सिंह, उनकी पत्नी कुसुम लता, बेटा सनी यादव, पुत्रवधू श्रेष्ठ सिंह और दो पुत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने यादव सिंह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी दर्ज किया था। तभी से मामले की सुनवाई ईडी कोर्ट में विचाराधीन है। बुधवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई मामले की सुनवाई हुई। यादव सिंह कोर्ट में उपस्थित हुए। ईडी ने यादव सिंह के चार्टर्ड अकाउंटेंट मोहनलाल राठी सरकारी गवाह बना रखा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख लगाई है।

साइबर अपराधियों का एक और कारनामा

# बिजली का मीटर लगवाने के नाम पर 3.74 लाख ठगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



- गूगल से बिजली कंपनी का नंबर सर्च किया था
- जालसाज ने खुद को कंपनीकर्मी होने का दावा करके पीड़ित से बैंक खाते की जानकारी ले ली थी

साइबर अपराधियों ने बिजली मीटर लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से पौने चार लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने गूगल से बिजली कंपनी का नंबर सर्च किया था। जालसाज ने खुद को कंपनीकर्मी होने का दावा करके पीड़ित से बैंक खाते की जानकारी ले ली थी। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कुलेसरा गांव निवासी ब्रिजेश ने पुलिस को बताया कि वह ज्योतिष का काम करते हैं। पिछले दिनों वह अपने घर पर नया बिजली मीटर लगवाने के लिए ऑनलाइन नंबर खोज रहे थे। 27 नवंबर को जालसाज ने खुद को बिजलीकर्मी बनकर उन्हें फोन कॉल की। इसके लिए ऑनलाइन ही पंजीकरण शुल्क 13 रुपये जमा कराने के लिए कहा। पीड़ित ने बातों में आकर भुगतान करने के दौरान बैंक खाते की जानकारी दे दी। उसके बाद ठगों ने संपर्क बंद कर लिया। अगले दिन ब्रिजेश के पास सात बार में 3.74 लाख रुपये कटने के मैसेज आए। पीड़ित को तब जाकर अहसास हुआ कि एक दिन पहले उन्होंने जिस बिजलीकर्मी को बैंक खाते की जानकारी दी थी, उसी ने ठगी की है।

पीड़ित ने एनसीआरपी और साइबर अपराध थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिन बैंक खातों में पीड़ित की रकम ट्रांसफर हुई है, उनमें जमा रकम को फ्रीज कराया जा रहा है।

## लाखों के जेवरात और नगदी चोरी, तीन घरेलू सहायिकाओं पर आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



- एक सोने का कड़ा, एक सोने की चेन, एक हीरे-सोने की अंगूठी, सोने का एक पैंडल, एक जोड़ी सोने की झुमकी और 90 हजार रुपये चोरी हो गए। इसके बाद 12 नंवबर को घर से 70 हजार रुपये और चोरी

सेक्टर-107 स्थित एक सोसाइटी के फ्लैट से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी का मामला सामने आया है। फ्लैट मालिक ने घर पर काम करने वाली तीन सहायिकाओं पर चोरी करने का संदेह जताते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी निवासी साहिल चंद्रा ने पुलिस को बताया कि वह एक फ्लैट में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बच्चे की देखभाल, खाना बनाने वाली और साफ-सफाई करने वाली तीन घरेलू सहायिकाओं को काम पर रखा हुआ है। उनके फ्लैट से 20 अक्तूबर से 11 नवंबर के बीच एक सोने का कड़ा, एक सोने की चेन, एक हीरे-सोने की अंगूठी, सोने का एक पैंडल, एक जोड़ी सोने की झुमकी और 90 हजार रुपये चोरी हो गए। इसके बाद 12 नवबर को घर से 70 हजार रुपये और चोरी हो गए। पीड़ित ने घर में खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी खोजबीन करने के लिए समय दिया। पीड़ित का कहना है कि उन्हें फ्लैट का कोना-कोना छान मारा, लेकिन कहीं पता नहीं चला, जबकि घर में तीनों सहायिकाओं के अलावा कोई नहीं आया। पीड़ित को संदेह है कि घर पर काम करने वाली तीन घरेलू सहायिका अनीता, रामा और मासूमा ने ही चोरी की है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कार की खिड़की का शीशा तोड़कर बैग चुराया



पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

- मृतकों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की पंचशील ग्रीन्स-2 सोसाइटी के सामने सड़क किनारे खड़ी कार की खिड़की का शीशा तोड़कर बैग चोरी कर लिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक निराला एस्पायर सोसाइटी में मनोज कुमार सिंह परिवार के साथ रहते हैं। मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपने ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में पंचशील ग्रीन्स-2 सोसाइटी के सामने बाजार में सब्जी लेने के लिए रुक गए। वह अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर बाजार में सब्जी लेने चले गए। वह सब्जी लेकर वापस लौटे तो कार की पिछली खिड़की का शीशा टूटा मिला। सीट पर रखा बैग गया था। बैग में उनका लैपटॉप, पर्स, चार्जर और जरूरी दस्तावेज रखे थे। पीड़ित ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### इनामी गांजा तस्कर गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में गांजे बेचने वाले 15 हजार रुपये के इनामी तस्कर को चौगानपुर गोल चक्कर के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपी ओडिशा से ट्रक में गांजा लाकर अपने साथियों के साथ बेचता था। आरोपी की पहचान अरविंद किशोर उर्फ टोमी उर्फ टोमू निवासी राजपुर ग्राम जिला हाथरस के रूप में हुई है। वह गांजा तस्करी के आरोप में फरार चल रहा था। इसके दो साथी अली हसन और योगेंद्र पहले पकड़े जा चुके हैं।

## स्कूलों की आपत्ति, छात्रों के बैठने की व्यवस्था नहीं



पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटर की परीक्षाओं को लेकर तैयारी चल रही हैं। बोर्ड ने रविवार को 59 केंद्रों की सूची जारी कर स्कूलों से आपत्तियां मांगी गई थीं। अधिकतर आपत्तियां केंद्र पर छात्रों की संख्या के हिसाब से बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं से जुड़ी हैं। स्कूल संचालकों का कहना है कि छात्रों की संख्या के हिसाब से बैठने की व्यवस्था नहीं है, जहां पिछले वर्ष उन विद्यालयों में 600 बच्चों के परीक्षा कराई गई थी, वहां इस बार 800 से अधिक छात्र आवंटित कर दिए गए हैं। साथ ही, संचालकों ने पिछले साल की तरह छात्र आवंटित करने की मांग की है।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र बनाए गए स्कूल आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। इन आपत्तियों के साथ-साथ स्कूलों से प्रमाण भी मांगे गए हैं। चार दिसंबर के बाद सभी आपत्तियों का सत्यापन किया जाएगा, इसके बाद बोर्ड द्वारा केंद्रों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले दबोचे

नोएडा। सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल झपटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन, एक बाइक और एक अवैध हथियार बरामद हुआ। एसीपी द्वितीय स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम की मंगलवार रात टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सेक्टर-62 स्थित सीडेक के पास टीम ने बाइक सवार दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। टीम ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया।

बदमाशों की पहचान मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर निवासी बॉबी चौहान और जिला फिरोजाबाद के नारखी गांव निवासी लोकेश माथुर के रूप में हुई। दोनों आरोपी वर्तमान में गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में किराये पर रहते हैं। तलाशी ली तो उनके पास से चार मोबाइल फोन और एक अवैध हथियार बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि वह राहगीरों से मोबाइल फोन झपटते थे। इसके बाद मोबाइल फोन को राह चलते लोगों को सस्ते दाम पर बेचते थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल



**मोदीनगर।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बिसोखर के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर की हरमुखीपुरी कॉलेनी निवासी शेखर बाइक से सामान खरीदने के लिए जा रहे थे। जब वह बिखोखर रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रहे वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## विकास भवन में दिव्यांगों का सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दिव्यांगजनों के साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिला दिव्यांगजन अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि दिव्यांगों को सहायक उपकरण देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों को उपकरण देना नहीं, बल्कि उन्हें यह अहसास दिलाना है कि समाज उनके साथ खड़ा है। इस दौरान 10 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, एमआर किट, 50 स्मार्ट केन ,22 ट्राई साइकिल, 22 जोड़ी बैसाखी, 30 व्हील चेयर, 15 ब्रेल किट सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया गया।

### टीबी मरीजों को छह माह से पोषण राशि नहीं मिली

**गाजियाबाद।** जिले में टीबी के मरीजों को मिलने वाली पोषण राशि पिछले छह माह से अटकी है। इससे मरीज इलाज के दौरान पोषण की कमी से जूझ रहे हैं। रोगी सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता का इंतजार कर रहे हैं। जिले में टीबी के 19 हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज चल रहा। इस दौरान भरपूर पोषण की जरूरत होती है। इसके लिए निक्षय पोटली का वितरण भी कराया जा रहा है, लेकिन सरकार की ओर से प्रत्येक मरीज को हर महीने 1000 रुपये पोषण राशि दी जाती है। यह राशि इलाज शुरू होने के बाद एक महीने पर पहली किस्त और फिर हर तीन महीने में मिलती है, लेकिन छह महीनों से भुगतान न होने से मरीज परेशान हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव का कहना है कि शासन से भुगतान पोर्टल में बदलाव किया गया है।

## समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रोहिणी-डी के वार्ड 54 में किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बुधवार को रोहिणी-डी के वार्ड-54 में सफाई व्यवस्था और अन्य जन शिकायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने एवं अतिक्रमण को लेकर जन शिकायतों को दूर करने के निर्देश दिए। रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने लोगों की ओर से समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन और दिव्य ज्योति अपार्टमेंट के नजदीक अतिक्रमण को लेकर मिल रही शिकायतों पर निरीक्षण किया एवं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जहां भी अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है, वहां लोगों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए उचित कार्यवाही करें। समाज कल्याण मंत्री ने निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, नालों की सफाई तथा स्थानीय नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता किसी भी क्षेत्र की बुनियादी जरूरत है एवं सभी नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार के जन प्रतिनिधि लगातार स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण कर जन शिकायतों को दूर करने और स्वच्छता कार्यों में जुटे कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने दिल्ली के कई क्षेत्रों में विकास कार्यों को पीछे ढकेल दिया था, लेकिन अब तस्वीर तेजी से बदल रही है।

### इमरान मसूद के मामले में सुनवाई नहीं हुई

**गाजियाबाद।** धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद के मामले में बुधवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई होनी थी। न्यायाधीश का ट्रांसफर होने की वजह से कोर्ट खाली चल रही है। इस कारण सुनवाई टल गई। अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तारीख लगाई गई है।

अदालत से मिली जानकारी के अनुसार इमरान मसूद वर्ष 2007 में सहारनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने गैर कानूनी तरीके से नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पर रहते हुए पालिका के खाते से करीब 40 लाख रुपये निकाल लिए थे। इस मामले में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी यशवंत सिंह ने इमरान मसूद के खिलाफ छह नवंबर 2007 में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था।


## खेल स्पर्धा का शुभारंभ कल से होगा



- जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ऋषि कुमार ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार से मुरादनगर ऑर्डिनेंस फैक्टरी स्थित जेएलएस गर्ल्स इंटर कॉलेज में होगा

**गाजियाबाद।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से मुरादनगर में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ऋषि कुमार ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार से मुरादनगर ऑर्डिनेंस फैक्टरी स्थित जेएलएस गर्ल्स इंटर कॉलेज में होगा। मुख्य अतिथि मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी रहेंगे। विभिन्न खेलों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ऋषि कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स ,बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, जूडो, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन व फुटबॉल खेल की सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की विधाओं का आयोजन होगा। इन खेलों में जिले के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं।

## कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी, मुकदमा दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

मलकपुर गांव में किराये के मकान में रहने वाले छात्र के कमरे से सामान चोरी हो गया। कमरे का ताला तोड़कर चोर सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मलकपुर गांव में शिवम कुमार किराये के मकान में रहता है। वह नॉलेज पार्क के कॉलेज से पढ़ाई कर रहा है। वह सोमवार को कमरे का ताला लगाकर कॉलेज गया था। वह दोपहर को वापस लौटा तो कमरे का ताला टूटा था और कमरे से लैपटॉप, चार्जर और पेन ड्राइव आदि सामान गायब था। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

स्वाति मालीवाल का दावा : बुरी तरह नशे की चपेट में पंजाब

## नशीले पदार्थों की आपूर्ति करा रहे नशा मुक्ति केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राज्यसभा में बुधवार को आम आदमी पार्टी की स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी के शासन वाले राज्य पंजाब के बुरी तरह से नशे की चपेट में होने तथा राज्य के नशा मुक्ति केंद्रों द्वारा मादक पदार्थों की आपूर्ति कराये जाने का दावा किया।

मालीवाल ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि ईडी ने इस वर्ष पंजाब में 22 नशा मुक्ति केंद्र पर छापे मारे हैं। उन्होंने कहा कि इन छापों में पता चला कि ये नशा मुक्ति केंद्र लोगों का नशा छुड़वाने का काम नहीं कर रहे थे बल्कि उल्टा नशीले पदार्थों की आपूर्ति करवा रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब की सरकार नशा मुक्ति के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग एवं विज्ञापन लगाकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है पर आज भी राज्य ड्रग्स की चपेट में है। मालीवाल ने पूरक प्रश्न पूछा कि पंजाब सरकार द्वारा जिस धन को नशा मुक्ति के लिए खर्च किए जाने की जरूरत है, क्या केंद्र सरकार कुछ ऐसा कर सकती है कि यह धन राज्य सरकार नशा मुक्ति के लिए ही खर्च करे तथा नशीले पदार्थों की चपेट में बुरी तरह से आये पंजाब में यह समस्या दूर की जा सके। उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि क्या कोई ऐसा कदम उठाया जा सकता है जिससे पंजाब में नशा मुक्ति केंद्र केवल नशा मुक्ति का ही काम करें? आप सदस्य के प्रश्नों का जवाब देते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने स्वीकार किया कि मालीवाल ने प्रश्न पूछते समय जिन समस्याओं का उल्लेख किया, वैसी समस्याएं पंजाब में हैं। मंत्री ने कहा कि पंजाब में जेलों में नशे का प्रचलन बहुत अधिक है तथा केंद्र ने राज्य के दस जिलों में नशा मुक्ति केंद्र शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि आप सदस्य ने पंजाब को लेकर जो चिंताएं जतायी हैं, वे वाजिब हैं।


## संचार साथी
# सुझावों पर सहमति

'संचार साथी' पोर्टल को लेकर विपक्ष के आरोपों के बीच संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कहा, पूरा अधिकार नागरिक का है। हमने केवल सभी को यह ऐप उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाया है। सिंधिया ने कहा कि 'संचार साथी' ऐप के माध्यम से न तो जासूसी (स्नूपिंग) संभव है और ना होगी। सिंधिया ने सभी नए मोबाइल उपकरणों में साइबर सुरक्षा के लिहाज से इस ऐप को प्रीलोड करने के सरकार के निर्देश पर उठे विवाद के बीच लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह बात कही।उन्होंने कहा कि संचार साथी ऐप के आधार पर न स्नूपिंग संभव है, न होगी। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की जनता के हाथ में अधिकार देना चाहती है ताकि वे खुद को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि जनता की प्रतिक्रिया पर मिली सफलता के आधार पर यह प्रयोग किया गया है और भविष्य में जनता के ही सुझावों के आधार पर सरकार इसमें परिवर्तन के लिए तैयार है।संचार मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का इस बारे में कोई ''हठ'' नहीं है। संचार मंत्रालय के 28 नवंबर के आदेश में सभी मोबाइल उपकरण विनिर्माताओं को सभी नए हैंडसेट में अनिवार्य रूप से 'संचार साथी' ऐप पहले से इंस्टॉल करने को कहा गया है और मौजूदा मोबाइल फोन पर अपडेट के माध्यम से इसे इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया है। सरकार के इस आदेश पर विवाद शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा और अन्य कुछ विपक्षी सदस्यों ने इसे अनिवार्य किए जाने की आलोचना करते हुए कहा, ₹लोगों को यह अधिकार होना चाहिए कि वे सरकार की निगरानी के बिना निजी संदेश भेज सकें। इस पर सफाई देते हुए सिंधिया ने संसद भवन परिसर में कहा कि इस ऐप को भी मोबाइल पर अन्य ऐप की तरह हटाया जा सकता है। वह सदन में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के पूरक प्रश्न के उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग और धोखाधड़ी से नागरिकों को बचाने की सोच के साथ 2023 में 'संचार साथी' पोर्टल की शुरुआत की गई थी और 2025 में इसके लिए ऐप का प्रयोग शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इस ऐप से जनभागीदारी के आधार पर साइबर धोखाधड़ी से नागरिकों को बचाना और मोबाइल चोरी की घटनाओं को कम करना ही उद्देश्य है।सिंधिया ने कहा कि पोर्टल पर जनता की अच्छी प्रतिक्रिया के आधार पर ही सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर जनता की प्रतिक्रिया से चोरी के लाखों मोबाइल फोन का पता चला, वहीं धोखाधड़ी के छह लाख मामलों को रोका जा सका।सिंधिया ने साफ किया कि संचार साथी ऐप के माध्यम से नागरिकों को विकल्प दिया गया है और जब तक वे इस पर पंजीकरण नहीं करते, उनके मोबाइल में यह काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा,पूरा अधिकार नागरिक का है। हमने केवल सभी को यह ऐप उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाया है। संचार मंत्री के इस बयान बाद सरकार ने स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए सभी नए मोबाइल फोन में साइबर सुरक्षा ऐप 'संचार साथी' को पहले से अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश को बुधवार को वापस ले लिया। यह कदम उन बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया है जिनमें कहा गया था कि इससे उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघन होने के साथ निगरानी का जोखिम हो सकता है। हालांकि, सरकार का संचार साथी ऐप के बारे में कहना है कि यह केवल चोरी हुए फोन का पता लगाने और ब्लॉक करने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने में मदद करता है। ऐप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'सरकार ने मोबाइल विनिर्माताओं के लिए ऐप पहले से इंस्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है।' यह कदम विपक्षी दलों और निजता का समर्थन करने वालों के विरोध के बाद उठाया गया है। उनका कहना था कि ऐप कॉल सुनने के साथ-साथ संदेश भी पढ़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि एप्पल और सैमसंग जैसे कुछ विनिर्माताओं ने 28 नवंबर के आदेश पर अपनी आपत्ति जताई है।

# भोपाल गैस त्रासदी का असर

**योगेश कुमार गोयल**

1984 में 2-3 दिसम्बर की रात भोपाल में मौत ने ऐसा तांडव मचाया था, जिसके जख्म आज तक नहीं भरे हैं। भयानक गैस त्रासदी की उस घटना को पूरी दुनिया के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी और हृदयविदारक औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है। 2-3 दिसम्बर 1984 को आधी रात के बाद यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) से निकली जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' ने हजारों लोगों की जान ली थी। उस जानलेवा त्रासदी से लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए थे। दुर्घटना के चंद घंटों के भीतर ही कई हजार लोग मारे गए थे और मौतों का यह दिल दहलाने वाला सिलसिला उस रात से शुरू होकर कई वर्षों तक अनवरत चलता रहा। हालांकि इसी साल भोपाल के जहरीले कचरे का निपटान किया जा चुका है किन्तु भोपाल गैस कांड को 41 साल बीत जाने के बाद भी इसका असर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और इस त्रासदी से पीड़ित होने वालों के जख्म आज भी हरे हैं।




भोपाल गैस त्रासदी पत्थर दिल इंसान को भी इस कदर विचलित कर देने वाली थी कि हादसे में मारे गए लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया था जबकि करीब दो हजार जानवरों के शवों को विसर्जित करना पड़ा था, आसपास के सभी पेड़ बंजर हो गए थे। एक शोध में यह तथ्य सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। इनमें से बहुत से लोग कैंसर सहित बहुत सी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और घटना के 40 साल बाद भी इस गैस त्रासदी के दुष्प्रभाव खत्म नहीं हुए हैं। विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 558125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था तथा बहुत सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब 8 हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब 8 हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गए थे।

हजारों लोगों के लिए काल बने और लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देने वाले भोपाल में यूसीआईएल के कारखाने का निर्माण वर्ष 1969 में हुआ था, जहां 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' (मिक) नामक पदार्थ से कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। उस कारखाने के टैंक संख्या 610 में निर्धारित मात्रा से ज्यादा एमआईसी गैस भरी हुई थी और गैस का तापमान निर्धारित 4.5 डिग्री के स्थान पर 20 डिग्री था। पाइप की सफाई करने वाले हवा के वेंट ने काम करना बंद कर दिया था। इसके अलावा बिजली का बिल बचाने के लिए मिक को कूलिंग स्तर पर रखने के लिए बनाया गया फ्रीजिंग प्लांट भी बंद कर दिया गया था। 3 दिसम्बर 1984 को इस कार्बाइड फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का जो रिसाव हुआ, उसका एक बड़ा कारण माना गया कि टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के साथ पानी मिल जाने से रासायनिक प्रक्रिया होने के परिणामस्वरूप टैंक में दबाव बना और टैंक का अंदरूनी तापमान 200 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे धमाके के साथ टैंक का सेफ्टी वाल्व उड़ गया था और यह जहरीली गैस देखते ही देखते पूरे वायुमंडल में फैल गई। अचानक हुए जहरीली गैस के इस रिसाव से बने गैस के बादल हवा के झोंके के साथ वातावरण में फैल गए और इसकी चपेट में आने वाले लोग मौत की नींद सोते गए। जिन लोगों के फेफड़ों में सांस के जरिये गैस की ज्यादा मात्रा पहुंच गई, वे सुबह देखने के लिए जीवित ही नहीं बचे। बहुत सारे लोग ऐसे थे, जिन्होंने नींद में ही अपनी आखिरी सांस ली। लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर यह सब हो क्या रहा है? दुर्घटना के चार दिनों बाद 7 दिसम्बर 1984 को यूसीआईएल अध्यक्ष एवं सीईओ वारेन एंडर्सन की गिरफ्तारी हुई थी किन्तु विड़म्बना देखिये कि इतने भयानक हादसे के मुख्य आरोपी को गिरफ्तारी के महज छह घंटे बाद मात्र 2100 डॉलर के मामूली जुर्माने पर रिहा कर दिया गया था। उसके बाद वह अवसर का लाभ उठाते हुए भारत छोड़कर अपने देश अमेरिका भाग गया, जिसे भारत लाकर सजा देने की मांग निरन्तर उठती रही लेकिन भारत सरकार अमेरिका से उसका प्रत्यर्पण कराने में विफल रही। 29 सितम्बर 2014 को वारेन एंडर्सन की मौत हो गई। इस हादसे से पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंची, जिसकी भरपाई सरकारें आज तक नहीं कर पाई हैं। सरकारों का रूख इस पूरे मामले में संवेदनहीन ही रहा। कई रिपोर्टों में इस क्षेत्र में भूजल प्रदूषण की पुष्टि होने के बाद भी सरकार द्वारा जमीन में दफन जहरीले कचरे के निष्पादन की कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। दरअसल इस भयावह गैस त्रासदी के बाद हजारों टन खतरनाक अपशिष्ट भूमिगत दफनाया गया था और सरकारों ने भी स्वीकार किया है कि यह क्षेत्र दूषित है। गैस रिसाव के करीब आठ घंटे बाद भोपाल को भले ही जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था किन्तु हकीकत यही है कि इस गैस त्रासदी के 41 वर्षों बाद भी भोपाल उस हादसे से उबर नहीं पाया है।

# राजनीतिक टकराव और संवाद की नयी चुनौती

**कांतिलाल मांडोत**

शीतकालीन सत्र हमेशा से राजनीतिक तापमान का आईना माना जाता रहा है। वर्ष के अंतिम महीने में जब केंद्र सरकार अपनी उपलब्धियों और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करती है, तब विपक्ष इसे जवाबदेही और जनहित के मुद्दों को उठाने के अवसर के रूप में देखता है। इसी उम्मीद और उत्सुकता के बीच 1 दिसंबर से आरंभ हुआ संसद का यह शीतकालीन सत्र, अपने पहले ही दिन उस सौहार्द्र और गंभीरता से दूर दिखाई दिया जिसकी एक लोकतांत्रिक संस्था से अपेक्षा की जाती है। पहले दिन राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। कारण वही पुराना-हंगामा, नारेबाजी और तीखी राजनीतिक तल्खी। सत्र शुरू होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को एक स्पष्ट संदेश दिया कि संसद का मंच राजनीति की लड़ाई का एरिना नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों पर काम करने का स्थान है। उनकी टिप्पणी, सदन में ड्रामा नहीं, डिलेवरी चाहिए, में सिर्फ राजनीतिक व्यंग्य नहीं था, बल्कि कार्यसंस्कृति पर गंभीर चिंता का संकेत भी झलक रहा था। मोदी ने विपक्ष से यह भी कहा कि चुनाव परिणामों में पराजय मिलना राजनीतिक जीवन का अंग है, लेकिन पराजय की निराशा में डूबकर सदन को ठप कर देना लोकतांत्रिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सरकार ट्रिप्स जैसी बहसों और विधायी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, लेकिन यह तभी संभव है जब विपक्ष मजबूत मुद्दे उठाए और सहयोग की भावना दिखाए। अचानक इस्तीफे पर राजनीति का बवंडर तेज हुआ। सत्र की शुरुआत से पहले ही एक बड़ा राजनीतिक तूफ़ान उस वक्त खड़ा हो गया जब राज्यसभा के पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराष्ट्रपति जैसे पदों को संभाल चुके धनखड़ के इस निर्णय ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे असामान्य कदम बताते हुए सवाल किया कि इतनी बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी छोड़ने के पीछे कौन-सा दबाव या परिस्थिति रही होगी।

खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि अगर खड़गे जी को इस विषय में बहुत तकलीफ हो रही है तो उन्हें डॉक्टर को दिखाना चाहिए। यह बयान दर्शाता है कि आने वाले दिनों में सत्ता और विपक्ष के बीच वाद-विवाद कैसे मोड़ ले सकता है। सत्र का एजेंडा बड़ा, लेकिन माहौल गर्म है। शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होना है। कुल 15 बैठकें प्रस्तावित हैं और सरकार लगभग 10 विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इनमें तंबाकू और पान मसाला पर सेस लगाने वाला बिल, दिवाला कानून में सुधार, और जनविश्वास संशोधन जैसे महत्वपूर्ण विधायी प्रस्ताव शामिल हैं। संसदीय समितियों को भी कई रिपोर्टें प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। लेकिन पहले ही दिन विपक्ष ने एसआईआर मुद्दे पर जोरदार हंगामा किया। इससे सरकार के विधायी कार्यक्रम पर अनिश्चितता के बादल मंडराते नजर आए। सरकार का आरोप है कि विपक्ष बिना पर्याप्त चर्चा के सिर्फ बाधा उत्पन्न करने की रणनीति अपना रहा है। वहीं विपक्ष कहता है कि उसके सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा और सरकार संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा से बच रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में हो रहे व्यवधानों पर स्पष्ट अपील की। मेरी चिंता यह है कि सदन चले। जनता हम सब से काम की उम्मीद करती है। सत्र की शुरुआत में सी.पी. राधाकृष्णन को राज्यसभा के नए सभापति के रूप में स्वागत किया गया। मोदी ने उनके अनुभव की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सदन की कार्यवाही अधिक गरिमामय और प्रभावी होगी। लेकिन स्वागत समारोह के माहौल में भी दलगत राजनीति की तल्खी कम नहीं हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने खड़गे पर आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति के लिए अनुचित शब्द बोले। यह आरोप भी सत्र के शुरुआत में तनाव का एक और सूत्र बन गया। विपक्ष के भीतर भी समानता नही लेकिन भिन्न आवाजेंसुनाई दी। हंगामे के इस माहौल में विपक्ष के भीतर भी अलग-अलग स्वर सुनाई दिए। गोगोई ने कहा कि अगर विपक्ष के मुद्दों को सत्र में उचित स्थान और चर्चा मिले, तो वे सरकार के सभी विधेयकों पर सहयोग करने को तैयार हैं। यह बयान संकेत देता है कि विपक्ष की मंशा केवल हंगामा करना नहीं है, बल्कि बहस और संवाद भी चाहता है। यदि उसे सम्मानजनक अवसर मिले।

हालाँकि, इस बीच राहुल गांधी सदन से उस समय बाहर निकल गए जब कार्यवाही हंगामे के कारण रुकावट का सामना कर रही थी। यह घटना भी राजनीतिक व्याख्याओं का विषय बनी। इस बीच चिराग पासवान ने कहा कि हंगामा छवि चमकाता है, काम नहीं, लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने विपक्ष के विरोध को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की। हंगामा करने वाला अपनी छवि चमकाता है, लेकिन काम नहीं करता। पासवान के इस वक्तव्य ने सत्ता पक्ष की उस भावना को मजबूत किया, जिसमें वे कहते हैं कि विपक्ष सिर्फ नकारात्मक राजनीति कर रहा है और संसद के संचालन में बाधा डाल रहा है। सत्र के पहले दिन जिस प्रकार कार्यवाही बाधित हुई, उसने इस विवाद को फिर जन्म दिया कि क्या लगातार हंगामे के माध्यम से विपक्ष अपनी भूमिका को कमजोर कर रहा है, या यह उनके लिए मजबूरी है क्योंकि सरकार उन्हें बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं देती ?सत्ता पक्ष का तर्क है कि हंगामा लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। संसद बहस, विचार और नीतिगत विमर्श का स्थान है, और लगातार व्यवधान से न सिर्फ विधायी कामकाज रुकता है, बल्कि जनता का विश्वास भी डगमगाता है। विपक्ष का दावा है कि संवेदनशील मुद्दों पर सरकार की चुप्पीऔर अड़ियल रवैया उन्हें कठोर कदम उठाने पर मजबूर करता है। लोकतंत्र का बड़ा सवाल है किसदन में पहले दिन की उथल-पुथल इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में शीतकालीन सत्र किसी राजनीतिक परीक्षा से कम नहीं होगा। सरकार जहां विकास, अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और प्रशासनिक सुधारों पर विधायी एजेंडा आगे बढ़ाना चाहती है, वहीं विपक्ष अधिक आक्रामक और तप्त सवालों के साथ तैयार बैठा है। इस सत्र की असली कसौटी यह होगी कि क्या संसद अपने मूल दायित्व जनता के लिए कानून बनाना और शासन पर निगरानी रखना, को पूरा कर पाएगी या फिर राजनीतिक ध्रुवीकरण इसे फिर से जाम कर देगा? लोकतंत्र का सार संवाद है, और संवाद के लिए बहस काअधिकार भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना संयम का। पहले दिन की घटनाओं ने देश को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हमारा राजनीतिक वर्ग इस संतुलन को पुनः स्थापित कर पाएगा। शीतकालीन सत्र की यह आरंभिक हलचल संकेत देती है कि आने वाले 18 दिन शांत नहीं रहने वाले। परंतु यदि सत्ता और विपक्ष अपने-अपने राजनीतिक हितों के ऊपर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दें, तो यह सत्र महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दे सकता है। अंततः संसद जनता की उम्मीदों का मंच है। और इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए चाहिए न ड्रामा, न आरोपों का तूफान, बल्कि ठोस कार्य, सार्थक बहस और लोकतांत्रिक परिपक्वता। यह तभी सम्भव है, जब विपक्ष इस बात को समझे और समझकर उनकी जवाबदेही पर पुनः विचार करे।

# सर्दी में शादियों का शोर व पहनावे का दौर

**इस समझौते के तहत गर्म कपड़े लेकर गए लेकिन हमजोलियों की कम्बख्त सेल्फियों ने ना मेरा भी हौसला झुकने नहीं दिया तो बेचारी शॉल देवी सवारी पर ही रह गई लेकिन हम पर सवार नहीं हो सक़ी।**



**सारिका सिंह**

आजकल के गुनगुने मौसम वाली शादियाँ मजेदार होती हैं, जहाँ खाने-पीने की आज़ादी होती है और पहनने-ओढ़ने की कोई पाबन्दी भी नहीं होती और पाबन्दी हो भी तो कौन सी हमारी कौम (महिलाएं ) मान जाने वाली है। बर्फ ही पड़ती रहे लेकिन एक पतली सी बारीक शॉल की भी इतनी जुर्रत नहीं कि हमारी सोच, हमारे अस्तित्व या हमारे दायरे की दहलीज़ को भी छू सके। इधर कई बार से जब भी जाड़े की शादियों में गई तो ठंड से लड़ाई लड़ने का मन नहीं किया। इस समझौते के तहत गर्म कपड़े लेकर गए लेकिन हमजोलियों की कम्बख्त सेल्फियों ने ना मेरा भी हौसला झुकने नहीं दिया तो बेचारी शॉल देवी सवारी पर ही रह गई लेकिन हम पर सवार नहीं हो सक़ी।

कुछ कपड़ों की किस्मत संदूक तक की ही होती है। इन जाड़े के कपड़ों की किस्मत ऐसी ही है। खासकर मेरी उम्र की मोहतरमाओं की। हम बेचारियां ना ज्यादा जड़ा ही पा रहीं ना ही जाड़ा बर्दाश्त ही कर पा रही और इधर जतन से खरीदे हमारे जाड़े के कपड़े आलमारियों में बंद ऊंघ से रहे लेकिन ना निकाले जा रहे ना ही निकल ही पा रहे। इन बेचारों की अकुलाहट इतनी है कि आलमारी खुली नहीं कि एक दो तो बेहोश होकर उलट पड़ते हैं जैसे कह रहे हो कि बहन अब हम हमारी ही गर्मी से पिघल लेंगे।बात शादी की करनी थी और मै अपने कर्मों की कारस्तानी गिनाने लगी छोड़िये आगे की सुनिए. .दूसरों की शादियाँ बचपन से मुझे बहुत रोमांचक लगती थी। अपनी शादी का रोमांच याद नहीं है क्यूंकि (पंडित, नाउन और पुरखिनों की कवायदों से आधे टाइम तो लगता रहा था कि भईया निपटे किसी तरह और हम भी खाली हो)। लेकिन दूसरों की शादियों की बात ही अलग थी। खुद के लिए कितना वक़्त और तैयारी करने की कितनी



ललक होती है ये आप बौराई हम जैसी जनानियों से पूछिए या फिर दर्जी -दुकानदार से तो पता चले।

इसके इतर पहले की शादियाँ साधारण होती थी जहाँ बेकरारी और बेचैनी अपनी इज़्ज़त सँभालने की ज्यादा थी और दिखावे की होड़ कम थी। लेकिन हम सब के लिए उनकी कीमत क्या थी कैसे चंद शब्दों में लिख कर फ़ारिग हो जाऊं सोच नहीं पा रही। मेरा बचपन गाँव के खूबसूरत दिनों में बीता और शादियों का मौसम उसको ऐसा रंगीन बना देता था कि भूले नहीं भूलता। क्यूंकि सदा से शांत और सुलझी रहने वाली मेरी माँ भी रह-रह कर गीत गुनगुनाने लगती थी बात बे बात भूले-बिसरे गीतों को याद करने लगती थी।

मुझे बदली बदली सी मम्मी बहुत अच्छी लगती थी। मम्मी अपने समय की सुपरस्टार थीं क्यूंकि एक तो गाँव भर की चहेती ऊपर से चटक मजेदार सब्जियों के स्वाद की प्रणेता और सारे बड़े बर्तनों जैसे बड़ी कढ़ाही, पीतल के हंडे ,बड़े बटुले और तिरपाल ,बड़े-बड़े कढ़ाह और भगोने बरबस और जबरी उनके घरों तक भिजवाने की अकेली जिम्मेदार। क्यूंकि तब के गाँव में ना लोग ऐसे ही सबकी मदद करते थे और एक दूसरे के साथ खड़े होते थे। क्यूंकि तब शायद खुद की इज़्ज़त से ज्यादा कुनबे की इज़्ज़त बड़ी थी। खैर तब के गाँव और आज के बिकल होते शहरी गाँव में उतना ही फर्क है जितना मुंबई और कोल्हापुर में चाहकर भी दोनों एक जैसे बन नहीं पा रहे।

शादियों की आजवाली रौनक किसी परिस्तान जैसी लगने लगी है जिनके बीच से जोड़े आजकल स्टेज तक लाये जाते हैं और धुएँ और मखमली फुहार से एक जादूई माहौल सा बनाया जाता है। मेरी खुद की शादी का 23वां साल लगा है। लेकिन हर शादी में कसम से एक कसक सी लगती है कि हाय रे मेरी शादी में भी ये होना चाहिए था, ऐसे मनभावन जलसे लोग शादियों में करने लगे हैं।लेकिन परिपक्वता ना बेचारगी महसूस करती है कि क्या लोग सादगी की खूबसूरती नहीं देख पा रहे क्या वाकई शादी को जलसा ही बनाना चाहिए?

क्या दो चार व्यंजनों से पेट नहीं भरेगा या उबकने तक पेट भर लेना हमारी मज़बूरी होती जा रही। बात थोड़ी अजीब लगेगी आपको लेकिन वाकई में मै शादियों में जूठी बिखरी तस्तरियों की बची बेचारी रोटियों और व्यंजनों को देखती हूँ जो मेहमानों नें ऊब कर फेंका होता है। क्या फेंक देना ही आखिरी हल है?

आप मानिये या ना मानिये दोष मेजबानी और मेहमानी दोनों में ही है। मेजबान को भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी ये सोच कर निभानी है कि उतना ही बने कि जितना खा सकें और मेहमान को भी ये शउर आना ही चाहिए कि उतना ही लो थाली में कि व्यर्थ ना जाये नाली में।मेरे लिख लेने से क्या हो जायेगा और आपके पढ़ने से भी क्या होगा आने वाले दिनों में और भी शादियों के जलसे होंगे ,हम फिर से वही सब देखेंगे और करेंगे।जिसके पास पैसे रूपये की दिक्कत नहीं है वह अपने ठाठ की रौनक देखेगा जिसके पास साधन सीमित है वो कर्ज़ा लेगा या फिर कर्ज़े के बोझ को कलेजे पे धरेगा और वही करेगा जो सब कर रहे। खाने वाले फेंकते रहेंगे और बनवाने वाला अपना जिगरा पत्थर सा करके जस के तस यन्त्रवत चलता रहेगा ....

क्यूंकि जीवन एक संघर्ष है

या फिर पुष्पा फ़िल्म का डायलॉग याद करिये कि झुकेगा नहीं

## आप की बात

### लापरवाही की आग?

पिछले काफी समय से आग या लापरवाही से होने वाली आग की घटनाएं बढ़ती जा रही है. कभी इस इस शहर तो कभी उस शहर में, कभी कार में तो कभी बस/ट्रक में, कभी घर में तो कभी बहुमंजिलों में, यहाँ तक कि आग की लपटें आत्महत्याओं तक पहुँच रही हैं. इन सब घटनाओं के पीछे शार्टसर्किट हो सकता है या फिर गाड़ियों के टकराने व पेट्रोल बहने से भी हो सकता है. मानसिक तनाव/प्रताड़ना के कारण आग की लपटों में आत्महत्याओं की बातें भी सामने आयी हैं. ए.सी. बसों में आग की घटनाएं भी बढ़ी हैं जिसकी वजह से जान-मॉल का भारी नुकसान भी हुआ है. बसों में सही रखरखाव न होना, खुद के द्वारा यातायात नियमों का पालन न करना और प्रशासनिक शिथिलता भी दुर्घटनाओं की वजहें बनती जा रही हैं. आग की घटनाएं बढ़ने से कैसे रुके इस हेतु सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए फिर चाहे वे व्यक्तिगत हों या, समूह में अथवा प्रशासनिक. क्योंकि आग तो आग ही होती है फिर चाहे वो लापरवाही की हो या संदेहास्पद परिस्थितियों की. इन्हें रोकना सबका फर्ज है, क्या-क्या सावधानियां बरती जा सकती हैं और क्या-क्या उपाय किये जा सकते हैं इस पर ध्यान दें आम लोग भी और शासन/प्रशासन भी. ताकि अनहोनियों को टाला जा सके और जान-माल की रक्षा की जा सके.

**शकुंतला महेश नेनावा,57, गिरधर नगर, इंदौर (म.प्र.).**

### लंका फिर जलेगी

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का यह बयान कि ''सिंगल लोग हनुमान को मानते हैं, शादीशुदा अलग, शराब पीने वाले अलग, मुर्गा काटने वाले अलग, दाल-चावल खाने वाले अलग, हर समूह का अपना भगवान'' न सिर्फ हास्यास्पद है, हिंदू धर्म की गहन दार्शनिक विविधता पर अज्ञानता की पराकाष्ठा है। हिंदू धर्म में तीन करोड़ नहीं, तीन करोड़ रूप हैं ईश्वर के।

यही एकेश्वरवाद का उदार और वैज्ञानिक स्वरूप है, जहाँ एक ही परम तत्व को अलग-अलग स्वभाव, जरूरत और संस्कृति के अनुसार पूजा जाता है। यह विविधता कमजोरी नहीं, हमारी सभ्यता की ताकत है। रेवंत रेड्डी शायद भूल गए कि जिस हनुमान को वे ''सिंगल लोगों का भगवान'' कहते हैं, वही हनुमान विवाहित रामभक्तों की आस्था भी हैं। वही हनुमान लाखों लोगों को शराब और बुरी आदतों से दूर करने की प्रेरणा देते हैं। क्या यह विविधता नहीं कि एक ही देव हजारों रूपों में सबकी पुकार सुनते हैं? यह बयान नास्तिकता नहीं, सतही समझ का प्रमाण है। जो अपनी संस्कृति का मजाक उड़ाता है, वह सत्ता के लायक कैसे हो सकता है? हिंदू समाज इस अपमान को सहन नहीं करेगा। जय श्रीराम!

**प्रो. आरके जैन ''अरिजीत'', बड़वानी (मप्र)**

### ऊर्जा बहुत लगी, तर्क प्रस्तुत करने में शून्य

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जिस तरह अचानक राजनीतिक तूफान खड़ा किया गया, वह दर्शाता है कि कुछ दल इस प्रक्रिया को सुधार नहीं, बल्कि खतरा मानकर देख रहे हैं। बिहार में एसआईआर का निर्णय सामने आते ही इसे ''वोट चोरी'' का नया नारा दे दिया गया। कांग्रेस व राजद ने आरोपों के सहारे यह धारणा गढ़नी चाही कि यह पूरा अभ्यास उनके समर्थकों के वोट काटकर भाजपा को लाभ पहुंचाने की साजिश है। आरोप लगाने में ऊर्जा बहुत लगी, परंतु तर्क प्रस्तुत करने में लगभग शून्य। सबसे पहले सवाल यही उठता है कि क्या बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) किसी एक दल की विचारधारा पर चलते हैं? और क्या उन्हें यह ज्ञान होता है कि कौन व्यक्ति किस पार्टी को वोट देता है? इन प्रश्नों का उत्तर खुद जनता जानती है, पर उन्हें कभी सामने नहीं रखा गया। बिहार में एसआईआर के दौरान एक ओर विपक्ष ''वोटर अधिकार यात्रा'' निकालता रहा, दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर होती रहीं। लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आए, वास्तविकता सामने आने लगी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि एसआईआर में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। इसके बावजूद संसद में ''वोट चोरी'' का हंगामा जारी रहा।

**विभूति बुपक्या, लॉ स्टूडेंट, दिल्ली यूनिवर्सिटी ,दिल्ली.**


### चुनाव आयोग ने 7 दिन का समय बढ़ाया

एस आई आर की ड्यूटी के दौरान जान गँवाने वाले कर्मचारियो की मौत कोई साधारण आँकड़ा नहीं है यह एक गहरा मानवीय संकट है। पश्चिम बंगाल में इन कर्मचारियों का संकट भारी दिखाई देता है जहां काम का बोझ के कारण बड़ी संख्या में के कर्मचारी मृत्यु के शिकार हुए हैं। चुनाव आयोग ने घटनाक्रम को देखते हुए 7 दिन का समय बढ़ा दिया है,जोकि देर से लिया हुआ कदम है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। सच तो यह है कि इस प्रक्रिया में भारी जटिलता सामने आई हैं जिस कारण मनोवैज्ञानिक दबाव इन कर्मचारियों पर लगातार पड़ रहा है। सरकार और राजनीतिक दल को यह समझना होगा कि ये कर्मचारी कोई मशीन नहीं हैं जो बिना रुके, बिना थके काम करते रहें। उनकी जान की कीमत सिर्फ दस-बीस-तीस लाख रुपये में नहीं आँकी जा सकती। अगर हम वाकई उनके बलिदान की इज्जत करते हैं तो सिर्फ श्रद्धांजलि और मुआवजा देना काफी नहीं है बल्कि ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि अगले चुनाव प्रक्रिया या मतदाता गहन प्रशिक्षण में एक भी कर्मचारी की जान न जाए। यह न सिर्फ मानवीय दायित्व है बल्कि लोकतंत्र के प्रति सच्ची निष्ठा भी है।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# दिवगंत अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियां गंगा में विसर्जित

पायनियर समाचार सेवा। हरिद्वार

दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियां बुधवार सुबह हरिद्वार में गंगा में विधि-विधान के साथ विसर्जित कर दी गईं। मुंबई में अंतिम संस्कार के बाद मंगलवार देर शाम अस्थि कलश लेकर हरिद्वार पहुंचे उनके बेटे सनी देओल और बॉबी देओल ने परिवारजनों के साथ परंपरागत पूजा-अर्चना कर गंगा में अस्थियां प्रवाहित कीं।

श्रवणनाथ नगर स्थित एक निजी होटल के पीछे घाट पर सुबह करीब 7 बजे धार्मिक कर्मकांड पूरे किए गए। अस्थि विसर्जन का पूरा कार्यक्रम पूरी तरह गोपनीय रहा। परिवार ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और सीमित लोगों को भी किसी तरह की जानकारी साझा न करने के निर्देश दिए गए थे। वहीं पूजा संपन्न होने के बाद देओल परिवार बिना किसी औपचारिकता के हरिद्वार से जौलीग्रांट एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गया। घाट से होटल और फिर एयरपोर्ट तक की पूरी मूवमेंट भी सुरक्षा व गोपनीयता के बीच सम्पन्न की गई।

### 24 नवंबर को हुआ था निधन

हिन्दी सिनेमा के हिटमैन धर्मेंद्र का 24 नवंबर को मुंबई में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनके निधन से फिल्म जगत से लेकर प्रशंसकों तक में शोक की लहर है। सनी और बॉबी देओल लगातार पिता की अंतिम रस्मों में जुटे हुए हैं, और हरिद्वार में बुधवार को संपन्न यह कर्मकांड भी परिवार के लिए बेहद भावुक क्षण रहा।

अर्धसैनिक बल के जवान वीरता, साहस और देशभक्ति के चिरस्थायी प्रतीक : मुख्यमंत्री

# देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है उत्तराखंड

- सम्मेलन में सीएम धामी ने पूर्व सैनिकों का बढ़ाया मनोबल

पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी

बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गौलापार हेलीपैड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री धामी सीआरपीएफ परिसर काठगोदाम पहुंचे, जहां अर्धसैनिक बलों के पूर्व सैनिक सम्मेलन में उन्होंने प्रतिभाग किया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है।

यहां पांचवें धाम के रूप में सैन्य धाम का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीरों को उनका शत-शत नमन है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल होकर गर्व महसूस करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड वीरभूमि भी है, और यहां की धरोहर, संस्कृति तथा परंपरा की रक्षा करना सभी का दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।




### अर्द्धसैनिक बलों के कल्याण हेतु विभिन्न घोषणाएं

- भविष्य में प्रेजिडेन्ट पुलिस मेडल-गैलेन्ट्री वीरता पदक से अलंकृत होने वाले अर्द्धसैनिक को एकमुश्त 5 लाख की अनुदान राशि दी जायेगी।
- पूर्व अर्द्धसैनिक एवं अर्द्धसैनिक की वीर नारी, जिसके पास स्वयं की कोई अचल सम्पत्ति नहीं है, को उत्तराखंड राज्य में जीवनकाल में एक बार अचल सम्पत्ति क्रय किये जाने में स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।
- राज्य अर्द्धसैनिक बल कल्याण परिषद् को क्रियाशील किया जायेगा व परिषद् के लिए पुलिस मुख्यालय में एक कार्यालय कक्ष आवंटित किया जायेगा।
- सैनिक कल्याण निदेशालय में उपनिदेशक (अर्द्धसैनिक) एवं बड़े जिलों के जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (अर्द्धसैनिक) के एक-एक पद स्वीकृत किये जायेंगे, जिसमें पूर्व अर्द्धसैनिक संविदा में नियुक्त किये जायेंगे।
- जो अर्द्ध सैनिक बलों के बच्चे हैं, उनको शादी हेतु हमारे सैनिकों के भांति धनराशि प्रदान की जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने सीजीएचएस भवन निर्माण हेतु तत्काल प्राथमिकता देते हुए भूमि चयन करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

### सीएम ने विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों किया पुरस्कृत

सीएम धामी ने हल्द्वानी में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित 'राज्य स्तरीय दिव्यांग पुरस्कार' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं। उनकी प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच उन्हें समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनाती है। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज से अपील की कि दिव्यांगजनों को अधिक अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे अपनी क्षमताओं का उपयोग कर मुख्यधारा में सक्रिय योगदान दे सकें।

# आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या




- शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी

आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग दंपति ने आत्मघाती कदम उठाया है। हादसे के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। घटना लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के हल्दूचौड़ इलाके में प्रतिष्ठित व्यवसायी दुमका ट्रेडर्स के मालिक रमेश दुमका (65) और उनकी पत्नी कमला दुमका (50) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग दंपति में मंगलवार देर रात यह हृदयविदारक कदम उठाया। दोनों के शव घर के प्रथम तल के अलग-अलग कमरों में पंखे से लटके मिले। बुधवार सुबह घर के अन्य सदस्यों ने उन्हें देखा।

परिवार वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक रमेश दुमका लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से परेशान चल रहे थे। चर्चा है कि इसी मानसिक तनाव के चलते दंपत्ति ने यह खौफनाक कदम उठाया। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय अनसूया मेला

- दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर क्षेत्र की सभी देवियों की डोलियां भी सती मां अनसूया के दरबार पहुंचीं

पायनियर समाचार सेवा। गोपेश्वर

संतानदायिनी शक्ति शिरोमणि माता अनसूया का दो दिवसीय मेला विधि विधान व पूजा-पाठ के साथ बुधवार को शुरू हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट व बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया। दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर क्षेत्र की सभी देवियों की डोलियां भी सती मां अनसूया के दरबार पहुंचीं।

मां अनसूया मंदिर में दत्तात्रेय जयंती पर सम्पूर्ण भारत से हर वर्ष निसंतान दंपत्ति और भक्तजन अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए पहुंचते है। जिला प्रशासन ने मेले के दौरान पूरे पैदल मार्ग पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए है। विदित हो कि पौराणिक काल से दत्तात्रेय जयंती पर हर वर्ष सती माता अनसूया में दो दिवसीय मेला आयोजित किया जाता हैं। मां अनुसूया मेले में निसंतान दंपत्ति और भक्तजन अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए पहुंचते है। मान्यता है कि मां के दर से कोई खाली हाथ नहीं लौटता। मां सबकी झोली भर्ती है। इसलिए निसंतान दंपत्ति पूरी रात जागकर मां की पूजा अर्चना कर करते हैं।



## यूकेएसएसएससी ने निकाली 57 पदों पर भर्ती

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने राज्य के विभिन्न विभागों में कुल 57 पदों पर भर्ती के लिए नया नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार इस भर्ती में मनोवैज्ञानिक, पर्यटन अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, प्रशिक्षक, अनुदेशक, कैमरा मैन, फोटो कॉपी मशीन ऑपरेटर और जूनियर तकनीकी सहायक सहित कई तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पद शामिल हैं।

**10 दिसंबर से आवेदन शुरू**

आवेदन प्रक्रिया 10 दिसंबर 2025 से ऑनलाइन शुरू होगी, जबकि 30 दिसंबर 2025 आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। आयोग ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन में सुधार की अवधि 3 से 5 जनवरी 2026 निर्धारित की है। आयोग के अनुसार इस भर्ती की लिखित परीक्षा 9 मार्च 2026 से आयोजित की जानी प्रस्तावित है।

# उत्तराखंड अंडर-16 क्रिकेट टीम में पैनखंडा के आदित्य का चयन

- आदित्य ने इसका श्रेय अपने कोच व अपने पिता को दिया

पायनियर समाचार सेवा। ज्योतिर्मठ



ज्योतिर्मठ ब्लॉक के उर्गम गांव से अंडर-16 उत्तराखंड क्रिकेट टीम में आदित्य चौहान का चयन होने के बाद पुरे पैनखंडा में खुशी की लहर है। आदित्य चौहान के अंडर-16 उत्तराखंड क्रिकेट टीम में चयन होने पर उन्होंने का श्रेय अपने कोच व अपने पिता को दिया। आदित्य चौहान का कहना है कि उनका बचपन से ही क्रिकेट में रूचि थी। और उनका सपना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलना है।

आदित्य चौहान के पिता चंद्र मोहन चौहान भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति है। पिता चंद्र मोहन चौहान ने बेटे की क्रिकेट के प्रति लगन को देखते हुए भरपूर सहयोग और प्रोत्साहन दिया। आज उसी का फल है कि बेटा राज्य का नाम क्रिकेट में रोशन कर रहा है। उनके पिता चंद्र मोहन बताते है कि आदित्य 8 वर्ष की आयु से क्रिकेट के गुरू सीख रहें है।

आदित्य ने देहरादून के कई क्रिकेट अकादमी से प्रशिक्षण लिया तथा उनकी और उनके कोच की मेहनत से आज उनका चयन अंडर 16 उत्तराखंड क्रिकेट टीम में हुआ।

# महिला श्रमिकों की सुरक्षा के लिए नाइट शिफ्ट की नई गाइडलाइन लागू

- नियोक्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए नियमों का सख्ती से करें पालन

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

महिला श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार ने नाइट शिफ्ट में काम करने से जुड़े नियमों को और अधिक सख्त और व्यवस्थित कर दिया है। नए संशोधन के तहत अब किसी भी महिला कर्मचारी को नाइट शिफ्ट में लगाने से पहले उसकी लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा।

उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) शुभ्रा त्यागी गोयल ने बताया कि सहमति मिलने के बाद भी नियोक्ताओं को कई सुरक्षा प्रावधानों का पालन करना होगा। इसमें प्रमुख रूप से पिक एंड ड्रॉप की अनिवार्य व्यवस्था, कार्यस्थल से घर तक सुरक्षित परिवहन और पूरे परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। नए नियमों के अनुसार, कार्यस्थल का कोई भी क्षेत्र अंधेरा या असुरक्षित नहीं होना चाहिए। साथ ही पूरा एस्टेब्लिशमेंट सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहना आवश्यक होगा ताकि सुरक्षा संबंधी किसी भी स्थिति पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।



केंद्रीय श्रम विभाग का कहना है कि इन प्रावधानों का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है, ताकि वे कार्यस्थल पर बिना किसी जोखिम या असुरक्षा के अपने दायित्व निभा सकें। नियोक्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए नियमों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य फिर से शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने राज्यभर में स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य पुनः शुरू करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह निर्णय उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से मिली शिकायतों के निस्तारण के बाद लिया गया है। निदेशक (परिचालन) एम.आर. आर्य द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि 22 नवंबर को प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्मार्ट मीटर बदलने की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से रोका गया था। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष मेगा कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जहां शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। यूपीसीएल ने स्पष्ट किया है कि अब स्मार्ट मीटरों की स्थापना मीटर बदलना, एनएससी, आईडीएफ मीटर परिवर्तन आदि की प्रक्रिया पूर्व की भांति पुनः सुचारू रूप से शुरू की जा रही है।

किशोरी की रविवार की रात्रि में हुई मौत, परिजनों ने सोमवार को तड़के ही दफनाया

# शव कब्र खोदकर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

- तहसीलदार व एसओ की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरा गया

पायनियर समाचार सेवा। नानकमत्ता

किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्र से खोदकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रविवार को किशोरी की मौत के बाद शव को सोमवार की तड़के पांच बजे दफना दिया गया था।

एसओ उमेश कुमार ने बताया कि सोमवार को दोपहर में पुलिस को सूचना मिली कि एक नवम्बर की रात्रि करीब नौ बजे ग्राम बिसोटा निवासी राधेश्याम पुत्र राज किशोर की 14 वर्षीय पुत्री वंदना की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। आशंका जतायी गयी कि विषाक्त पदार्थ के सेवन से किशोरी की मौत हो सकती है। परिजनों ने इसकी भनक गांव के लोगों व पुलिस को भी नहीं होने दी। सोमवार की तड़के में ही शव को कार्मेन नदी के किनारे दफना दिया था। सोमवार को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ कर मौत के कारणों की जानकारी ली। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, थानाध्यक्ष उमेश कुमार के समक्ष दफनाये स्थल पर पुलिस ने खुदाई कर शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेजा।



### वंदना के पिता ने की थी दो शादियां

वंदना के पिता राधेश्याम ने पुलिस को बताया कि उसकी दो शादियां है। पहली पत्नी के दो पुत्र हैं। पहली पत्नी ने 15 वर्ष पहले छोड़ दिया था। पहली पत्नी उससे पैदा हुए दोनों पुत्र उससे अलग रहते हैं। दूसरी पत्नी ममता की दो पुत्रिया 14 वर्षीय वंदना एवं नौ वर्षीय काजल है। राधेश्याम के अनुसार रविवार को उसकी पत्नी ममता अपनी छोटी बेटी काजल के लिए बाजार से एक जोड़ी जूता खरीद कर लाई थी। जिसको लेकर बड़ी पुत्री वंदना ने काजल के लिए जूते लेकर आने व उसके लिए नहीं लाने पर एतराज जताया।

कांग्रेस का 'संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

# भाजपा की नीतियों से खतरे में संविधान एवं लोकतंत्र

- वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

कांग्रेस मुख्यालय में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में 'संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' विषय पर प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल, कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना सहित अन्य वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनकी नीतियों और कार्यप्रणाली के कारण संविधान और लोकतंत्र पर संकट मंडरा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना अब हर नागरिक और राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की दिशा में मार्गदर्शन देना है।




### दिल्ली रैली के लिए कांग्रेस ने तेज की तैयारी

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस ने 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि कार्यक्रम को बड़े स्तर पर सफल बनाने के लिए सभी जिला और महानगर अध्यक्षों को सक्रिय रूप से जुटने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी ने जिलों के साथ-साथ विधानसभा स्तर पर भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है, जो कार्यकर्ताओं की भागीदारी और तैयारियों की निगरानी करेंगे। गोदियाल ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं के साथ नियमित बैठकों और जूम मीटिंग्स के माध्यम से रैली की रणनीति पर विस्तार से काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे और रैली को मजबूत समर्थन देंगे। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को 2024 चुनावों के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया है और कहा है कि जनता की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का यह बड़ा अवसर होगा।



# धारी गांव की ऐतिहासिक रामलीला के स्वर्ण जयंती वर्ष का भव्य शुभारंभ

- बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी रहे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने अपने गृह क्षेत्र यमकेश्वर स्थित ग्राम धारी ढ़ागू में आयोजित श्री आदर्श रामलीला कमेटी के आमंत्रण पर नवें दिन की रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया। यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण रहा क्योंकि धारी गांव की रामलीला इस वर्ष अपने 50वें वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुकी है।

इस अवसर पर नवें दिन की लीला में भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय का अत्यंत भावपूर्ण और प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसने असत्य पर सत्य की विजय का प्रेरक संदेश जन-जन तक पहुंचाया। द्विवेदी ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए इसे हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर बताया।

कार्यक्रम में द्विवेदी सहित सभी अतिथियों का आदर्श रामलीला कमेटी धारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने कमेटी के समस्त पदाधिकारियों व क्षेत्रीय जनता को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक धार्मिक आयोजन में हुए शामिल



**नकुड़।** भाजपा के पूर्व विधायक और फायर ब्रांड नेता संगीत सोम ने आने वाले दिनों में नकुड क्षेत्र के राजपूत बाहुल्य क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरे के लिए उन्हें पृथ्वीराज चौहान राजपूत सभा नकुड़ के अध्यक्ष ठाकुर नैनपाल चौहान व ठा. संजय चौहान कुतुबपुर ने अपनी टीम के साथ आमंत्रित किया है। एक धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने रणदेवी गांव के आये संगीत सोम का क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने अमित चौहान की अगुवाई में स्वागत किया। पूर्व विधायक संगीत चौहान ने कहा कि वह पहले भी इस क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं, अब उन्हें दोबारा से इस क्षेत्र के लोगों से मिलकर प्रसन्नता हुई। इस अवसर पर देवेंद्र चौहान, मनोज चौहान, धर्मेंद्र राणा, रविंद्र चौहान, जितेन्द्र चौहान आदि भी मौजूद रहे।

### चोरों ने दो कारों के टायर खोले,गश्त बढ़ाने की मांग

**नकुड़।** बीती रात नकुड़ के मोहल्ला सादलगंज स्थित पीर के ग्राउंड में खड़ी दो सेंट्रो कारों से अज्ञात चोरों ने पाँच टायर चोरी कर लिए। पीड़ित अब्दुल रहमान ने बताया कि चोर उनकी सेंट्रो कार के तीन टायर खोलकर ले गए।



पास में खड़ी प्रतिष्ठित व्यापारी व भाजपा नेता सोहित मित्तल की सेंट्रो कार के भी दो टायर चोरी कर लिये। मोहल्लेवासियों के अनुसार, रात में अक्सर यहाँ गाड़ियाँ खड़ी रहती हैं, लेकिन यह पहली बार हुआ है जब चोरी की वारदात हुई है। आश्चर्य यह है कि कुछ ही दूरी पर जनक बाजार में लगातार पुलिस ड्यूटी रहती है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मामले की जाँच में जुट गई। नगर के आबादी क्षेत्र में चोरी की घटना से मौहल्ले वासियों में दहशत का माहौल है। मौहल्ले वासियों ने रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ने की मांग की है।

### भगवान वाल्मीकि मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**मुजफ्फरनगर।** आबकारी रोड के भगवान वाल्मीकि मार्ग स्थित प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर में बुधवार को भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण भव्य सजावट, धार्मिक उत्साह और सामुदायिक सहभागिता का केंद्र बना दिखाई दिया। दो चरणों में हुए इस कार्यक्रम का आगाज 28 नवंबर को मूर्ति परिक्रमा के साथ हुआ था, जबकि मुख्य कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर कमेटी के पदाधिकारी दिन-रात जुटे रहे। कमेटी अध्यक्ष डॉ. मुकेश बिरला, वरिष्ठ महामंत्री प्रवीण मंघल, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष अरुण लोहरे, महामंत्री प्रेम चीगांन, सोनू मंघल, संगठन मंत्री ओमपाल धीगांन, कोषाध्यक्ष अर्जुन शील सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी व्यवस्थाओं की निगरानी में सक्रिय दिखाई दिए। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, कपिल देव अग्रवाल ने शिरकत की। विशेष अतिथियों में कुल्लन देवी (संरक्षक), पूर्व विधायक प्रमोद उंटवाल, सपा के प्रदेश सचिव राकेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व विशिष्टजन शामिल रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए 38 बीएलओ सम्मानित



**मुजफ़्फ़रनगर।** विधान सभा क्षेत्र 13, पुरकाजी में मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 बूथ लेवल ऑफिसर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। सभी बीएलओ ने अपने-अपने बूथ पर शत-प्रतिशत कार्य पूरा किया। समारोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राहुल देव भट्ट, एसडीएम राधेश्याम गौड़, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार संदीप कुमार, राजस्व निरीक्षक इन्द्रीय दमन, ऐनुल हसन सहित सभी सुपरवाइजर और सम्मानित बीएलओ सचिन कुमार, गीता देवी आदि उपस्थित रहे। एसडीएम राहुल देव भट्ट ने कहा कि इस सम्मान से अन्य बीएलओ भी प्रेरित होंगे और अपने बूथ पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेंगे।

### दिव्यागजनों को वितरित किए निःशुल्क कंबल

**मुजफ्फरनगर।** विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर जनपद में सामाजिक कल्याण का महत्वपूर्ण आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन एवं उनके स्टेनो पाकेश कुमार के सहयोग से सुजडू चुंगी स्थित अमर स्वीट्स के पास विकलांगजन भाइयों-बहनों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर



पर डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को विकलांग प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मनोज कुमार, सुरेश, दिव्यांग एकता यूनियन के अध्यक्ष सुशील कुमार, उपाध्यक्ष रिजवान राणा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील, टेलर सचिन, तहसीन अंसारी, अरुण जैदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित रहे। सभी ने कंबल वितरण के माध्यम से विकलांगजनों की सहायता करने के इस प्रयास की सराहना की।

### भर्ती परीक्षा : कक्ष निरीक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा, जो जनपद में 6 दिसंबर को आयोजित की जाएगी, को सफल बनाने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में 15 परीक्षा केंद्रों के कक्ष निरीक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी कक्ष निरीक्षकों को उनके दायित्वों और परीक्षा संचालन की विस्तृत प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि अभ्यर्थियों को उनके एडमिट कार्ड पर होलोग्राम देखकर ही परीक्षा कक्ष में बैठाना होगा, इसके बाद क्रमवार प्रश्नपत्रिका और ओएमआर उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। निरीक्षकों को यह भी सुनिश्चित करना था कि प्रश्नपत्रिका और ओएमआर का सीरियल क्रमांक समान हो। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों से ओएमआर की तीन प्रतियों में से दो प्राप्त करनी हैं और नीले रंग की प्रति उन्हें वापस करनी है। प्रशिक्षण तीन बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक बैच में पांच-पांच स्कूलों के कक्ष निरीक्षकों ने भाग लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी कक्ष निरीक्षकों को सुचिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# बराला के जंगल में मिला युवक का गोली लगा शव, मचा हड़कंप

- मृतक की पहचान परवेज निवासी पानीपत के रूप में हुई
- हत्या या आत्महत्या, पुलिस जुटी जांच में

पायनियर समाचार सेवा। कैराना



थाना क्षेत्र के गाँव भूरा-बराला के जंगल में एक युवक का गोली लगा शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। मृतक की पहचान परवेज पुत्र हाशिम निवासी राणामाजरा, जिला पानीपत (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस हत्या और आत्महत्या सहित सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतक के भाई ने दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

बुधवार सुबह किसान पवन शर्मा अपने ईख के खेत में खाद डालने गए थे। इसी दौरान उन्हें खेत में एक युवक का रक्तरंजित शव दिखाई दिया। उनके शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

कोतवाल समय पाल अत्री पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला भी फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने मौके से तमंचा 315 बोर, कारतूस, आधार कार्ड, आरसी सहित अन्य कागजात बरामद किए हैं।

मृतक चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था और अविवाहित था। उधर, मृतक के छोटे भाई अरमान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि लगभग पांच दिन पहले आसिफ और शोयब दो अज्ञात लोगों के साथ उनके भाई को घर से बुलाकर ले गए थे। इसके बाद से वह लापता था। आज सुबह गढ़ी बेसिक क्षेत्र में आसिफ के भाई ने बताया कि रात में परवेज को आसिफ, शोयब और दो अज्ञात युवकों के साथ देखा गया था। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके भाई की हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

> एसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक ने संभवतः सीने में सटाकर खुद को गोली मारी है। हालांकि, पुलिस अन्य सभी पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है। मृतक जंगल में क्यों और कैसे पहुंचा, यह भी जांच का विषय है। सूत्रों के अनुसार करीब दस दिन पहले करनाल के घरौंडा क्षेत्र में लकड़ी व्यापारी से तीन लाख रुपये की लूट हुई थी, जिसमें मृतक परवेज का नाम भी सामने आया था। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कुख्यात ब्लैकमेलर किक्की जैन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। खतौली



कस्बे में अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग के मामलों में कुख्यात बने विनय उर्फ किक्की जैन को खतौली पुलिस ने आखिरकर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद व्यापारियों और आम नागरिकों में बड़ी राहत देखी जा रही है। गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस किक्की जैन से जुड़े अन्य सक्रिय गुर्गों और सहयोगियों की सूची तैयार कर रही है। पुलिस का दावा है कि गैंग के सभी सदस्यों पर जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा।

कस्बे में लंबे समय से सक्रिय यह गिरोह व्यापारियों, स्कूल संचालकों और प्रॉपर्टी कारोबारियों को झूठी शिकायतों, निर्माण कार्यों पर आपत्तियों और विभागीय कार्रवाई का भय दिखाकर अवैध वसूली करता था। व्यापारियों का आरोप है कि गिरोह झूठी शिकायतें दाखिल कर एमडीए और अन्य विभागों से नोटिस जारी करवाता था और बाद में समझौते के नाम पर मोटी रकम वसूलता था। एक प्रतिष्ठित मिठाई कारोबारी को गिरोह की लगातार शिकायतों के कारण एमडीए की ओर से निर्माण हटाने का नोटिस मिला था। लाखों रुपये देकर मामले को शांत कराने के प्रयासों के बावजूद शिकायतों का सिलसिला नहीं रुका, जिसके चलते व्यापारी को दुकान का हिस्सा तोड़ना पड़ा और भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ऐसे कई मामलों ने व्यापारियों की कमर तोड़ दी। एमडीए के एक जेई द्वारा पहले भी किक्की जैन पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है।

स्कूल संचालक, प्रॉपर्टी डीलर और व्यापारी कई बार धरना प्रदर्शन कर गैंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग उठा चुके थे। किक्की जैन की गिरफ्तारी के बाद नगरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोगों का कहना है कि वर्षों से यह ब्लैकमेलर पूरे क्षेत्र के व्यापार और शांति व्यवस्था के लिए अभिशाप बना हुआ था।

## थाने के सामने नाई की दुकान में दो लाख की चोरी

पायनियर समाचार सेवा। कैराना



कोतवाली के बिलकुल सामने बदमाशों ने बेखौफ होकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दरबारखुर्द रेतेवाला निवासी रिहान की बार्बर के होलसेल के सामान की दुकान से नकाबपोश चोर दो लाख पाँच हजार रुपये की नकदी उड़ा ले गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पीड़ित रिहान की कोतवाली के सामने मार्केट में बार्बर के होलसेल के सामान की दुकान है। पीड़ित के अनुसार, वह रोज की तरह रात करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर पास ही स्थित अपने गोदाम पर कुछ काम करने चला गया था। करीब पौने बारह बजे जब वह वापस लौटा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी दो लाख पांच हजार रुपये की रकम गायब थी। रिहान ने तत्काल डॉयल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोर बेहद शातिर था। दुकान में घुसते ही उसने सबसे पहले कैमरों को बंद किया, इसके बाद पूरी वारदात को अंजाम दिया। उसके चेहरे पर नकाब लगा हुआ था। हालांकि वारदात से पहले और बाद की गतिविधियाँ दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई हैं, जिसमें चोर बेखौफ दिखाई दे रहा है।

### डंपर पुल की दीवार से टकराया,चालक की मौत

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी के दिल्ली-देहरादून हाइवे पर सैय्यद माजरा अंडरपास के पास देहरादून की और से आ रहा बेकाबू डंपर पुल की दीवार से टकराया गया। टक्कर इतनी भयंकर थी इस हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के जिला अस्पताल भेजा।

गांव सैय्यद माजरा अंडरपास के पास देहरादून की और से आ रहा एक बजरी से भरा बेकाबू डम्पर पुल की दीवार से टकरा गया। पुलिस ने किसी तरह दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने जांच के बाद चालक को मृत घोषित कर दिया और क्लीनर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया।

## तीन दुकान और पेट्रोल पंप को नगर निगम ने किया सील

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर



नगर निगम ने बडे बकायादारों पर एक बार फिर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निगम की राजस्व टीम ने आज बेहट रोड स्थित एक पैट्रोल पम्प व तीन दुकानों को बकाया टैक्स जमा न करने पर सील कर दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने टैक्स जमा न करने परअंबाला रोड स्थित तीन दुकानों को सील कर दिया। भवन स्वामी की ओर पिछले कई साल से करीब तीन लाख 43 हजार बकाया चला आ रहा था। इसके अलावा बेहट रोड पर इण्डियन ऑयल का एक पैट्रोल पंप भी सील कर दिया गया। पैट्रोल पंप स्वामी की ओर निगम का करीब तीन लाख रुपये टैक्स बकाया चला आ रहा है।



कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त बकायादारों को पहले बिल भेजे गए। उसके बाद डिमांड नोटिस और फिर रेड कॉर्नर नोटिस भेजे गए लेकिन बकायादारों द्वारा टैक्स जमा नहीं किया गया। अतः नगरायुक्त के निर्देश पर आज उक्त पैट्रोल पंप एवं दुकानों को सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक मनीष चैहान, टीसी विजय नागपाल व आशीष आदि शामिल रहे।

### कालेज में फायरिंग से मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में स्कूल समय में जैन कॉलेज में अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से उस समय हड़कंप मच गया जब एक सरफिरे युवक ने कैंपस में घुसते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। कॉलेज टाइम में हुई इस वारदात ने माहौल को पूरी तरह दहशत में बदल दिया। छात्रों ने जैसे ही गोलियों की आवाज सुनी क्लासरूम छोड़कर बाहर की ओर भागना शुरू कर दिये। पूरे कैंपस में चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चश्मदीदों के मुताबिक आरोपी ने दो राउंड फायरिंग की और फिर पलक झपकते ही कैंपस से फरार हो गया। उसकी तेजी देखकर कोई प्रतिक्रिया तक नहीं दे पाया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कॉलेज परिसर की घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई टीमें लगा दी हैं।

चीनी मिलों पर प्रशासन की सख्ती

## जिले की छह मिलों का एक साथ औचक निरीक्षण, टैंकों से लिए नमूने

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर





जिले की चीनी मिलों में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले की छह प्रमुख चीनी मिलों रोहाना, खतौली, मंसूरपुर, खाईखेड़ी, टिकोला और मोरना का औचक निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों तथा जिलाधिकारी व एसएसपी के आदेशों के तहत की गई इस संयुक्त कार्रवाई ने मिल प्रबंधन में खलबली मचाए रखी।

उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर, उप आबकारी आयुक्त सहारनपुर, जिला आबकारी अधिकारी मुजफ्फरनगर, जिला गन्ना अधिकारी और सहायक आबकारी आयुक्त त्रिवेणी व टिकोला आसवनी सहित आबकारी एवं गन्ना विभाग की टीम ने भारी स्टाफ के साथ सभी मिलों में पहुंचकर व्यापक जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम ने प्रत्येक मिल में संचित शीरे का भौतिक सत्यापन किया और टैंकों से नमूने आहरित किए। साथ ही मिलों में स्थापित कैमरों की लाइव कार्यप्रणाली चेक की गई, ताकि गाड़ियों की आवाजाही और परिवहन प्रक्रिया की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। अचानक हुई इस जांच कार्रवाई से मिलों में हड़कंप मच गया, जबकि प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि पारदर्शिता और नियमों के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को फील्ड में रहकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का सहयोग करने को कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान बीएलओ को निर्देशित किया कि वे प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को बिना विलंब डिजिटाइज करते रहें। साथ ही, फॉर्म कलेक्शन में लगे कर्मचारियों को मतदाताओं का सहयोग करने और भरे हुए फॉर्म मतदान केंद्र पर जमा करने के लिए प्रेरित करने को कहा, ताकि कोई भी मतदाता अपना प्रपत्र जमा करने से न छूटे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि वे स्वयं अपने फॉर्म भरकर तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द डिजिटाइज किया जा सके।

कड़ाके की ठंड में अंधेरा बढ़ा रहा यात्रियों की मुश्किलें

# सुबह भी अंधेरे में डूबा रहता है खतौली रेलवे स्टेशन

- यात्री सहमे, महिलाओं में बढ़ी दहशत; कई दिनों से बिजली व्यवस्था ठप

पायनियर समाचार सेवा। खतौली



खतौली रेलवे स्टेशन इन दिनों अंधेरे में डूबा हुआ है। बुधवार तड़के एक बार फिर बिजली सप्लाई ठप हो जाने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि यह स्थिति एक दिन की नहीं, बल्कि कई दिनों से लगातार बनी हुई है। दिन निकलते ही स्टेशन पर गहरा अंधेरा पसर जाता है, जिससे यात्रियों, खासकर महिलाओं और बच्चों में दहशत का माहौल बना रहता है।

बुधवार सुबह करीब पौने 6 बजे अचानक बिजली सप्लाई बंद हो गई। ट्रेनों के इंतजार में प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों को मोबाइल की टॉर्च के सहारे खड़े रहना पड़ा। सुबह की कड़ाके की ठंड में अंधेरा यात्रियों के लिए और मुश्किलें लेकर आया।

स्टेशन स्थित रेलवे ओवरब्रिज के दोनों ओर कई दिनों से लाइटें बंद पड़ी हैं। रात और अलसुबह का समय यात्रियों के लिए सबसे अधिक जोखिम भरा साबित हो रहा है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 दोनों ही अंधेरे में रहते हैं। छोर पर खड़े होकर ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को हर वक्त अनहोनी का डर सता रहा है।

महिलाओं ने बताया कि अंधेरा होते ही छेड़छाड़ या लूटपाट का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्टेशन परिसर के आउटर और पटरियों के पास अलसुबह और शाम के समय नशेबाजों का जमावड़ा देखने को मिलता है।

स्टेशन पर अंधेरा होने के कारण संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही बढ़ जाती है। पटरियों के पास बैठकर कई युवक नशा करते दिखाई देते हैं। स्टेशन के आसपास कई लोग रोज मॉर्निंग वॉक करने आते हैं, लेकिन अंधेरा होने से उन्हें रास्ता पहचानने में दिक्कत होती है, जरा-सी चूक पर चोट लगने या गिरने की आशंका रहती है।

नगर वासियों और यात्रियों का कहना है कि स्टेशन प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

> यात्रियों का कहना है कि रेलवे इतनी बड़ी सुविधा है लेकिन, सुरक्षा के नाम पर सिर्फ कैमरों पर निर्भरता बढ़ा दी गई है, अंधेरा होने से कैमरे भी उपयोगी साबित नहीं हो पाते है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, तभी बिजली व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। खतौली रेलवे स्टेशन पर लगातार बने अंधेरे ने यात्रियों की सुरक्षा, महिलाओं की सुविधा, बच्चों की सुरक्षा, मॉर्निंग वॉक करने वालों की दिनचर्या सब पर गंभीर असर डाला है। फिलहाल लोग बिजली व्यवस्था सुधरने का इंतजार कर रहे हैं, और प्रशासन की उदासीनता से नाराज हैं।

### अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** बेहट कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर सहारनपुर रोडवेज बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहरण हुई पीड़िता को भी बरामद किया है। पुलिस ने पीड़िता के कोर्ट में बयान कराए है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। मंगलवार को बेहट कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक पीड़िता का अपहरण करने वाला आरोपी कहीं बाहर भागने की फिराक में है। सूचना मिलते हीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने उप निरीक्षक उमर अली को पुलिस टीम के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए मौके पर भेजा।

# शारीरिक बनावट नहीं करती है क्षमता का निर्धारण: मुख्यमंत्री योगी

## सीएम योगी ने विश्व दिवस पर दिव्यांग प्रतिभाओं तथा दिव्यांगों के कल्याण के लिए कार्यरत कर्मचारियों व संस्थाओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में विश्व दिव्यांग दिवस 2025 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बात पर बल दिया कि शारीरिक बनावट क्षमता के निर्धारण और लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधा नहीं बनती है। बुधवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दिव्यांगजन सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति वितरण, सहायक उपकरण प्रदान करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के सम्मान के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा ने हमेशा हमें इस बात के लिए प्रेरित किया है कि व्यक्ति की शारीरिक बनावट उसकी क्षमता का निर्धारण नहीं करती है। भारतीय मनीषा का मानना है कि वास्तविक शक्ति मन, संकल्प और आत्मबल में है। भारत ही नहीं, पूरी दुनिया ने उस संकल्प शक्ति को, आत्मबल को



वास्तविक और व्यावहारिक जीवन में दिव्यांगजन के सामर्थ्य से उद्घाटित होते हुए देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस पर सभी की मंगलकामना करते हुए कहा कि आज देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की भी पावन जयंती है। उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां एक ग्रंथ है अष्टावक्र गीता जिसे ऋषि अष्टावक्र ने रचा था। उनके बारे में अनेक धारणाएं हैं, और कहते हैं कि विदेह जनक को भी आत्मज्ञान की प्रेरणा उन्होंने दी। मध्यकाल में संत सूरदास इसके उदाहरण हैं। दुनिया में भी अनेक ऐसे उदाहरण हैं जहां दिव्यांगजनों को थोड़ा भी संबल मिला तो उन्होंने अपने सामर्थ्य और अपनी शक्ति से समाज के लिए वह सब कुछ कर दिखाया जिस पर सामान्य जन को सहज विश्वास भी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, वे एक प्लेटफॉर्म के रूप में आपके लिए अत्यंत उपयोगी हो सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर किसी के परिवार में जाने-अनजाने या किसी गलती के कारण कोई बच्चा दिव्यांगता का शिकार होता है तो स्वाभाविक रूप से परिवार और समाज उसे उपेक्षित कर देता है। परिणाम यह होता है कि बचपन में ध्यान न दिए जाने तथा संबल न मिलने के कारण उपेक्षा जीवन भर उसके मन को कुंठित करती है। वह स्वयं को लाचार स्थिति में देखता है, जबकि यदि हम थोड़ा सा संबल दें तो बहुत अच्छे परिणाम सामने आ सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में हमारे खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव स्वयं पैरालंपिक मेडलिस्ट हैं तथा उस टीम का हिस्सा रहे हैं जिसने पैरा ओलंपिक में सर्वाधिक मेडल जीते। चित्रकूट के मंडलायुक्त दृष्टिबाधित हैं, लेकिन मंडलायुक्त के रूप में वहां अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि हमारी संकल्प शक्ति और आत्मबल ही हमारे सामर्थ्य का वास्तविक पैमाना है। इसी कारण भारत की मनीषा और ऋषि परंपरा ने कभी भी शारीरिक बनावट को व्यक्ति की क्षमता का आधार नहीं माना। सीएम ने कहा कि हर व्यक्ति ईश्वरीय कृति है और मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं में से एक है। यदि हम हर मनुष्य के भीतर ईश्वर का वास मानकर उसके प्रति सद्भाव और सहानुभूति रखें तथा थोड़ा सा संबल दें तो उपेक्षा के भाव से उसे बाहर निकालकर समाज और राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। दिव्यांगजन की सामर्थ्य और उनकी प्रतिभा से समाज को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की दृष्टि बदली है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि शारीरिक रूप से कोई अंग कमजोर हो, लेकिन मानसिक रूप से वह अत्यंत परिपक्व हो। यदि संबल दिया जाए तो वह अपनी क्षमता, शक्ति और आत्मबल के आधार पर समाज और राष्ट्र के लिए अत्यंत उपयोगी बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार ने पेंशन की राशि को 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया है। लाभार्थियों की संख्या भी 8 लाख से बढ़ाकर 11 लाख से अधिक कर दी गई है और तकनीक के उपयोग से पारदर्शी व सरल प्रक्रिया के जरिए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। दिव्यांगजन के लिए अच्छे संस्थान स्थापित किए गए हैं और सहायक उपकरण वितरण की प्रक्रिया को भी व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन कल्याण को 2014 के बाद नई गति मिली है। पहले व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, ब्लाइंड स्टिक और हियरिंग एड प्राप्त करना अत्यंत कठिन था, परंतु एलिम्को, कानपुर और डी.डी.आर.सी. को सक्रिय कर स्थिति में सुधार किया गया। प्रदेश के सभी डी.डी.आर.सी. को पुनर्जीवित किया जा रहा है तथा प्रत्येक कमिश्नरी मुख्यालय पर नए केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

# दिव्यांगजन के पुनर्वास और रोजगार पर होगा मंथन: कश्यप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद की स्थापना से सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग और थेरेपी की सुविधाएं मिलेंगी एक ही छत के नीचे

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के समग्र कल्याण, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद की स्थापना की जाएगी, जिससे सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग और थेरेपी की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि इस सीएसआर कॉन्क्लेव में दिव्यांगजन कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 28 बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जहां कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत पुनर्वास, प्रशिक्षण, रोजगार एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष चर्चा की जाएगी।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 30 व्यक्तियों, संस्थाओं, नियोक्ताओं एवं सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कार्मिकों को राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने 500 दिव्यांगजन को ट्राईसाइकिल एवं विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए, दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ग के कक्षा-9 से 12 तक के 5,33,285 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एवं विवाह अनुदान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग पेंशन को 300 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए किए जाने, सहायक उपकरणों की वित्तीय सहायता को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए तक करने तथा विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत दिव्यांग दंपतियों को 35,000 रुपए की सहायता प्रदान किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री कश्यप ने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों से आए 500 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

# कारीपहाड़ी बना स्वच्छ ऊर्जा का मॉडल गांव

लखनऊ। ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पंचायतीराज विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत गोवर्धन परियोजना को नई गति प्रदान की है। अपशिष्ट को संपदा में बदलने के उद्देश्य से जनपद ललितपुर की ग्राम पंचायत कारीपहाड़ी में 85 घनमीटर क्षमता का बायोगैस संयंत्र स्थापित कर पूर्ण रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसने ग्रामीण आजीविका और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। यह संयंत्र प्रदेश में सफल एवं प्रेरक मॉडल के रूप में उभर रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। बायोगैस संयंत्र से उत्पादित गैस 12 परिवारों को पाइपलाइन के माध्यम से प्रतिदिन सुबह और शाम उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें स्वच्छ, सस्ती और सुरक्षित ऊर्जा प्राप्त हो रही है। साथ ही संयंत्र से उत्पन्न गैस के उपयोग से 15 केवीए क्षमता के जेनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन किया जा रहा है, जिसका उपयोग दो निर्मित कक्षों में स्थापित आटा चक्की के संचालन हेतु किया जा रहा है। कम लागत पर उपलब्ध पिसा ई-सुविधा के कारण आसपास के गांवों के लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं। संयंत्र से लाभान्वित परिवारों से 250 रुपये प्रतिमाह गैस शुल्क, तथा आटा पिसाई पर 1 रुपये प्रति किलो शुल्क निर्धारित किया गया है। संयंत्र से प्राप्त जैविक खाद (स्लरी) को क्षेत्र के कृषि किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# रोशन हुआ प्रदेश: सौर ऊर्जा में योगी सरकार की ऐतिहासिक छलांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की सौर ऊर्जा नीति से उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्रांति के दौर से गुजर रहा है। प्रदेश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता अब 1003.64 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, जिससे वार्षिक बिजली बिल में औसतन 40 से 60 प्रतिशत तक की बचत होने का अनुमान है। यह बचत बड़े उद्योगों से लेकर ग्रामीण उपभोक्ता तक पहुंच रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट संदेश है कि विकसित यूपी 2047 विजन के अंतर्गत आने वाले 22 वर्षों में प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाये। सौर ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी बचत लंबी अवधि में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। वहीं इससे बिजली खपत का भार भी काफी हद तक कम हो जाएगा।



प्रदेश में सौर ऊर्जा के बढ़ते दायरे के साथ लगभग 50 हजार युवाओं को तकनीशियन, इंस्टॉलर और सर्विस स्टाफ के तौर पर प्रत्यक्ष रूप से रोजगार हासिल हुआ। रोजगार के अवसर गांव और कस्बों तक पहुंचे हैं। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि पलायन में कमी आई है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। इसी के साथ, ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में लोड शेडिंग में कमी दर्ज की जा रही है। पहले जहां बिजली कटौती के कारण छोटे व्यवसायों जैसे मिल, वेल्डिंग और प्रोसेसिंग यूनिट प्रभावित होते थे, वहीं अब इनकी आय में 10 से 15 प्रतिशत तक का सुधार हुआ है। सौर ऊर्जा गांव के प्रगति की एक प्रमुख धुरी बनती दिख रही है।

उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसमें सौर ऊर्जा की भूमिका को और सशक्त करने के प्रयास जारी हैं। जैसे-जैसे सौर ऊर्जा का दायरा बढ़ेगा वैसे-वैसे परंपरागत बिजली आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी और इसका लाभ उद्योग और छोटे व्यवसायों को मिलेगा। योगी आदित्यनाथ सरकार का विश्वास है कि आने वाले वर्षों में सौर ऊर्जा प्रदेश की आर्थिक रीढ़ साबित होगी और उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी। सूर्य की रोशनी पर आधारित यह परिवर्तन अब कल्पना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर दिखाई देने वाली वास्तविकता है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने ऊर्जा नीति को लोककल्याण और आर्थिक उन्नति के साथ जोड़ा है।

### सौर ऊर्जा से संबंधित आंकड़े

- प्रदेश के 2.90 लाख घरों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित
- कुल 2,600 करोड़ रुपये का अनुदान
- सोलर सेक्टर में अब तक 50,000 नए रोजगार सृजित

# विशेष अवसरों पर समाज सुधारकों के स्मारकों पर नहीं जाएंगी बसपा प्रमुख मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि वह अब प्रमुख समाज सुधारकों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें समर्पित बड़े स्मारकों पर नहीं जाएंगी, क्योंकि उनके लिए की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था से आम लोगों को असुविधा होती है।

मायावती ने 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार के चार कार्यकाल के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले, छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायण गुरु, डॉ. बी. आर. आंबेडकर और कांशीराम जैसे महान समाज सुधारकों का सम्मान किया गया, जिन्हें ''जातिवादी दलों'' की सरकारों में अक्सर ''नजरअंदाज'' किया जाता था। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बसपा सरकार ने इन नेताओं के नाम पर कई प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं और लखनऊ तथा गौतम बुद्ध नगर में भव्य स्मारक, पार्क व स्मृति स्थल बनाए, जो अब उनके समर्थकों के लिए ''तीर्थस्थलों'' में बदल गए हैं और उनकी जयंती व पुण्यतिथि पर बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचते हैं। मायावती ने कहा कि इन स्थलों पर उनकी यात्राओं से भारी सुरक्षा प्रबंधों के कारण लोगों को असुविधा होती है। उन्होंने कहा, अनुभव दिखाते हैं कि मेरे दौरे के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था से लोगों को दिक्कत होती है, क्योंकि जब तक मैं मुख्य स्थल से चली नहीं जाती, लोगों को वहां से काफी दूर रोक दिया जाता है। बसपा प्रमुख ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए वह अब अपने आवास या पार्टी कार्यालय में ही इन महापुरुषों को श्रद्धांजलि देंगी, स्मारकों पर जाकर नहीं। उन्होंने कहा कि छह दिसंबर को डॉ. बी. आर. आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश (पश्चिमी उत्तर प्रदेश को छोड़कर) के कार्यकर्ता व समर्थक लखनऊ में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर बड़ी संख्या में जुटेंगे, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड के लोग नोएडा में राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक समानता और आत्मसम्मान के आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लेंगे।

# अवाड्र्स से नवाज़े गए राज कांबले

**लखनऊ** । फेमस इनोवेशन्स के फ़ाउंडर और चीफ़ क्रिएटिव ऑफ़िसिर राज कांबले को कैंपेन एजेंसी ऑफ़ दी ईयर अवाड्र्स 2025 में सबसे बड़े व्यक्तिगत सम्मान में से एक एजेंसी हेड एंड ग्रोथ लीडर ऑफ़ दी ईयर से नवाज़ा गया है। यह राज की चौथी जीत है, और वे इस सम्मान को पाने वाले एकमात्र इंडिपेंडेंट एजेंसी हेड हैं। इससे पहले यह सम्मान पियूष पांडे, प्रसून जोशी और आशीष भसीन जैसे बड़े नामों को मिल चुका है।यह सम्मान राज कांबले को भारत के सबसे प्रभावशाली एडवरटाइजिंग लीडर्स में शामिल करता है। यह अवार्ड उन लीडर्स को दिया जाता है जो मजबूत एजेंसियाँ बनाते हैं, ब्रांड्स के लिए असरदार काम करते हैं, और क्रिएटिविटी व ग्रोथ के ऊँचे मानक स्थापित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, राज कांबले के नेतृत्व में फेमस इनोवेशन्स एक इंडिपेंडेंट चैलेंजर एजेंसी से बढ़कर भारत की सबसे सम्मानित और अवार्ड विनिंग क्रिएटिव कंपनियों में से एक बन गई है।

# यूपी टेकनेक्स्ट सम्मिट में ग्रोथ रोडमैप पेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में उत्तर प्रदेश को एक राष्ट्रीय शक्ति बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आईईएसए और सेमी इंडिया के प्रेसिडेंट अशोक चांडक और आईईएसए ईसी सदस्य विवेक त्यागी ने आज नेटवर्क 18 मनीकंट्रोल के यूपी टेकनेक्स्ट सम्मिट में एक विशद यूपी ग्रोथ रोडमैप पेश किया। यह रोडमैप सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा को कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सौंपा गया।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुशील पाल और उ.प्र. सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रधान सचिव श्री अनुराग यादव भी मौजूद थे। इसमें एसोसिएशन की रणनीतिक सिफारिशों के बारे में बताया गया है, ताकि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के लिए भारत के शीर्ष संभावनाशील केन्द्रों में से एक बनाया जा सके। अशोक चांडक और श्री विवेक त्यागी ने इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुशील कुमार शर्मा के साथ मुलाकात भी की, जिसमें भविष्य में सहयोग और आगे की कार्रवाई के लिए विशेष क्षेत्रों की पहचान की गई। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री सुशील पाल ने सम्मिट में एक जानकारी भरी बातचीत के दौरान ईएसडीएम सेक्टर की मौजूदा स्थिति पर रोशनी डाली और उद्योग वृद्धि में तेजी लाने वाली सरकारी कोशिशों के बारे में बताया। उद्योग परिदृश्य एवं राज्य की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि हाल ही में हुए सेमीकॉन इंडिया 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को एक फुल-स्टैक सेमीकंडक्टर देश बनाने का आ''ान किया था। बैकएंड मैन्युफैक्चरिंग से आगे बढ़कर पूरे ईकोसिस्टम की क्षमताओं तक, देश ने डिजिटल बदलाव की ओर एक बड़ा बदलाव दिखाया हैय इस ट्रिलियन-डॉलर इंडस्ट्री में भारत एक अहम खिलाड़ी के तौर पर उभर रहा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्लस्टर में तेज रफ्तार, एनसीआर क्षेत्र की मजबूती, और उ.प्र. डिफेंस कॉरिडोर जैसी राज्य-समर्थित पहल, और आईआईटी कानपुर, आईआईआईटी इलाहाबाद, एमएनएनआईटी इलाहाबाद और आईआईटी-बीएचयू और एकेटीयू जैसे बड़े संस्थानों के साथ, उत्तर प्रदेश इस रफ्तार का फायदा उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

डिजाइन सेंटर, ईएमएस बेस, कम्पोनेंट्स की क्षमता और जीसीसी में बढ़ती मौजूदगी में अपनी मौजूदा मजबूती के साथ, राज्य में मैन्युफैक्चरिंग, चिप डिजाइन, एटीएमपी ओएसएटी, स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स, वर्कफोर्स और एडवांस्ड कम्पोनेंट्स जैसे उच्च-संभावनापूर्ण क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता है, आईईएसए और सेमी इंडिया के प्रेसिडेंट अशोक चांडक ने कहा।

# परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष कराने के दिए कड़े निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) (पुरूष/महिला शाखा) (प्रा.) परीक्षा-2025 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष, नकलविहीन तथा पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करायी जाए। परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी स्वयं व्यक्तिगत निगरानी करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोग के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। नकल पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश के समय बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया अत्यंत कड़ाई से लागू की जाए तथा समयबद्धता का पूर्ण रूप से पालन हो। परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी एवं प्रशिक्षण समय से पूर्ण कर लिया जाए। यह भी निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील रहें तथा पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु एलआईयू और एसटीएफ की टीमें पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रहें तथा संवेदनशील जनपदों में विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रश्न पत्र लीक न हो और सही प्रश्न-पत्र निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। परीक्षा दिवस पर प्रत्येक सत्र में प्राप्त एसएमएस (कलर एवं कोड) के आधार पर ट्रेजरी से गोपनीय ट्रंक की निकासी अत्यंत सावधानीपूर्वक की जाए और सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाए। इससे पहले बैठक में बताया गया कि सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) के 7466 (15 विषय) पदों पर भर्ती के

# गडकरी ने जौनपुर आने का निमंत्रण स्वीकारा

- ऋषि यमदग्नि पार्क के उद्घाटन के लिए किया गया है आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ जौनपुर

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बुधवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं जौनपुर लोक सभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह एवं बदलापुर के विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने मुलाकात की।

इस मौके पर श्री गडकरी ने मार्च अथवा अप्रैल में किसी तिथि पर



जौनपुर में बन रहे ऋषि यमदग्नि पार्क के उद्घाटन के लिए बतौर मुख्य अतिथि आने की सहमति दी। उन्होने इन नेताओं को आश्वस्त किया कि एनएचएआई द्वारा जनपद जौनपुर में चल रही लगभग पांच हजार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के लिए जौनपुर में होने वाले कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहने का आश्वासन दिया। सड़क परिवहन मंत्री ने जौनपुर की दो प्रमुख सड़कों मछलीशहर से बरईपार तेजी बाजार कलिंजरा तक जो दो राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने का कार्य करता है, एवं प्रयागराज गोरखपुर मार्ग बाया मुंगराबादशाहपुर सुजानगंज बदलापुर शाहगंज को चौड़ीकरण करने के लिए श्री सिंह एवं श्री मिश्र की मांग पर अपनी तरफ से इसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया।.

# भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए करा रही एसआईआर : अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## बिहार में एसआईआर में लाखों लोग मतदान से वंचित हो गए

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए करा रही है। हमारी अपील है कि सब अपना वोट बनवाएं, कटने से बचाए वर्ना भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान के अधिकार को छीनने की तैयारी में है। वोट का अधिकार छिना तो आरक्षण भी खत्म होगा। जनता के तमाम दूसरे अधिकार जो संविधान से मिल रहे है, वे भी छिन जाएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग का काम है कि सभी मतदाताओं का मतदान का अधिकार छूटने न पाए किसी का वोट कटे नहीं। लेकिन यहां तो उल्टा हो रहा है।



भाजपा सरकार के दबाव में चुनाव आयोग वोट काटने का काम ज्यादा कर रहा है। बिहार में एसआईआर में लाखों लोग मतदान से वंचित हो गए। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस वर्ष होने नहीं जा रहे हैं फिर इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है? अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार का काम जनता को रोटी, रोजगार देना नहीं, लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर परेशान करना है। कई लोगों को वर्षों से न्याय नहीं मिल रहा है, मोहम्मद आजम खां, गायत्री प्रजापति, रमाकांत यादव जेल में है। ऐसे बहुत सारे समाजवादी, पीडीए परिवार के लोग है, जिनके ऊपर अन्याय हो रहा है। झूठे मुकदमें लगा रहे है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार थम नहीं रहा है। थाने से लेकर तहसील तक कहीं किसी की सुनवाई नहीं हो रही है। हिरासत में मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश नम्बर एक है। फर्जी एनकाउंटरों की रोकथाम नहीं है। विपक्षियों को खासकर, सपा के कार्यकताओं को, फर्जी केसों में फंसाकर उन पर तमाम धाराएं लगाई जा रही है। पुलिस का रवैया जनविरोधी है। महिलाएं सबसे ज्यादा अपमानित हो रही है। बच्चियों तक से दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि संचार साथी ऐप की क्या जरूरत पड़ रही है। आज के समय में अगर ऐप डालकर सरकार जासूसी करेगी तो कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। यह लोगों की निजता का उल्लंघन है। इसका बेजा इस्तेमाल हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं? भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी तो पहले ही छीनी जा रही थी। अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, मित्रता, कारोबार की आपसी बातचीत पर भी भाजपाइयों और उनके संगी साथियों की गिद्ध निगाह लग जाएगी।

# प्रथम राष्ट्रपति की जयंती सपा मुख्यालय में मनायी गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा राज्य मुख्यालय, में बुधवार को अधिवक्ता दिवस पर स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती सादगी से मनाई गई। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेटमंत्री राजेन्द्र चौधरी ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उनके चित्र पर मोहनलालगंज लखनऊ से सांसद आरके चौधरी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव का कहना है कि भारतरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, विद्वान नेता और प्रसिद्ध अधिवक्ता थे।

# आज़ाद समाज सेवा समिति का स्थापना दिवस मना

- 1000 कम्बल, 100 साइकिलें, 80 सिलाई मशीनें वितरित
- हजारों ने दी शहीद को श्रद्धांजलि

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**



तिकोनिया पार्क में अमर शहीद खुदीराम बोस की जयंती के साथ-साथ आज़ाद समाज सेवा समिति के 30वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बुधवार को भव्य रूप से हुआ। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में चली इस संस्था ने गरीबों-आवश्यकता मंदों की मदद के लिए बड़ा सेवा कार्य किया। कार्यक्रम में 1000 कम्बल, 100 गरीब छात्राओं को साइकिलें तथा 80 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गईं।

**सांसद संजय सिंह ने किया संचालन, युवाओं को दी नशा-मुक्ति की सलाह :** कार्यक्रम का संचालन स्वयं संस्था के संस्थापक एवं राज्यसभा सांसद माननीय संजय सिंह ने किया। उन्होंने कहा, ''आज़ाद समाज सेवा समिति तभी सार्थक है जब वह समाज के सबसे कमजोर और अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। पिछले 30 वर्षों से हम इसी सिद्धांत पर चल रहे हैं।''

खुदीराम बोस के बलिदान को याद करते हुए सांसद भावुक भी हो गए। मुख्य अतिथि भारत समाचार के प्रधान संपादक बृजेश मिश्रा ने युवाओं से नशे और मोबाइल की लत छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा, खुदीराम बोस की वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं को सच्चे कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा देती है।

**शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, स्व. श्याम नारायण पांडे को श्रद्धांजलि :** कार्यक्रम की शुरुआत शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई। संस्था के वरिष्ठ कोषाध्यक्ष स्व. श्याम नारायण पांडे के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

**समाजसेवियों का सम्मान :** लावारिस शवों के अंतिम संस्कार और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए निम्नलिखित लोगों को शाल, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।जिसमें अंकुरण फाउंडेशन के डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ खान, केशव गुप्ता, कमलेश दुबे शामिल रहे। अध्यक्षता और मुख्य वक्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पांडेय ने खुदीराम बोस के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डाला।

पूर्व विधायक अनूप टांडा, सपा नेता पप्पू रिजवान, मोहम्मद शकील खान, शक्ति प्रकाश सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान, उपाध्यक्ष बबलू सिंह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद फैजान सिद्दीकी सहित दर्जनों पदाधिकारियों का योगदान रहा। अंत में संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तिकोनिया पार्क में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में हजारों की संख्या में महिलाएं, छात्राएं, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वोएलएक्स पर ढूंढते थे मालदार मकान मालिक, फिर लगाते थे लाखों का चूना

## सात लाख का लोन लेकर हुए थे फरार, तीन शातिर बिहार से गिरफ्तार

- करोड़ों की ठगी का खुलासा – लैपटॉप, नकदी व सिम कार्ड बरामद

**पायनियर संवाददाता। सुल्तानपुर**



वोएलएक्स पर किराए का मकान ढूंढ़ने के बहाने मालदार मकान मालिकों को ठगने वाला अंतरराज्यीय साइबर गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शातिर ठग पहले कम किराए पर कमरा लेते, विश्वास जीतते और फिर मकान मालिक के फोन से लाखों का ऑनलाइन लोन पास करवाकर फरार हो जाते थे। ताजा शिकार भेटुआ के सरकारी शिक्षक एवं पयागीपुर निवासी शैलेंद्र सिंह बने। आरोपियों ने उनके फोन का दुरुपयोग कर 7 लाख रुपये का लोन स्वीकृत कराया और रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर रफा-दफा हो गए। पीड़ित ने एक माह पूर्व साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह अब तक उत्तर प्रदेश और बिहार में करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। एक आरोपी ठगी की मोटी रकम अपनी महिला मित्र पर खर्च करता था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह के निर्देशन में साइबर सेल ने बिहार में दबिश देकर गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से लैपटॉप, नकदी, कई मोबाइल फोन, दर्जनों सिम कार्ड और ठगी में इस्तेमाल अन्य उपकरण बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी बिहार के कई साइबर ठगी के मामलों में भी वांछित थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह के शेष सदस्यों की तलाश जारी है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने लोगों से अपील की है कि किराएदार रखने से पहले उसकी पूरी पुलिस वेरिफिकेशन कराएं, अनजान व्यक्ति को कभी फोन न दें और साइबर ठगों से सावधान रहें।

# बीएलओ किए गए सम्मानित

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत विधानसभा क्षेत्र 187-इसौली में मतदाता सूची की गणना प्रपत्र की शत-प्रतिशत फीडिंग पूरा करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर्स को बुधवार को बल्दीराय ब्लॉक सभागार में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सदर प्रवीन कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीओ बल्दीराय विमलेश चंद्र त्रिवेदी, तहसीलदार अरविंद कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने बूथ संख्या 71, देसराज यादव, बूथ संख्या 28, संतोष कुमार, बूथ संख्या 73, खुशबू, बूथ संख्या 05, अंतिमा पांडेय, बूथ संख्या 86 ममता सिंह बूथ संख्या 76 , गीता वर्मा को प्रशस्ति पत्र देते हुए कहा कि समयबद्ध और त्रुटिरहित डाटा फीडिंग से निर्वाचन नामावलियों की शुद्धता सुनिश्चित होती है।

## पत्नी ने दर्ज कराया चालक के खिलाफ मुकदमा

**लंभुआ-सुलतानपुर।** मंगलवार को ट्रैक्टर से कुचलकर मजदूर की मौत के मामले में पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, ट्रैक्टर ट्राली को भी पकड़ लिया गया है। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे लंभुआ नगर पंचायत के गांधीनगर निवासी नीरज की ट्रैक्टर से कुचलकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया था। इलाज के दौरान नीरज की मौत हो गई थी। नीरज मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया है कि पत्नी आरती की तहरीर पर लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाने के अभियोग में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दिव्यांगजनों ने निकाली रैली, प्रमुख ने दिखाई झंडी

**पायनियर संवाददाता। जयसिंहपुर-सुलतानपुर**



स्वयंसेवी संस्था के बैनर तले दिव्यांगों ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर व्हीलचेयर पर बैठकर रैली निकाली। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल चन्द्रशेखर शुक्ल ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सक्षम बनो, प्रेरणा बनो सम्मान दो, सम्मान लो, हम बोझ नही देश की शक्ति हैं, लिखे स्लोगन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की।

जयसिंहपुर के श्रीरामनगर बाजार में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख जयसिंहपुर राहुल शुक्ल ने कहा कि मैं सभी दिव्यांग साथियों के साहस, प्रतिभा और संघर्ष को नमन करता हूँ। समाज के हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है। हर दिव्यांगजन को सम्मान, अवसर और अधिकार मिले इसके लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। स्वयं सेवी संस्था के अध्यक्ष गंगाराम निषाद ने विश्वास दिलाया कि उनका संगठन दिव्यांगों के पेंशन, आवास, कृतिम अंग उपकरण, शादी अनुदान, रोजगार समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने को संघर्षरत है। दिव्यांगजनों ने 200 मीटर रैली निकाल कर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। प्रमुख ने दिव्यांगजनों को माला पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम चन्द्र वर्मा, विजय शंकर, कपिलदेव, बलराम जोरिया, पंचम निषाद, कंचन वर्मा, अमरावती समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने को प्रशासन प्रतिबद्ध

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर पी.ए.सी. ग्राउन्ड में बेसिक शिक्षा विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, प्रोत्साहन तथा समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन एवं दिव्यांग बच्चों ने बड़ी उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन एवं प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 120 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया। इससे दिव्यांगजनों के चेहरों पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। इसके अतिरिक्त बच्चों तथा प्रतिभागियों के लिए कई सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें दौड़, रस्साकसी, कुर्सी दौड़, शब्द-भेदी लक्ष्य, कबड्डी, मटकी फोड़ आदि प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## दबंगो ने महिला को पीटा, टूटा हाथ

**महराजगंज, रायबरेली।** जबरन नींव खोद कर मकान बना रहे विपक्षियों को मना करना महिला को भारी पड़ गया। कब्जे का विरोध करने गई महिला का मारपीट में हाथ टूटा, तीन के खिलाफ केस दर्ज। कोतवाली क्षेत्र के टूक मजरे ओथी गांव निवासी सुखराजा ने कोतवाली पुलिस को दी गई। तहरीर में बताया कि बुधवार को गांव के ही छेदी पुत्र राम हरख, छेदी के ससुर व एक अज्ञात साथी के साथ उसकी ही जमीन पर घर बनाने के लिए नींव खोदने लगे। जब उसने नींव खोदने से मना किया तो उन लोगों ने उसे बुरी तरह मारा पीटा। जिससे उसके शरीर पर चोटें व बायां हाथ टूट गया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद छेदी व छेदी के ससुर सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# श्रीराम जन्म लीला का शुभारंभ

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**



ग्राम पिपरी में श्री श्याम रामलीला परिषद के तत्वाधान में आयोजित धनुषयज्ञ महोत्सव का श्रृंगारिक मंचन निरंतर जारी है। भगवान के जन्मोत्सव की लीला का शुभारंभ उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने किया। मंगलवार की रात्रि रावण राज्य एवं श्रीराम जन्म की लीला ने दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने प्रभावी अभिनय व संचित वर्णन के माध्यम से राम जन्म का दृश्य जीवंत कर दिया। जैसे ही भगवान श्रीराम का जन्म मंचित हुआ, उसी क्षण अयोध्या में राजा दशरथ के आदेश पर बजने वाले मंगल गीतों की ध्वनि गूंजी, जिसे देखकर उपस्थित जनमानस भाव-वि''ल हो उठा और पूरा परिसर जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव में उपजिलाधिकारी भी पहुंचीं। उन्होंने कलाकारों व कमेटी पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है, जिसे संजोने का कार्य रामलीला कमेटी के द्वारा बखूबी किया जा रहा है। कमेटी की ओर से उपजिलाधिकारी को अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों में कृपाराम शुक्ला, बृजेश अवस्थी, अंजनी कुमार दुबे, संजय पांडेय, सतीश पांडेय, शिव शंकर गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, लवकुश पांडेय, सोनू शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# एसआईआर कार्य में अव्वल रहेगी करनैलगंज तहसील : नेहा



**करनैलगंज, गोंडा।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) में देवीपाटन मंडल में करनैलगंज तहसील को अव्वल लाने की तैयारियां तेज कर दी गई है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने एसआईआर में लगे सभी कर्मचारियों के साथ बैठक किया और प्रगति को देखते हुए फीडिंग में तेजी लाने के लिए सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। एसडीएम ने बताया कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या की वजह से डाटा फीडिंग नहीं हो पा रहा है। सभी बूथ लेवल ऑफीसरों और सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया है कि वह भरे हुए फॉर्म लेकर सीधे तहसील पहुंचे।

# सीएमओ ने टीका उत्सव का किया शुभारम्भ

**पायनियर संवाददाता। रायबरेली**



शून्य से पांच साल तक के बच्चों का टीकाकरण करने के उद्देश्य से जिला महिला अस्पताल से टीका उत्सव का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चंद्रा ने बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन देकर किया, जो कि 31 दिसम्बर तक चलेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि टीकाकरण न केवल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है बल्कि या प्रतिरोधक क्षमता को को भी बढ़ाता है और कुपोषण से रोकथाम होती है। इस अभियान में नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही जिन बच्चों का टीकाकरण तो हो चुका है लेकिन यूविन पर पंजीकरण नहीं है उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यूविन पोर्टल पर पंजीकरण के साथ ही बच्चे का टीकाकरण हो। ड्यू लिस्ट में जो भी बच्चे चिन्हित हैं उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर माइक्रोप्लान के अनुसार किया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण कुमार बताया कि टीकाकरण घर के समीप और निःशुल्क लग रहे हैं। जब भी सत्र लगे तो बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएँ। शहरी क्षेत्रों में सप्ताह के सातों दिन टीका लगता है। जब भी टीकाकरण के लिए आयें तो माँ या पिता की आईडी, पहचान पत्र और मोबाईल नम्बर अवश्य लेकर आयें जिससे कि बच्चे का यूविन पोर्टल पर पंजीकरण हो जाये।

## अच्छे कार्यो पर बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया

**सफीपुर, उन्नाव।** एसडीएम व प्रभारी तहसीलदार ने विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में समय से कार्य पूर्ण करने वाली पहली लेखपाल सुपरवाइजर एवं 80 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने प्रभारी तहसीलदार देवेंद्र कुमार की मौजूदगी में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में क्षेत्र की विधानसभा एक सौ तिरसठ सफीपुर की लेखपाल आस्था अपने समस्त बूथों पर समय से शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाली पहली सुपरवाइजर का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर एसडीएम एवं प्रभारी तहसीलदार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर बधाई दी, साथ ही अन्य अस्सी बूथ संख्याओ पर समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को समय से कार्य पूर्ण करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पांच बेटियां स्टेट के लिए चयनित हुईं, खुशी की लहर

**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया एथलेटिक्स लीग 2025द26 के गत सप्ताह के रुके परिणाम, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं अस्मिता फेडरेशन ऑफ इंडिया सचिव सिद्धार्थ कृष्ण द्वारा जारी किए गए। प्रतियोगिता में 248 बालिकाओं ने भाग लिया था। परिणाम जारी होते ही खुशी, उपासना, अदिति, शुभी और सोनी का स्टेट लेवल के लिए चयन हो गया। 600 मीटर दौड़ में खुशी ने 1 मिनट 59 सेकेंड का समय निकालकर 15 सेकेंड की बढ़त से रिकॉर्ड जीत दर्ज की, वहीं उपासना ने रजत पदक जीतकर स्टेट में प्रवेश किया था। तकनीकी कारणों से रुके ट्रायथलॉन परिणामों में ट्रायथलॉन में प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में खुशी ने स्वर्ण, जबकि ट्रायथलॉन में ब्रजेश सागर के निर्देशन में अदिति व शुभी ने स्वर्ण जीता। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा और इंद्रपाल ने स्टेट की तैयारी के लिए बच्चियों को रनिंग शूज़ उपहार में दिए।

सब-इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व ने खुशी और उपासना को कुल रु0 2000 का नगद इनाम और प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने स्टेट में प्लेस लाकर दिखलाने पर खुशी को एक साइकिल देने की घोषणा की।

## शहीद सम्मान यात्रा 10 को

**मुसाफिरखाना अमेठी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित समिति के बैनर तले राष्ट्रीय व्यापी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा के आगामी 10 दिसंबर को जिले में पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शहीद सम्मान यात्रा को सफल बनाने व चल रही तैयारियों को लेकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह जिला अध्यक्ष अशोक द्विवेदी व जिला समन्वयक श्री चंद्र तिवारी ने स्थानीय कस्बा स्थित पंचवटी होटल में प्रेस वार्ता करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा जारी किया ।पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि भारत की पावन धरती पर स्वतंत्रता का प्रत्येक अध्याय हमारे वीर सपूतों के संघर्ष एवं त्याग और बलिदान से लिखा गया है इन्हीं अमर सपूतों की स्मृति को नमन करने और उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण योगदान व बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के संकल्प के साथ पूरे देश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा शुरू की गई है जो आगामी 10 दिसंबर को सुबह 09 बजे क्षेत्र स्थित अमर शहीद स्मारक कादुनाला पहुंचेगी।

# जिला बार के वकीलों ने मनाया अधिवक्ता दिवस

**पायनियर संवाददाता। अमेठी**



जिला बार एसोसिएशन मुख्यालय गौरीगंज जनपद अमेठी में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर अधिवक्ता दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला बार अमेठी के अध्यक्ष महेश चंद शुक्ला ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियो इस अवसर पर महामंत्री रमाशंकर तिवारी पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल छोटेलाल तिवारी राम केवल शुक्ला राजकरण तिवारी व पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे ने उनके चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालो जैसा कि पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे ने उनके चरित्र चित्रण पर उनके जन्म से लेकर शिक्षा काल ,वकालत पेशा ,अध्यापन काल तथा उनकी अपनी योग्यता व दक्षता के बल पर राष्ट्रपति पद हासिल करने के विषय में विस्तार से वर्णन किया तथा अधिवक्ता दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर भी चर्चा की उन्होंने डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवन शैली से प्रेरणा लेने के लिए अधिवक्ताओं को प्रेरित किया ` एडवोकेट राम लखन सिंह ने भी अपने उदगार व्यक्त किये इस अवसर पर सैकड़ो से अधिक अधिवक्ता उपस्थित रहे

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में विपक्षियों ने घर ढहाया, मुकदमा

**कादीपुर- सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पलिया गोलपुर गांव में पुराने जमीनी विवाद ने फिर हिंसक रूप ले लिया। मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने कथित तौर पर पीड़ित के पुश्तैनी मकान को जमींदोज कर दिया और उसकी जगह गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। विरोध करने पर धमकियां भी दी गईं। ग्राम पलिया गोलपुर निवासी बिरजू पुत्र स्वर्गीय रामलखन ने बताया कि उनकी पुश्तैनी आबादी पर बना मकान मंगलवार सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने जेसीबी से गिरा दिया। इसके बाद वे उसी जगह पर गड्ढा खोदने लगे। जब परिवार ने रोकने की कोशिश की तो विपक्षी उन्हें जान से खत्म करने की धमकी देने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित बिरजू की तहरीर पर गांव के ही राजू, अजय, राजकुमार, संजय, अंकित, भीमल, गुलाबा देवी और दुलारी देवी समेत आठ लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई की जा रही है।फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती



**सुलतानपुर।** देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में बुधवार को मनाई गई। इस दौरान संविधान दिवस के उपलक्ष्य में इसमें आस्था और विश्वास के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। दीवानी के अधिवक्ता सभागार में बुधवार को एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद दुबे, बार अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह राजा व अन्य अधिवक्ताओं ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। इस मौके पर वरिष्ठ वकीलों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला जज सुनील कुमार ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना और मूल भावना की रक्षा का दायित्व जजों और वकीलों पर है जिन्हें अपनी जिम्मेदारी मजबूती से निभानी होगी। अरविन्द सिंह राजा ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन दृष्टांत पर चर्चा कर उससे सीख लेने का आ''ान किया, कहा कि वकीलों का संघ होना उतना गौरवपूर्ण नहीं है जितना कि वकील होना। क्योंकि वकील कोर्ट का ऑफिसर होता है। इस मौके पर एडीजे संध्या चौधरी, राकेश पांडेय, पूर्व अध्यक्ष राम विशाल तिवारी, अयूब उल्ला खान, नागेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह त्रिसुण्डी, संतोष पांडेय, अब्बास अहमद खान आदि ने डॉ. प्रसाद के जीवन सिद्धांत से सीख लेने की सलाह दी।संचालन अनिल शुक्ल ने किया।

### पूर्व विधायक के मुकदमे में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और अन्य पर 23 साल से लम्बित डकैती के मुकदमे में गवाह नहीं आने से सुनवाई 12 दिसम्बर के लिए टल गई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एमपी - एमएलए के विशेष जज राकेश ने नियत तिथि पर अभियोजन पक्ष को पैरवी सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। मुकदमा काफी पुराना होने के बावजूद अपेक्षित सुनवाई नहीं हो पा रही है।

### बाइक-ट्रक की टक्कर में युवक की मौत

**गोंडा।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के पण्डरी कृपाल में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें बाइक और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खाद्य सामग्री लेकर गोंडा की ओर जा रहा ट्रक तेज रफ्तार में था, इसी दौरान सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविंद, निवासी रुकमंगदपुर के रूप में हुई है। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर, हादसे के बाद घबराया ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चालक की तलाश की जा रही है,और मामले की जांच जारी है। यह हादसा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम को लेकर फिर सवाल खड़े कर रहा है।

### धारदार हथियार से हत्या की आशंका

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम बडौरा निवासी एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मनोज के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह उसके घर का दरवाजा खुला देखा और अंदर चारपाई पर खून से लथपथ शव पाया। शरीर की सड़न से अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत लगभग तीन दिन पहले हुई होगी। पुलिस की माने तो मनोज के चेहरे पर नुकीले हथियार से कई गंभीर घाव मिले हैं। जिससे स्पष्ट होता है कि उसकी किसी धारदार हथियार से हत्या की गई है। चारपाई के पास से एक लोहे की रॉड और शराब के कई खाली पैकेट भी बरामद हुए हैं। सूचना पर सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा और अचलगंज थाना प्रभारी ब्रजेश शुक्ल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

### पनीर फैक्ट्री संचालक ने लगाया रंगदारी मांगने का आरोप

**सलोन,रायबरेली।** पनीर फैक्ट्री संचालक ने मारपीट की एक घटना का हवाला देकर तीन लोगों के विरुद्ध रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली अंतर्गत बड़ा घोषी का पुरवा निवासी साबिर ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उन्होंने बेटे मोहम्मद शाहिद के नाम से फूड सेफ्टी विभाग से पनीर बनाने का लाइसेंस लिया है। बताया है कि एक वर्ष पूर्व उसके ऊपर मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। आरोप है कि गांव के ही नबी बक्स और भदोखर क्षेत्र के प्रशांत तिवारी समेत तीन लोगों ने उसे धमका कर 25 हजार रुपये की वसूली की है। पीड़ित तीनो आरोपियों को अलग अलग दिए गए रकम की स्क्रीन शॉट सबूत के तौर पर पुलिस को सौंपी है। कोतवाल राघवन सिंह का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 दिसंबर 2025



रुतुराज गायकवाड़ ने 105 रन, कोहली ने लगातार दूसरा शतक जड़ते हुए 102 रन बनाए। कप्तान राहुल का नाबाद 66 रन

# कोहली, गायकवाड़ के शतक से भारत ने बनाए 358 रन

**एजेंसी। रायपुर**

विराट कोहली के लगातार दूसरे शतक और रुतुराज गायकवाड़ के करियर के पहले शतक से भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट पर 358 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कोहली (102 रन, 93 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और गायकवाड़ (105 रन, 83 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) ने शतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 195 रन की सझेदारी भी की जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में इस विकेट की भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है।

कप्तान लोकेश राहुल ने भी अंतिम ओवरों में 43 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 66 रन की उम्दा पारी खेली। भारत को एक बार फिर टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी का मौका मिला। टीम की शुरुआत खराब रही। रोहित शर्मा (14) ने नांद्रे बर्गर के पांचवें ओवर में लगातार तीन चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। यशस्वी जायसवाल (22) ने अच्छी शुरुआत की लेकिन मार्को यानसेन (63 रन पर दो विकेट) की उछाल लेती गेंद को हवा में लहराकर स्क्वायर लेग पर कोर्बिन बॉश के हाथों लपके गए। पावर प्ले के भीतर भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन हो गया लेकिन फॉर्म में चल रहे कोहली और गायकवाड़ ने इसके बाद मोर्चा संभाला। रांची में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए असहज नजर आने वाले गायकवाड़ ने यहां कोहली के साथ शानदार साझेदारी की और दोनों ने मैदान के चारों तरफ शॉट खेले। कोहली ने फरवरी 2018 में डरबन में अजिंक्य रहाणे के साथ 189 रन की साझेदरी की थी लेकिन कुछ मायनों में गायकवाड़ के साथ इस साझेदारी का उन्होंने अधिक लुत्फ उठाया होगा क्योंकि महाराष्ट्र के इस बल्लेबाज ने उनकी ही शैली में बल्लेबाजी की।दोनों बल्लेबाजों ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और कुछ मौकों पर आसानी से एक रन को दो रन में बदला। गायकवाड़ शुरुआत में थोड़े असहज नजर आए लेकिन एक बार आत्मविश्वास हासिल करने के बाद उन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। गायकवाड़ ने मारक्रम की गेंद पर एक रन के साथ अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने भी लुंगी एनगिडी की गेंद पर एक रन के साथ 47 गेंद में अर्धशतक जड़ा। अर्धशतक पूरा करने के बाद गायकवाड़ ने केशव महाराज पर दो चौके जड़े और फिर इस स्पिनर के 28वें ओवर में भी दो चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने 34वें ओवर में कोर्बिन बॉश पर लगातार दो चौकों के साथ 77 गेंद में अपने करियर का पहला शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के तुरंद बाद गायकवाड़ ने यानसेन की गेंद पर टॉनी डिजॉर्जी को कैच थमाया। कोहली ने भी यानसेन की गेंद पर एक रन के साथ रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 53वां शतक पूरा किया लेकिन फिर एनगिडी की गेंद पर एडेन मारक्रम को कैच दे बैठे। अंतिम ओवरों में भारत ने धीमी बल्लेबाजी की लेकिन कप्तान राहुल ने अर्धशतक जड़कर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया।



## आईसीसी वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे विराट कोहली

दुबई। स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में मैच विजयी शतकीय पारी की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 120 गेंद में 135 रन की पारी खेली जो 50 ओवर के प्रारूप में उनका 52वां शतक था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की। सैंतीस साल के कोहली के अब 751 रैंकिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर बरकरार पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (783), न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (766) और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764) से पीछे हैं। कोहली ने भारत के एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़ा जो गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की मौजूदा श्रृंखला से बाहर होने के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गए।भारत के सीमित ओवरों के मुकाबलों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी चोट से उबर रहे श्रेयस अय्यर नौवें स्थान पर बने हुए हैं।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से छठे पायदान पर हैं।टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि गिल एक स्थान के नुकसान ने 12वें पायदान पर हैं।विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी 12वें से 14वें स्थान पर खिसक गए हैं।टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 879 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी (846) पर 33 अंक की बढ़त बना रखी है।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की टेस्ट श्रृंखला में कमजोर प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 11वें से 13वें जबकि कुलदीप 13वें से 15वें स्थान पर खिसक गए। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है।

### टी20 विश्व कप के लिए भारत की जर्सी लांच

**रायपुर।** टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान किया गया। टी20 विश्व कप का 10वां चरण भारत और श्रीलंका के आठ स्थलों पर सात फरवरी से आठ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। भारत को ग्रुप ए में उसके पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। भारत सात फरवरी को मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ करेगा।जर्सी का अनावरण इस टूर्नामेंट के ब्रांड दूत और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तथा भारतीय टी20 टीम के सदस्य तिलक वर्मा ने किया।

### स्कोर कार्ड

**भारत :** यशस्वी का बॉश बो यानसेन 22, रोहित का डिकॉक बो बर्गर14 कोहली का मारक्रम बो एनगिडी 102,गायकवाड़ का डिजॉर्जी बो यानसेन 105,राहुल नाबाद 66,सुंदर रन आउट 01,जडेजा नाबाद 24 अतिरिक्तः 24, कुलः 50 ओवर में पांच विकेट परः 358 रन, विकेट पतनः1-40, 2-62, 3-257, 4-284, 5-289, गेंदबाजीः बर्गर 6.1-0-43-1,एनगिडी 10-1-51-1, यानसेन 10-0-63-2, महाराज 10-0-70-0, बॉश 8-0-79-0, मारक्रम 5.5-0-48-0

## संक्षिप्त समाचार

### ऋचा घोष सिलीगुड़ी में एसीपी की जिम्मेदारी संभाली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य और विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रही ऋचा घोष पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर राज्य पुलिस बल में शामिल हो गई हैं और सिलीगुड़ी में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के रूप में जिम्मेदारी संभाली।अधिकारियों ने बताया कि 22 वर्षीय घोष ने सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्तालय में पद संभाला जहां उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य सदस्यों से मुलाकात की।उनकी नियुक्ति पिछले महीने एक सार्वजनिक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा की गई घोषणा के बाद हुई। घोष ने आठ नवंबर को वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने के लिए कोलकाता स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय का दौरा किया था। पश्चिम बंगाल पुलिस ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा,महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की अहम सदस्य ऋचा घोष आज डीएसपी के पद पर राज्य पुलिस में जुड़ गई हैं। उन्हें सिलीगुड़ी आयुक्तालय में एसीपी नियुक्त किया गया है। पोस्ट में आगे लिखा गया,पश्चिम बंगाल पुलिस परिवार में स्वागत है ऋचा। ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां।

### कौर व जरमनप्रीत एसजी पाइपर्स की करेंगे अगुआई

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) फ्रेंचाइजी एसजी पाइपर्स ने बुधवार को डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह और फारवर्ड नवनीत कौर को अपनी क्रमशः पुरुष और महिला टीम का कप्तान नियुक्त करने की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के डिफेंडर काइ विलोट पुरुष टीम के उप कप्तान होंगे। महिला टीम में नवनीत को कप्तान बरकरार रखा गया है जबकि ऑस्ट्रेलिया की केटलिन नोब्स टीम के साथ अपने पहले सत्र में उप कप्तान की भूमिका निभाएंगी। पिछले सत्र में जरमनप्रीत एसजी पाइपर्स की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। उन्होंने इसके बाद एशिया कप 2025 में भारत की खिताबी जीत के दौरान भी शानदार प्रदर्शन किया। विलोट ने भी रविवार को हॉकी क्लब मेलबर्न को हॉकी वन खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।नवनीत ने पिछले सत्र में कप्तान के रूप में ठोस प्रदर्शन किया था। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया और कई निर्णायक गोल दागे। उन्होंने भारत के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया।एचआईएल 2025 विजेता टीम की सदस्य रहीं नोब्स ने भी रविवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई टीम पर्थ थंडरस्टिक्स को हॉकी वन खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### एआईटीए ने रोहित का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने बुधवार को रोहित राजपाल को भारतीय डेविस कप टीम का कप्तान फिर से नियुक्त करके उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दिया। राजपाल पहले कई डेविस कप मुकाबलों में भारत का नेतृत्व कर चुके हैं। अब वह एक और वर्ष के लिए इस पद पर बने रहेंगे। इसके अलावा आशुतोष सिंह को टीम के कोच के रूप में बरकरार रखा गया है।राजपाल का कार्यकाल बढ़ाए जाने का मतलब है कि भारतीय नेतृत्व में निरंतरता बनी रहेगी। भारत को डेविस कप में आगे बढ़ने के लिए अगले साल के शुरू में एक महत्वपूर्ण घरेलू मुकाबला खेलना है। राजपाल न केवल आगामी क्वालीफायर के लिए बल्कि अपने नए कार्यकाल के दौरान सभी डेविस कप मैचों के लिए भी टीम को तैयार करेंगे। दिल्ली और कर्नाटक पहले ही फरवरी में होने वाले मुकाबले की मेजबानी की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं।एआईटीए ने कहा कि भारतीय टीम के नामांकन सहित अन्य विवरण समय आने पर जारी किए जाएंगे।

### टेनिस में वापसी नहीं करूंगी : सेरेना विलियम्स

**न्यूयॉर्क।** सेरेना विलियम्स ने इन खबरों का खंडन किया है कि वह टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि वह वापस नहीं कर रही हैं।इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के प्रवक्ता ने कहा कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने खेल के ड्रग परीक्षण निकाय के साथ पंजीकरण कराया है। इसके बाद ही उनकी वापसी को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।संन्यास ले चुके किसी भी खिलाड़ी को वापसी करने के लिए सबसे पहले डोप परीक्षण के लिए पंजीकरण करना होता है। टेनिस जगत की महानतम खिलाड़ियों में से एक 44 वर्षीय सेरेना ने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद किसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है।सेरेना ने कहा, हे भगवान, यह खबर जंगल की आग की तरह क्यों फैल गई। मैं वापसी नहीं कर रही हूं।उनके एजेंट ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अमेरिकी टेनिस संघ के प्रवक्ता ब्रेंडन मैकइंटायर ने एसोसिएटेड प्रेस को ईमेल किए गए एक बयान में कहा, "हमें पता है कि सेरेना ने अंतरराष्ट्रीय पंजीकृत परीक्षण पूल में फिर से प्रवेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी के पास आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर दी है। अगर सेरेना पेशेवर स्तर पर वापसी करने का फैसला करती हैं तो हम अपने प्रशंसकों के साथ मिलकर हमारे खेल के इतिहास की सबसे महान चैंपियनों में से एक की वापसी का जोरदार स्वागत करेंगे।

## टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी। रायपुर**



भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अपनी अपनी चोट से उबर गए हैं जिससे बुधवार को उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया।

गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह गर्दन की चोट के कारण गुवाहाटी में खेले गए दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि गिल की भागीदारी हालांकि बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से उनकी फिटनेस पर मिलने वाली मंजूरी पर निर्भर करेगी। एशिया कप 2025 फाइनल और ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच की श्रृंखला में नहीं खेलने वाले पंड्या ने भी मंगलवार को हैदराबाद में पंजाब के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान अपनी फिटनेस साबित करने के बाद भारतीय टीम में वापसी की।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैच की टी20 श्रृंखला नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी। इसके लिए टीम का चयन करने के लिए बुधवार को यहां चयन समिति की बैठक हुई। सूर्यकुमार यादव भारत के नियमित टी20 कप्तान हैं।पांच मैचों की यह श्रृंखला नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी। अन्य मैच चंडीगढ़ (11 दिसंबर), धर्मशाला (14 दिसंबर), लखनऊ (17 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में खेले जाएंगे।

**भारत की टीम इस प्रकार हैः**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर।

## इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से,ऑस्ट्रेलिया की नजर जीत पर होगी

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद उत्साह से भरी ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने 1986 के बाद से गाबा में कोई एशेज टेस्ट नहीं जीता है। वह 2010-11 श्रृंखला के बाद से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपनी पहली जीत हासिल करने की तलाश में भी है।ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा है लेकिन वह इस बात को भूल नहीं सकता कि वह पिछले साल जनवरी में गाबा में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार गया था। गाबा ऐसा मैदान है जहा ऑस्ट्रेलिया की टीम दशकों से लगभग अपराजेय रही है।पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ इस मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और इसलिए उन्होंने अपनी आंखों के नीचे काली पट्टी (स्ट्रिप) लगा ने का फैसला किया है ताकि वह दूधिया रोशनी में अच्छी तरह से बल्लेबाजी कर सकें। उन्होंने इसके लिए बाकायदा वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपाल से सलाह भी ली है।

## मोहित शर्मा ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी जिससे उनके 34 अंतरराष्ट्रीय मैच और आईपीएल में एक दशक से अधिक चले करियर का अंत हो गया। सैंतीस वर्षीय मोहित ने 26 वनडे और आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट के जरिए यह घोषणा की और अपने प्रशंसकों, टीम के साथियों और अधिकारियों का आभार जताया।



मोहित ने लिखा, आज पूरे दिल से मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने से लेकर भारत की जर्सी पहनने और आईपीएल खेलने तक यह सफर शानदार रहा है। हरियाणा क्रिकेट संघ को विशेष धन्यवाद जो मेरे करियर की रीढ़ रहा। और अनिरुद्ध सर का गहरा आभार जिनके निरंतर मार्गदर्शन और विश्वास ने मेरे सफर दो दिशा दी जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। भारत के लिए 2013 में पदार्पण करने वाले मोहित ने 26 वनडे में 35 विकेट और आठ टी20 में छह विकेट झटके। वह 2015 विश्व कप टीम का हिस्सा थे और बाद में एमएस धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डेथ ओवरों में एक भरोसेमंद गेंदबाज बनकर उभरे।उन्होंने आगे लिखा,भारतीय क्रिकेट बोर्ड, मेरे कोचों, टीम के साथियों, आईपीएल फ्रेंचाइजी, सहयोगी स्टाफ और मेरे सभी दोस्तों का धन्यवाद जिन्होंने हमेशा प्यार और समर्थन दिया। विशेष धन्यवाद मेरी पत्नी को जिन्होंने हमेशा मेरे 'मूड स्विंग्स' और गुस्से को संभाला और हर कदम पर साथ दिया।

## हालैंड ने ईपीएल में सबसे तेज 100वां गोल दागा

**एजेंसी। लंदन**



17वें मिनट में पहला गोल करके गोल का शतक करने के बाद जश्न मनाते हालैंड

एर्लिंग हालैंड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम मैच में 100 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया जिससे मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम की अच्छी वापसी के बावजूद 5-4 से जीत दर्ज की। हालैंड ने खेल के 17वें मिनट में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल करके गोल का शतक पूरा किया। यह उनका प्रीमियर लीग में 111वां मैच था और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम मैच में 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज एलन शीयर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 124 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैनचेस्टर सिटी की टीम ने एक समय 5-1 से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद फुलहम ने शानदार वापसी की। वह इंजरी टाइम में बराबरी का गोल करने की करीब पहुंच गया था लेकिन जोश किंग का प्रयास विफल हो गया।हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी के इस प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और स्काई स्पोर्ट्स से कहा, इस तरह का प्रदर्शन अच्छा नहीं है और हम सभी यह जानते हैं और हमें एक टीम के रूप में सुधार करने की जरूरत है। अन्य मैचों में न्यूकैसल और टॉटेनहैम का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा जबकि जैक ग्रीलिश के गोल की मदद से एवर्टन ने बोर्नमाउथ को 1-0 से हराया।

**ओल्मो के गोल से बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया :** बार्सिलोना ने दानी ओल्मो के गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। ओल्मो ने कैंप नोउ स्टेडियम में 65वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया लेकिन इस दौरान वह गिर गए और उनके बाएं कंधे में चोट लग गई। वह गोल का जश्न भी नहीं मना पाए और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। एटलेटिको ने एलेक्स बेना के गोल से शुरुआती बढ़त हासिल की थी। बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने पहले हाफ में बराबरी का गोल दागा। ओल्मो की जगह आए फेरान टोरेस ने इंजरी टाइम में गोल करके बार्सिलोना की जीत पक्की की।बार्सिलोना इस जीत से रियाल मैड्रिड से चार अंक आगे हो गया है। चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको 15 मैचों के बाद बार्सिलोना से छह अंक पीछे हो गया है।

## भारतीय निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की आस

**एजेंसी। दोहा**

इस साल अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष निशानेबाज गुरुवार से यहां शुरू होने वाले एलीट आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर इस सत्र का शानदार समापन करना चाहेंगे। सत्र के आखिर में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 14 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिनमें पेरिस ओलंपिक की दो कांस्य पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर, विश्व चैंपियन सम्राट राणा और विश्व कप में कई पदक जीतने वाली विजेता सुरुचि सिंह शामिल हैं। ये निशानेबाज प्रत्येक स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में विश्व के शीर्ष 12 निशानेबाजों के साथ अपनी चुनौती पेश करेंगे।

> आईएसएसएएफ विश्व कप फाइनल्स आज से
>
> भारत के 14 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे

भारत ने इससे पहले काहिरा (पिस्टल/राइफल) और एथेंस (शॉटगन) में विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके ओलंपिक और गैर ओलंपिक स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण सहित 14 पदक जीते। अब वे विश्व कप फाइनल में इस सफलता को दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता को क्रमशः 5,000, 4,000 और 2,000 यूरो की आकर्षक पुरस्कार राशि मिलेगी। भारत की दो शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीत की प्रबल दावेदार होंगी। उन्होंने विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप में अपनी रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 12 में जगह बनाई है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हाल ही में काहिरा में चैंपियन बने सम्राट राणा और कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर भाग लेंगे। भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में दो पदक जीतकर इतिहास रचा था। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे अर्जुन बाबूता को चीन के शेंग लिहाओ और हंगरी के इस्तेवान पेनी की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।



**भारतीय टीम इस प्रकार है**

**पुरुषः** 10 मीटर एयर पिस्टल - सम्राट राणा, वरुण तोमर। 10 मीटर एयर राइफल - रुद्राक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल - अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन - ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर। ट्रैप - ज़ोरावर संधू।
**महिलाः** 10 मीटर एयर पिस्टल - सुरुचि सिंह, मनु भाकर, ईशा सिंह। 10 मीटर एयर राइफल - एलावेनिल वलारिवन। 25 मीटर पिस्टल - मनु भाकर, सिमरनप्रीत कौर, ईशा सिंह। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन - सिफत कौर समारा।

## गुवाहाटी मास्टर्स में तन्वी शर्मा समेत समेत कईभारतीय जीते

**एजेंसी। गुवाहाटी**




तन्वी शर्मा और थारुन मन्नेपल्ली सहित भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बुधवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें कई घरेलू खिलाड़ी पुरुष और महिला एकल खिलाड़ी जीत के साथ अगले दौर में पहुंच गए। तन्वी के अलावा महिला एकल में तान्या हेमंत, तस्नीम मीर, अश्मिता चालिहा, अनमोल खरब, अनुपमा उपाध्याय, इशारानी बरुआ और श्रेया लेले ने भी अगले दौर में प्रवेश किया।वहीं पुरुष एकल में मेइराबाद लुवांग मैसनाम, संस्कार सारस्वत, मानव चौधरी, सनीथ दयानंद, समरवीर, आर्यमन टंडन, तुषार सुवीर, प्रणय शेट्टीगर, मिथुन मंजूनाथ और गिनपॉल सोना सभी ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आठवीं वरीय तन्वी ने खराब शुरुआत के बाद वापसी करते हुए इंडोनेशिया की डालिला अघनिया पुटेरी को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 6-21, 21-11, 21-19 से हराया।भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में तान्या ने अदिति भट्ट को 21-16, 21-12 से हराया शिकस्त दी जबकि पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक तस्नीम मीर ने अलीशा नाईक के खिलाफ 21-13, 23-21 से जीत हासिल की। स्थानीय खिलाड़ी अश्मिता को अगले दौर में अपनी जगह पक्की करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने देविका सिहाग को 21-17, 21-23, 21-18 से हराया। अनमोल खरब ने सूर्या करिश्मा तामिरी पर 21-18, 21-19 से शानदार जीत दर्ज की जबकि चौथी वरीय अनुपमा उपाध्याय ने मेघना रेड्डी मारेड्डी के खिलाफ 21-15, 21-10 से जीत दर्ज की।इशारानी ने ताइवान की यी एन सीह को 21-15, 21-8 से और श्रेया लेले ने दूसरी वरीय थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-19, 21-18 से हराया।

# अनसूया माता का आशीर्वाद : जहां बंजर धरती भी देती है संतान

चमोली जिले की मंडल घाटी में, समुद्र तल से लगभग 2200 मीटर ऊंचाई पर बसा अनसूया माता का प्राचीन मंदिर सिर्फ एक तीर्थ नहीं, बल्कि संतानहीन दंपत्तियों की आखिरी उम्मीद है। लोक मान्यता है कि यहां माता अनसूया के दर्शन मात्र से और खासकर दिसंबर में लगने वाले वार्षिक मेले में रात्रि जागरण करने से गोद सूनी नहीं रहती। सदियों से यह विश्वास इतना गहरा है कि दूर-दूर के गांवों से लोग पैदल, डंडी-कंडी में बीमारों को लादकर, यहां तक पहुंचते हैं।



*अनसूया माता का मंदिर सिर्फ पत्थर और लकड़ी का ढाँचा नहीं है। यह उन लाखों माँओं की आस्था है जो अपनी गोद भरने की आखिरी आस लिए यहाँ आती हैं। यहाँ कोई बड़ा पंडाल नहीं है और न ही कोई वीआईपी दर्शन नहीं, कोई लंबी लाइन नहीं। बस एक छोटा-सा मंदिर, एक बरगद का पेड़ और माता की वह मूर्ति जो सदियों से चुपचाप सबकी पुकार सुन रही है।यदि कभी आपका मन निराश हो, जीवन में कोई मनोकामना अधर में लटक रही हो- तो एक बार मंडल घाटी की उस ऊँचाई पर चले आइए। 2 या 3 दिसंबर की रात को यहाँ बिताइए। शायद माता अनसूया आपकी भी गोद हरी कर दें। कहते हैं न जो आता है अनसूया के द्वार, खाली हाथ नहीं लौटता ।*

कथा शुरू होती है एक ऐसी ही रात से साल था 1998। मंडल घाटी में बर्फ अभी पूरी तरह गली नहीं थी। ठंडी हवाएँ देवदार के जंगलों से गुजरकर शिवालय की घंटियों को झंकार रही थीं। मंदिर के बाहर मेले की तैयारियाँ जोरों पर थीं। लकड़ी की छोटी-छोटी दुकानें सज रही थीं, कहीं जागर गूँज रहे थे, कहीं पंडित जी हवन की लकड़ियाँ चुन रहे थे। उसी भीड़ में एक जोड़ा चुपचाप कोने में बैठा था। पुरुष का नाम था प्रताप सिंह नेगी, उम्र करीब 35 साल। उसकी पत्नी कमला। शादी को बारह साल हो चुके थे। गाँव में लोग ताना मारते नहीं थकते थे। कमला की सास अब खुल्लम-खुल्ला कहने लगी थी कि 'ये बाँझ है, दूसरी ले आओ।' प्रताप हर बार चुप रह जाता। उसे कमला से प्यार था, लेकिन समाज का दबाव भी कम नहीं था। एक रिश्तेदार ने सलाह दी, 'एक बार अनसूया माता के मेले चले जाओ। जो माँगोगे, वो मिलेगा।' दो दिसंबर की शाम दोनों पैदल चल पड़े। रास्ते में कई लोग मिले जो पहले भी यहां आ चुके थे। एक बूढ़ी अम्मा ने कमला का हाथ पकड़कर कहा, 'बेटी, माता से सच्चे मन से माँगना। मेरी पोती भी यहाँ की कृपा से पैदा हुई है।' रात को मंदिर पहुँचे तो वहाँ का नजारा देखकर दोनों स्तब्ध रह गए। हजारों दीपक जल रहे थे। माता अनसूया की मूर्ति फूलों से लदी थी। उनके साथ भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों की छोटी-छोटी मूर्तियाँ भी हैं। मान्यता है कि माता अनसूया यहाँ रात में भक्तों के बीच आती हैं और जो सच्चे मन से माँगता है, उसकी गोद नहीं रहती खाली। प्रताप और कमला ने भी रात भर जागरण किया। कमला बार-बार मूर्ति के सामने गिरकर रोती, 'माँ! मुझे एक बच्चा दे दो। बस एक' मैं उसका नाम अनसूया रखूँगी। 'सुबह हुई। मेला खत्म हुआ। दोनों निराश लौट आए। महीनों बीते। कोई चमत्कार नहीं हुआ। कमला और उदास हो गई। एक दिन गाँव की दाई ने आकर कहा, 'कमला, तू तो माँ बनने वाली है!' नौ महीने बाद एक सुंदर-सी बेटी ने जन्म लिया। प्रताप ने उसका नाम रखा अनसूया। मंदिर की असली विशेषता अनसूया माता कोई साधारण देवी नहीं हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार ये महर्षि अत्रि की पत्नी थीं। जब त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) अपनी-अपनी पत्नियों के साथ अत्रि ऋषि के आश्रम आए और अनसूया से कहा कि वे उन्हें नग्न होकर भोजन परोसें, तो अनसूया ने अपनी पतिव्रता शक्ति से तीनों देवों को छः-छः महीने के बच्चे बना दिया। तीनों बच्चे रोने लगे। तब सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती ने अनसूया से क्षमा माँगी। अनसूया ने बच्चों को फिर से देवता बना दिया, लेकिन तीनों देवताओं ने वरदान दिया कि वे अनसूया के पुत्र बनकर जन्म लेंगे। इस तरह दत्तात्रेय का जन्म हुआ ' जो ब्रह्मा, विष्णु, शिव तीनों के अंश से उत्पन्न हुए। इसलिए अनसूया को 'त्रिदेव की माता' कहा जाता है। और यही कारण है कि संतान प्राप्ति के लिए यहाँ की मान्यता सबसे प्रबल है।आज भी जारी है चमत्कारों का सिलसिलाआज भी हर साल 2-3 दिसंबर



को मंडल-अनसूया में मेला लगता है। लोग सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर आते हैं। कई दंपति जो आई वी एफ तक कराकर थक चुके होते हैं, यहाँ आखिरी उम्मीद लेकर आते हैं। मंदिर के पुजारी पंडित हयात सिंह बताते हैं, 'मैंने पिछले 30 साल में सैकड़ों जोड़ों को देखा है जो निराश लौटे, लेकिन नौ-दस महीने बाद बच्चे को गोद में लेकर वापस आए। हम रजिस्टर में नाम लिखते हैं पिछले साल 127 जोड़ों ने संतान प्राप्ति की मनौती मानी थी, इस साल 112 लौटकर आए हैं।' मंदिर के पास एक प्राचीन बरगद का पेड़ है। मान्यता है कि इस पेड़ के नीचे बैठकर यदि कोई स्त्री सच्चे मन से माँगती है, तो उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। पेड़ पर सैकड़ों लाल-पीले धागे बंधे रहते है। हर धागा एक पूरी हुई मनौती की गवाही देता है। मेले में लोग नाचते हैं, जागर गाते हैं, रात भर दीपक जलाते हैं। सुबह माता का श्रृंगार किया जाता है। जो संतान प्राप्ति की मनौती मानकर आते हैं, वे माता को लकड़ी का पालना, छोटे-छोटे कपड़े और चांदी की छोटी मूर्ति चढ़ाते हैं। मेरा खुद का अनुभवसाल 2019 में मैं खुद इस मेले में गया था। रात के दो बजे मंदिर के अंदर का नजारा देखकर रोंगटे खड़े हो गए। हजारों लोग एक साथ 'जय अनसूया माई' के नारे लगा रहे थे। एक नवविवाहित जोड़ा मेरे बगल में बैठा था। लड़की फूट-फूटकर रो रही थी। उसने मुझे बताया कि शादी को सात साल हो गए, कुछ नहीं हो रहा। मैंने बस इतना कहा, 'सच्चे मन से माँगो।' अगले साल कोविड के कारण मेला नहीं लगा। लेकिन 2021 में जब मेला फिर शुरू हुआ तो वही लड़की अपने छः महीने के बेटे को गोद में लेकर आई थी। उसने दूर से मुझे देखा और आँखों में आँसू भरकर सिर्फ.हाथ जोड़ दिए। बोल कुछ नहीं पाई। आज भीड़ और प्रकृति का संगममंडल से अनसूया तक का 12 किमी का रास्ता अपने आप में अद्भुत है। देवदार, बाँज, मोरू के घने जंगल। बीच-बीच में छोटे-छोटे झरने। रास्ते में माता के भक्त गीत गाते चलते हैं। कई लोग नंगे पाँव आते हैं। बच्चे, बूढ़े, जवान सब एक ही लय में चलते हैं।मेले में स्थानीय लोग ऊनी शाल, जड़ी-बूटियाँ, शहद, लाल चावल बेचते हैं। रात को आग जलाकर लोग गीत गाते हैं। दूर कहीं से ढोल-दमाऊ की आवाज आती है तो लगता है जैसे पूरी घाटी जाग रही हो।



## पूजा-पाठ में दीपक क्यों जलाना जरूरी

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करने की परंपरा है। ऐसी मान्यता है कि अग्निदेव को साक्षी मानकर उसकी उपस्थिति में किए कार्य अवश्य ही सफल होते हैं। हमारे शरीर की रचना में सहायक पांच तत्वों में से एक अग्नि भी है। दूसरे अग्नि पृथ्वी पर सूर्य का परिवर्तित रूप है, इसीलिए किसी भी देवी-देवता के पूजन के समय ऊर्जा को केंद्रीभूत करने के लिए दीपक प्रज्वलित किया जाता है। दीपक के इस असाधारण महत्व के पीछे अन्य मान्यता यह है कि प्रकाश ज्ञान का प्रतीक है। परमात्मा प्रकाश और ज्ञान-रूप में ही सब जगह व्याप्त है। ज्ञान प्राप्त करने से अज्ञान रूपी मनोविकार दूर होते हैं और सांसारिक शूल मिटते हैं, इसलिए प्रकाश की पूजा को ही परमात्मा की पूजा कहा गया है। मंदिर में आरती करते समय दीपक जलाने के पीछे उद्देश्य यही होता है कि प्रभु हमारे मन से अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश फैलाएं। गहरे अंधकार से मुझे परम प्रकाश की ओर ले चलें। मृत्यु से अमरता की ओर हमें ले चलें। प्रकाश के लिए की गई प्रार्थना का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है-अर्थात हे प्रकाश रूप परमात्मन! तुम अकवियों में कवि होकर, मृत्यों में अमृत बनकर निवास करते हो। हे प्रकाश स्वरूप! तुमसे हमारा यह जीवन दुख न पाए। हम सदैव सुखी बने रहें। -दीपक से हमें जीवन के ऊर्ध्वगामी होने, ऊंचा उठने और अंधकार को मिटाने की भी प्रेरणा मिलती है। इसके अलावा दीप ज्योति से पाप नष्ट होते हैं। शत्रु का शमन होता है और आयु, आरोग्य, पुण्यमय, सुखमय जीवन की वृद्धि होती है। सम संख्या में दीपक जलाने से ऊर्जा संवहन निष्क्रिय हो जाता है, जबकि विषम संख्या में जलाने पर वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है। यही वजह है कि बड़े धार्मिक कार्यों में हमेशा विषम संख्या में दीपक जलाए जाते हैं। दीपक की लौ के संबंध में मान्यता है कि उत्तर दिशा की ओर लौ रखने से स्वास्थ्य, प्रसन्नता बढ़ती है। पूर्व दिशा की ओर लौ रखने से आयु की वृद्धि होती है। पश्चिम की ओर लौ रखने से दुख में वृद्धि होती है। दक्षिण की ओर लौ रखने से हानि होती है। अखंड रामायण पाठ में 24 घंटे, नवरात्र में पूरे नौ दिन और कई मंदिरों में भगवान के सम्मुख अखंड दीपक जलाए जाते हैं। इसका उद्देश्य धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाना और अपने आराध्य देव की कृपा प्राप्त करना होता है।

# रविवार को करें सूर्यदेव का व्रत एवं पूजन, पायें शुभ फल

**जो लोग अच्छे स्वासथ्य और घर में सुख समृद्धि की कामना करते हैं उन्हें पूरी श्रद्धा के साथ रविवार का व्रत एवं पूजन करना चाहिए। इस दिन सूर्य देव की पूजा का विधान है। इसलिए नहाने के बाद सूर्यनारायण को तीन बार अर्घ्य देकर प्रणाम करें। सूर्य के मंत्रों का श्रद्धापूर्वक जाप करें, और आदित्य हृदय का पाठ करें। पूजा के बाद भगवान सूर्यदेव का स्मरण करते हुए व्रत का संकल्प लें। इस व्रत में बिना तेल और नमक के भोजन करना चाहिये। मान्यता है कि एक वर्ष तक नियमित रूप से उपवास रखने के पश्चात व्रत का उद्यापन करने वाला जीवन में सभी सुखों को भोगता है और मृत्यु बाद मोक्ष को पाता है। इस दिन संध्या के समय भी सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम करना उत्तम होता है। रविवार के व्रत की कथा इस प्रकार है। रविवार को सूर्योदय से पहले शुद्ध होकर स्नान आदि करने के बाद इस कथा का श्रवण करना चाहिए।**



**इस प्रकार है रविवार व्रत कथाः** रविवार की कथा में बताया गया है कि एक बुढ़िया हर रविवार प्रातःकाल उठकर नहा धोकर अपने घर आंगन को गाय के गोबर से लीपती फिर सूर्य देव की पूजा करती और उन्हें भोग लगाकर ही भोजन करती थी। बुढ़िया के पास गाय नहीं इसलिये पड़ोसियों के यहां से गाय का गोबर लाती। उसकी इस आस्थ्शा से उस पर सूर्यदेव के अनुग्रह से उसका घर धन धान्य से संपन्न रहने लगा। बुढ़िया के दिन फिरते देख उसकी पड़ोसन जलने लगी। उसने अपनी गाय को सामने से हटा दिया जिससे बुढ़िया को गोबर नहीं मिला और घर की लिपाई नहीं हुई और बुढ़िया ने कुछ नहीं खाया और निराहार रही। सपने में सूर्य देव ने उससे पूछा कि आज आपने मुझे भोग क्यों नहीं लगाया।

बुढ़िया ने कहा कि उसके पास गाय नहीं है और वह पड़ोसन की गाय का गोबर लाकर लिपाई करती थी। पड़ोसन ने अपनी गाय अंदर बांध ली जिस कारण वह घर की लिपाई नहीं कर सकी और इसीलिए ना भोजन बना पाई ना भोग लगा सकी। इस पर सूर्य देव ने कहा वे उनकी श्रद्धा व भक्ति से बहुत प्रसन्न है और उसे एक इच्छा पूर्ण करने वाली गाय दी। बुढ़िया बड़ी श्रद्धा के साथ गाय की सेवा करने लगी। पड़ोसन की ईर्ष्या तब और बढ़ गई जब उसने देखा कि गाय सोने का गोबर कर रही है। बुढ़िया के वहां ना होने का फायदा उठा कर वो सोने का गोबर उठा लाई और सामान्य गोबर उसके स्थान पर रख दिया। अब वो रोज ही ऐसा करती और सोने की मदद से अमीर होती गई। तब सूर्य देव ने सोचा कि उन्हें ही कुछ करना पड़ेगा।

## क्या है खाटू श्याम बाबा ध्वज लगाने का रहस्य

खाटू श्याम बाबा की भक्ति आज देशभर में फैल चुकी है। राजस्थान के सीकर स्थित खाटूधाम से जुड़ी मान्यताओं की गूंज हर भक्त के मन में सुनाई देती है। खासतौर पर घर की छत पर लगाया जाने वाला श्याम ध्वज भक्तों के लिए केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि कई रहस्यमयी मान्यताओं से जुड़ा हुआ माना जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में निशान चढ़ाने के बाद कई भक्त उस ध्वज को अपने साथ वापस ले आते हैं और उसे बहुत ही पवित्र स्थान मानकर घर की छत पर फहराते हैं। इसके पीछे कई गहरी और रहस्यमयी धार्मिक मान्यताएं हैं:

- **शक्ति का केंद्रः** माना जाता है कि बाबा श्याम का निशान स्वयं बाबा की शक्ति से युक्त होता है। जिस घर की छत पर यह निशान फहराता है, वहां बाबा श्याम की सत्ता और संरक्षण स्थापित हो जाता है।
- **रक्षा कवचः** यह ध्वज एक रक्षा कवच का काम करता है. बुरी शक्तियाँ, भूत-प्रेत या कोई भी नकारात्मक ऊर्जा उस घर में प्रवेश नहीं कर पाती। जो भी व्यक्ति बुरी नजर से घर को देखता है, उसकी नजर ध्वज पर पड़ते ही दूर हो जाती है।
- **आशीर्वाद की उपस्थितिः** भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि छत पर लहराता निशान इस बात का प्रतीक है कि ईश्वरीय शक्तियाँ स्वयं उस घर की देखभाल कर रही हैं। घर पर हमेशा बाबा श्याम की कृपा और आशीर्वाद बना रहता है।
- **सकारात्मकता का आगमनः** ध्वज घर के सदस्यों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा (पॉजिटिव एनर्जी) का संचार करता है, जिससे विचारों में शुद्धता आती है और आत्मिक बल बढ़ता है।
- **संकटों का निवारणः** माना जाता है कि छत पर ध्वज लगाने से घर में रहने वाले सदस्यों के रोग, शोक, दोष और क्लेश का नाश होता है। घर की सुख और समृद्धि बढ़ती है।
- **संकल्पों की पूर्तिः** जो भक्त पूरे भाव और विधि-विधान से निशान को घर पर स्थापित करते हैं, उनके संकल्पों और मनोकामनाओं की पूर्ति में तेजी आती है।

# तुलसी की माला चढ़ाने से खुश होते हैं हनुमान

ऐसा माना जाता है कि हनुमान जी को भोग के रूप में तुलसी दल अर्पित करने व तुलसी की माला चढ़ाने से साधक को हनुमान जी की विशेष कृपा की प्राप्ति होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हनुमान जी को आखिर तुलसी क्यों चढ़ती है। इसके पीछे एक बहुत ही खास वजह मिलती है, जिसके बारे में आप इस पौराणिक कथा से जान सकते हैं। चलिए जानते हैं वह कथा।

रामायण में वर्णित कथा के अनुसार, वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटने के बाद एक बार माता सीता, हनुमान जी को भोजन करवा रही थीं। सीता जी ने उनके लिए तरह-तरह के पकवान बनाएं। हनुमान जी ने जैसे ही खाना खाना शुरू किया, तो वह खाते ही चले गए। कई पकवान खाने के बाद भी उनका पेट नहीं भरा। धीरे-धीरे सारा भोजन खत्म होने लगा, लेकिन हनुमान जी और भोजन की मांग करने लगे। यह देखकर माना सीता चिंता में पड़ गईं और उन्होंने जाकर सारी बात प्रभु श्रीराम को बताई।

**राम जी ने दिया ये सुझावः** तब रामजी ने माता सीता को यह सुझाव दिया कि वह हनुमान जी के खाने में एक तुलसी का पत्ता मिला दें। राम जी के कहने पर माता सीता ने ऐसा ही किया और हनुमान जी के भोजन में तुलसी का पत्ता डाल दिया। इससे हनुमान जी की भूख शांत हो गई। तभी से यह मान्यता चली आ रही है कि हनुमान जी को तुलसी अर्पित करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं।

**इसलिए भी चढ़ती है तुलसीः** हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु को तुलसी दल अति प्रिय है, ऐसे में उनकी सभी अवतारों को भी तुलसी का भोग विशेष रूप से लगाया जाता है। हनुमान जी भगवान विष्णु के 7वें अवतार यानी प्रभु श्रीराम के परम भक्त हैं, जिन्हें तुलसी दल विशेष रूप से अर्पित किया जाता है। इसलिए तुलसी अर्पित करने से हनुमान जी भी प्रसन्न होते हैं।

**इस तरह चढ़ाएं तुलसीः** हनुमान जी को तुलसी चढ़ाने के लिए एक विशेष विधि का वर्णन किया गया है, जिससे आप पवनपुत्र हनुमान जी के कृपा के पात्र बन सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले 108 तुलसी के पत्ते लें और इनपर चंदन से राम नाम लिखकर माला तैयार करें। अब इस माला को हनुमान जी की पूजा में अर्पित करें। इससे साधक को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही आप हनुमान जी को 1, 11, 21 या 51 तुलसी के पत्तों पर चंदन से राम जी का नाम जरूर अर्पित कर सकते हैं। इससे भी आपको हनुमान जी की विशेष कृपा की प्राप्ति होती है।



सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।